# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित


एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 175

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
|---|---|---|
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीज़ुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे

स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची

### उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

### शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतर्गत मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**


**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

www.lagatar.in रांची, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 • आश्विन शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2081 • पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 • वर्ष : 2, अंक : 175 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार





**शारदीय नवरात्र**

**प्रथमं शैलपुत्री**

*वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।*
*वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्॥*

*जगज्जननी भगवती दुर्गा अपने भक्तों के कल्याण के लिए नव दिव्य रूप धारण करती हैं. उनमें पहले विग्रह को शैलपुत्री की संज्ञा दी गयी है. नवरात्र के पहले दिन भगवती शैलपुत्री के दर्शन एवं आराधना का विधान शास्त्रों ने किया है. इस वर्ष नवरात्र 3 अक्टूबर को प्रारंभ होगा. उसी दिन कलश स्थापना के साथ जगदंबा की उपासना प्रारंभ हो जाएगी. माता शैलपुत्री पूर्व जन्म में सती थीं, लेकिन शिव का अपमान नहीं सह पाने के कारण इन्होंने अपने पिता के यज्ञ में अपनी आहुति दे दी. इसके बाद पर्वतराज हिमालय की कन्या के रूप में अवतार लिया. पर्वतराज के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा. इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं. इस देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है. सती, पार्वती, वृषारूढ़ा, हेमवती, काली, दुर्गा और भवानी भी इन्हीं परमेश्वरी देवी के अन्य नाम हैं। इन्हीं नामों से इनकी पूजा-अर्चना की जाती है.*

*-डॉ. विनय कुमार पांडेय*

## पीएम मोदी ने हजारीबाग की धरती से 83,700 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण, कहा

# आदिवासियों के विकास के लिए समर्पित है केंद्र

**रवि भारती। रांची/हजारीबाग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती पर बुधवार को झारखंड के हजारीबाग की धरती से जनजातीय समुदाय के विकास से जुड़ी 83,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया. यहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत जोहार से की. उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्हें झारखंड की विकास योजनाओं में सहभागी होने का मौका मिला है. ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं. ये परियोजनाएं भारत सरकार की ओर से आदिवासी समाज को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण हैं. आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है. आदिवासी विकास के लिए उनके विचार हमारी पूंजी हैं. बापू का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का विकास हो.

पीएम मोदी ने कहा कि सही प्रयास से ही सही परिणाम मिलता है. केंद्र सरकार आदिवासियों के लिए समर्पित है. आदिवासी युवा आगे बढ़ेंगे, तो उनके समार्थ्य का लाभ देश को मिलेगा. इस दौरान पीएम ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की. इसके तहत 83,700 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया. पीएम ने कहा कि ये विकास योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हुई हैं. भारत सरकार द्वारा देश के आदिवासी समाज को मिल रही प्राथमिकताओं का यह प्रमाण है. सभी झारखंडवासियों के साथ देशवासियों को विकास कार्य के लिए बधाई भी देता हूं. इसी कड़ी में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत की गई है. इस मौके पर मौजूद केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने प्रधानमंत्री को झारखंड की आदिवासी सरना संस्कृति का प्रतीक शॉल और सोहराई पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया. इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे.

**80 हजार करोड़ से अधिक किए जाएंगे खर्च :** पीएम ने कहा कि इस योजना में 80 हजा करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे. 550 जिलों में 65 हजार आदिवासी गांवों के विकास का अभियान चलाया जाएगा. सामाजिक-आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने का काम होगा. पांच करोड़ से अधिक आदिवासियों को इस योजना का लाभ मिलेगा. इससे झारखंड के आदिवासी समाज को भी फायदा होगा. इसके अलावा 100 आदिवासी मार्केट सेंटर, आश्रम एवं स्कूल, चलित स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जानी है. इस अभियान के तहत जनजातीय समूहों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी को प्रोत्साहित करना और जनजातीय संस्कृति, विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है. -शेष पेज 11 पर

**बोले पीएम**

- सही प्रयास से ही मिलता है सही परिणाम
- आदिवासी युवा आगे बढ़ेंगे तो मिलेगा देश को लाभ
- पीएम ने की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत




हजारीबाग में योजनाओं का लोकार्पण करते पीएम मोदी.

### शिलान्यास- उद्घाटन की फैक्ट फाइल

**79,156**
*करोड़ रुपए की लागत वाली धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को किया लॉन्च*

**1,380**
*किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनबाड़ी, 250 बहुउद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का दिया तोहफा*

**3,000**
*गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण*

**275**
*मोबाइल मेडिकल इकाइयों और 500 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण*

**30**
*राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों के 2,740 ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब 63,000 आदिवासी बहुल गांवों को कवर करेगा. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी*

#### पीएम ने दिखाए झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के खिलाफ आक्रामक तेवर, कहा

## विदाई बेला में हेमंत सरकार ने बढ़ा दी है भ्रष्टाचार की स्पीड और स्किल

**प्रमुख संवाददाता। रांची/हजारीबाग**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रही है. वहीं झारखंड सरकार विकास को पटरी से उतार रही है. झारखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधा झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी का गंठजोड़ है. झारखंड तभी आगे बढ़ेगा जब ये सरकार हटेगी. जब यहां परिवर्तन होगा. पूरे झारखंड में परिवर्तन यात्रा के रूप में जनआंदोलन चल रहा है. ये झारखंड के विकास की संकल्प यात्रा भी है. इस यात्रा को हर वर्ग का आपार समर्थन मिला है. आज से झारखंड में परिवर्तन की शुरुआत हो गई है. यह परिवर्तन विकास भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए, जल जंगल जमीन को बचाने, बहन-बेटियों की सुरक्षा और आदिवासी समाज के अधिकारों की सुरक्षा के लिए है. वे बुधवार को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में बोल रहे थे.

**आरजेडी ने झारखंड को बना रखा था लूट का ठिकाना :** पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने शांति और सहमति के साथ झारखंड बनाया था. आरजेडी ने झारखंड को लूट के ठिकाने के साथ अपराधी और माफिया का सेफ हाउस बना रखा था. दिल्ली से कांग्रेस शह दे रही थी. आरजेडी कहता था कि झारखंड नहीं बनने देंगे. अब झामुमो भी कांग्रेस और आरजेडी के रंग में रंग गई है. अब यह पुरानी झामुमो नहीं है. आज झामुमो पर कांग्रेस के इको सिस्टम ने कब्जा कर लिया है. झामुमो पर कांग्रेस का भूत सवार है. आशा बदली, चरित्र बदला, अब ये झारखंड की आत्मा को ही बदलने चले हैं.

**झारखंड में जमीन दलालों की बोल रही है तूती :** पीएम ने कहा कि जल जंगल जमीन के नाम आदिवासी से वोट लेने वाले लोग ऐसी खुली लूट करेंगे. प्रदेश की सरकार में जमीन दलालों की तूती बोल रही है. गरीब आदिवासी की जमीन लूटी. सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा. कोयला की खुली लूट चल रही है. ठेके-पट्टे के नाम पर बालू की खुली लूट हो रही है. जो खनिज विकास की पूंजी है, उसे भी प्रदेश की सरकार लूट रही है. -शेष पेज 11 पर

**बोले पीएम**

- झारखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधा है झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी का गठजोड़
- **अब यह पुरानी झामुमो नहीं, रंग गई है कांग्रेस और आरजेडी के रंग में**
- झारखंड सरकार के संरक्षण में चल रहा पेपर लीक कराने वालों का गिरोह
- **झामुमो पर है कांग्रेस का भूत सवार**

## झामुमो ने पीएम मोदी और भाजपा से पूछे तीखे सवाल

*कहा : मोदी जी को आदिवासी-मूलवासियों का भय सताने लगा है, पूंजीपति दानवों का जनता करेगी संहार*

*जब घुसपैठ हो रहा था, तो केंद्र सरकार क्या बैठ कर घंटी बजा रही थी, असम है जब इंट्री प्वाइंट तो हिमंता यहां झाल बजा रहे हैं*

**विशेष संवाददाता। रांची**

झामुमो ने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा हजारीबाग में दिए गए भाषण का कड़ा प्रतिकार किया है. कहा कि पीएम के चेहरे से आदिवासी-मूलवासियों का भय साफ दिख रहा था, उन्हें डर सताने लगा है. जिस प्रकार से लेह, लद्दाख और कारगिल के 150 आदिवासी सड़क पर उतर कर छठी अनुसूची में शामिल करने को लेकर आंदोलन कर रहे और उन्हें छह हजार पुलिस उतार कर गिरफ्तार कर लिया गया. यहां तक कि सोनम वांगचुक को भी आरेस्ट कर लिया गया. उसी प्रकार झारखंड में भी अब उन्हें आदिवासी-मूलवासी से डर सताने लगा, इन्हें आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन से डर लगता है. क्योंकि एनडीए के सरकार के दौरान तत्कालीन सीएम, वर्तमान अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व पार्टनर सुदेश महतो ओबीसी कोटा 27 से घटा कर 14% कर दिया. जबकि हमारी सरकार ने इसे फिर से 27 प्रतिशत करने का बिल पास कर दिया. पीएम व भाजपा सरना धर्म कोड का चुप्पी साधे है. लोकसभा चुनाव में झारखंड से एकत्रित की गई मिट्टी राजनाथ सिंह को सौंपी गई थी, हाल सभी को पता है. पांचों की पांचों आदिवासी सीट में साफ. आज फिर मोदी को दो मिट्टी का घड़ा सौंपा गया, सोचिए उसे भरने के लिए कितने गड्ढे किए गए होंगे. पितृ पक्ष खत्म हुआ. दुर्गा पूजा के बाद काली पूजा आ रही है, जिसमें पूंजीपति रूपी दानवों का यहां की आदिवासी-मूलवासी जनता संहार कर देगी. ये बातें झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहीं.



### झामुमो का पीएम मोदी और भाजपा से सवाल

**15 दिन** पहले जब जमशेदपुर आए थे, तो कोल्हान स्वतंत्रता संग्राम के पोटो हो की याद आई, मगर हजारीबाग की जिस धरती से पीएम बोले, वहां के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की न तो उन्हें और न भाजपा को याद आई?

**1855 में संथाल क्रांति की अगुआ महिला रूपु माजी हजारीबाग की थीं, 1857 सिवरी विद्रोह के नायक जय मंगल पांडेय हजारीबाग से थे. पहली महिला स्वतंत्रता आंदोलन की नायिका सरस्वती देवी हजारीबाग से थीं. स्वतंत्रता सेनानी राम नारायण सिंह भी हजारीबाग से थे. मगर इनकी याद इन्हें क्यों नहीं आई?**

**पीएम जैसी** हस्ती यहां आकर बीडीओ-सीओ के तबादले और पेपर लीक की बात करते हैं. मगर उन्हें बताना चाहिए कि योगी के राज में 17 बार पेपर लीक क्यों हुए. नीट का पेपर लीक गुजरात से क्यों लीक हुआ?

**पीएम को हेमंत सोरेन से पांच लाख नौकरी पर सवाल करने से पहले यह बताना चाहिए कि क्या हुआ हर साल दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा?**

**प्रथम जेपीएससी** घोटाले की जांच आपके ही जांच एजेंसी सीबीआई कर रही है. प्रधानमंत्री जो बताना चाहिए कि उस समय यहां किसकी सरकार थी, कौन मुख्यमंत्री थे, क्यों अध्यक्ष और सदस्य जेल गए? कितने भाजपा के लोंगो को प्रथम जेपीएससी से फायदा हुआ? - शेष पेज 11 पर

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.8 | 25.9 |
| जमशेदपुर | 33.1 | 26.3 |
| डालटनगंज | 34.0 | 25.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,400 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### प्रशांत किशोर ने किया जन सुराज पार्टी का ऐलान, भारती बने अध्यक्ष

**पटना।** प्रशांत किशोर ने राजनीति में कदम रख ही दिया, लेकिन खुद को वह रणनीतिकार की ही भूमिका में रखेंगे. उन्होंने अपनी जन सुराज पार्टी की स्थापना के साथ दलित चेहरे को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है. प्रशांत ने अपनी टीम में जुड़े पढ़े-लिखे लोगों में से एक मनोज भारती को पार्टी की कमान सौंपी है. मधुबनी के मनोज भारती प्रतिष्ठित स्कूल नेतरहाट से निकलने के बाद आईआईटी से इंजीनियर बने और फिर भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रहे हैं.

#### बरेली में तेज धमाकों के साथ पांच मकान गिरे, तीन लोगों की मौत

**बरेली।** यूपी के बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में आतिशबाजी बनाते वक्त तेज धमाका हुआ, जिससे आसपास के पांच घर जमींदोज हो गए. घटना में तीन लोगों की मौत हो गई. यह संख्या बढ़ सकती है. पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए. बचाव कार्य कराया जा रहा है. गांव के रहमान के घर में अवैध रूप से पटाखा फैक्टरी चल रही थी. पटाखा बनाते समय घर में तेज धमाका हुआ और पांच मकान धराशाई हो गए.

#### पुणे में प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवाड के बावधन बुद्रुक गांव के पास बुधवार को एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया. ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर क्रैश होकर गिरने की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंच गई. हेलीकॉप्टर में सवार तीनों व्यक्तियों की मौत हो गई. हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ रिसोर्ट से मुंबई की ओर जा रहा था.

## ईरान ने बनाई इजरायली नेताओं की हिट लिस्ट, नेतन्याहू का नाम सबसे ऊपर

**एजेंसी। तेहरान**

ईरान ने इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और सेना प्रमुख हर्जी हलेवी समेत 11 लोगों की मोस्ट वांटेड लिस्ट जारी की है. यह लिस्ट हिब्रू और अंग्रेजी में जारी की गई है, जिसमें तस्वीरों के साथ 11 लोगों के नाम हैं. इस लिस्ट को इजरायली आतंकियों के खात्मे की लिस्ट के रूप में जारी किया गया है. ये कदम ईरान और इजरायल के बीच तनाव को और बढ़ा सकते हैं. ईरान ने इजरायल पर 180 मिसाइलें दागी हैं, जिनमें से कई ईरान में ही गिरीं. कुछ ने इजरायली शहरों को हिट किया. इस हमले के बाद, इजरायल ने उत्तर और दक्षिण हिस्सों में हाई अलर्ट है.

**इजरायल ने यूएन महासचिव पर लगाया बैन :** इस बीच, इजरायल और ईरान के बीच सीधी जंग छिड़ गई है. दोनों तरफ से एयरस्ट्राइक जारी है. इजरायली सेना ने लेबनान में घुस कर हिज्बुल्लाह पर हमले शुरू कर दिए हैं. वहीं अमेरिका ने भी ईरान को चेतावनी दी है. इधर, इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को अपने देश में अवांछित व्यक्ति (ऐसा व्यक्ति जिसे अब सम्मान या स्वागत नहीं मिलेगा) घोषित करने और देश में उनके प्रवेश पर बैन लगा दिया है. इजरायली विदेश मंत्री कैट्ज़ ने कहा, जो कोई भी स्पष्ट रूप से ईरान द्वारा इजरायल पर किए हमले की निंदा करने में असमर्थ है, वह हमारी धरती पर पैर रखने के योग्य नहीं है. गुटेरेस इजरायल से नफरत करने वाले महासचिव हैं, जो आतंकियों और हत्यारों को समर्थन देते हैं. उन्होंने कहा कि यह एक महासचिव हैं, जिन्होंने हमास के किए गए नरसंहार और यौन अत्याचारों की निंदा नहीं की है, न ही उन्होंने उन्हें आतंकवादी संगठन घोषित करने के किसी प्रयास का नेतृत्व किया है.

### हिट लिस्ट में इनके नाम

बेंजामिन नेतन्याहू प्रधानमंत्री, योआव गैलेंट रक्षा मंत्री, हर्जी हलेवी जनरल स्टाफ़ के प्रमुख, टोमर बार इज़रायली वायु सेना के कमांडर, सार सलामा इजरायली नौसेना के कमांडर, तामिर यादई ग्राउंड फोर्स के प्रमुख, अमीर बारम जनरल स्टाफ के उप प्रमुख, अहरोन हलीवा सैन्य खुफिया प्रमुख, ओरी गॉर्डिन उत्तरी कमान के प्रमुख, येहुदा फॉक्स मध्य कमान के प्रमुख, एलिएजर टोलेडानो दक्षिणी कमान के प्रमुख.

## दिल्ली में 2 हजार करोड़ की 500 किलो कोकीन जब्त

**नयी दिल्ली।** ड्रग्स तस्करी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़ किया है. उनके पास से 560 किलोग्राम से ज्यादा कोकीन जब्त की है. इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोकीन की कीमत 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा है. नार्को-टेरर एंगल की भी जांच की जा रही है. दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने बुधवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया है. यह राष्ट्रीय राजधानी में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग बरामदगी है. दक्षिणी दिल्ली में एक छापेमारी के बाद इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, कोकीन की इस बड़ी खेप के पीछे एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का हाथ है.

#### राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर फेज- 1 सुकरहुटू में बन कर तैयार

## आज ट्रांसपोर्ट नगर का उद्घाटन करेंगे सीएम हेमंत सोरेन



**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड के पहले बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर के फेज- 1 कांके के सुकरहुटू में बन कर तैयार है. गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका विधिवत उद्घाटन कर आम जनता को सौंप देंगे. इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर फेज- 2 की आधारशिला भी रखेंगे.

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और कांके विधायक समरी लाल विशिष्ट अतिथि होंगे. नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बुधवार की शाम ट्रांसपोर्ट नगर का मुआयना किया. उद्घाटन एवं शिलान्यास स्थल का निरीक्षण के साथ ही पूरे परिसर एवं भवन का जायजा लिया. उन्होंने उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा भी की.



- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल अंसारी, राज्य सभा सांसद महुआ माजी और कांके विधायक समरी लाल होंगे विशिष्ट अतिथि
- फेज-1 के उद्घाटन के साथ फेज- 2 का शिलान्यास भी करेंगे सीएम

### ट्रांसपोर्ट नगर फेज-1 के प्रमुख बिंदु

- योजना की लागत - 113 .24 करोड़ रुपये
- कुल क्षेत्रफल - 40 .68 एकड़
- निर्माण अवधि - 24 माह
- भारी मालवाहकों की पार्किंग - 424 वाहन
- 3400 एवं 6100 वर्गमीटर के दो वेयर हाउस
- 120 टन क्षमता के दो धर्मकांटा
- वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए सर्विस स्टेशन
- कॉमर्शियल दुकानें - 17
- ट्रांसपोर्टरों के लिए 16 ऑफिस
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- चालक एवं उपचालक के विश्राम के लिए 360 बेड की डोरमेट्री
- मनोरंजन केंद्र एवं फूड प्लाजा
- जी प्लस थ्री इंटीग्रेटेड बिल्डिंग

### ट्रांसपोर्ट नगर फेज- 2 के प्रमुख बिंदु

- योजना की लागत - 57 .82 करोड़ रुपये
- कुल क्षेत्रफल - 9 .12 एकड़
- निर्माण अवधि - 18 माह
- 14 मीटर लंबाई वाले भारी वाहनों की पर्किंग क्षमता - 256
- जी प्लस थ्री इंटीग्रेटेड बिल्डिंग
- वाहनों के रखरखाव एव मरम्मत के लिए सर्विस स्टेशन
- चालक एवं उपचालकों के विश्राम के लिए 84 बेड की डोरमेट्री
- फूड प्लाजा एवं मनोरंजन केंद्र
- रिटेल शाप - 3
- पुलिस चेकपोस्ट
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- शौचालय एवं स्नानागार
- फायर फाइटिंग सिस्टम

**बड़ा फैसला** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पीड़ित पति को दी बड़ी राहत

# सोशल मीडिया से भी दे सकते हैं पत्नी की 'बेवफाई' के सबूत

**एजेंसियां। चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हाल ही में एक मामलेकी सुनवाई के दौरान कहा है कि पत्नी के व्यभिचार के बारे में पति द्वारा सोशल मीडिया से लिए गए सबूतों को परवरिश के लिए पत्नी की याचिका पर फैसला करते समय नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. जस्टिस सुमीत गोयल ने तर्क दिया है कि फैमिली कोर्ट को अपने न्यायिक विवेक के आधार पर किसी भी ऐसे सबूत पर गौर करने का अधिकार है, जो उसके मामले के फैसले तक पहुंचने के लिए जरूरी हैं. कोर्ट ने इस मामले में कहा, पत्नी के व्यभिचार को साबित करने के लिए पति द्वारा प्रस्तुत सोशल मीडिया और ऐसी किसी चीज पर कोर्ट भरण-पोषण और मुकदमे से जुड़े खर्च के फैसले के लिए गौर कर सकता है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह भले ही वह सबूत इंडियन एविडेंस एक्ट और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों को पूरा करती होया नहीं लेकिन कोर्ट उस पर विचार कर सकती है. कोर्ट नेकहा, कानून की व्याख्या न्याय, समानता और विवेक के सिद्धांतों के अनुसार होनी चाहिए और पुरानी व्याख्याओं से बंधी नहीं होनी चाहिए, जो मौजूदा समय में अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं. सोशल मीडिया टाइमलाइन और प्रोफाइल से मिलनेवाली चीजों को प्रतिद्वंद्वी पक्ष अपने मामले को पुख्ता करने के लिए पेश कर सकते हैं.

जस्टिस गोयल ने कहा कि मौजूदा समय में सामाजिक जीवन फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऐप से खुलेतौर पर जुड़ा हुआ है. कोर्ट ने कहा कि तस्वीरों, टेक्स्ट मैसेज सहित सोशल नेटवर्क के फुटप्रिंट को सबूतों के तौर पर मैप किया जा सकता है और कोर्ट इसका न्यायिक संज्ञान ले सकती हैं. -शेष पेज 11 पर



### फैमिली कोर्ट ने भरण-पोषण खर्च देने का आदेश दिया था

कोर्ट फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ एक पति द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसे अपनी पत्नी को हर महीने 3,000 रुपए का भरण-पोषण और मुकदमे के खर्च के रूप में 10,000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था. पति के वकील ने आरोप लगाया कि महिला के दूसरे पुरुष के साथ संबंध थे और इसलिए वह सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अंतरिम भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं थी. उन्होंने यह दावा करने के लिए कुछ तस्वीरों का हवाला दिया कि वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ रह रही थी. पत्नी द्वारा दायर याचिका की एक कॉपी भी पेश की गई, जिसमें दिखाया गया कि उसने खुद उस व्यक्ति के साथ रहने का दावा किया था.

### पति से भरण-पोषण लेने पर कोर्ट ने लगाई रोक

कोर्ट ने जब महिला से तस्वीरों के बारे में पूछा कि वह किस हैसियत से उस व्यक्ति के साथ रह रही थी तब महिला ने इसके बारे में कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया. इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया कि वह पति से भरण-पोषण और किसी भी तरह के खर्च का दावा नहीं कर सकती है.

## श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ का 51 वां अधिवेशन आज से, इंदर सिंह नामधारी करेंगे उदघाटन

# आयोजन में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी : बैद्यनाथ राम

**प्रतिदिन संध्या होगा संगीतमय रामकथा**

संवाददाता। लातेहार

शहर के बीचोबीच अंबाकोठी परिसर में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ का 51 वां अधिवेशन शारदीय नवरात्र के प्रथम तिथि तीन अक्टूबर से प्रारंभ होगा. इसका उदघाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी करेगें. इस आशय की जानकारी श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह एवं कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका ने दी. शुभम संदेश से बातचीत करते हुए श्री महलका ने कहा कि प्रातः सात बजे महायज्ञ परिसर से कलश यात्रा निकाली जायेगी. कलश यात्रा शहर के मुख्य पथ होते हुए बाइपास चौक पहुंचेगी और यहां चटनाही औरंगा नदी छठ घाट पहुंचेगी. यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा जायेगा. इसके बाद फिर कलश यात्रा मानस पथ होते हुए महायज्ञ परिसर पहुंचेगी. कलशों की स्थापना के बाद पूजा अर्चना शुरू की जायेगी. पूर्वाह्न 11 बजे झारखंड के पहले विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी के द्वारा महायज्ञ का उदघाटन किया जायेगा.

श्री महलका ने बताया कि प्रतिदिन सुबह आठ से दो बजे ते पंडित अनिल जी भारद्वाज के सानिध्य में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ किया जायेगा. इसमें 301 पाठ कर्ता महिलायें भाग लेगीं. जबकि रात्रि में आठ बजे से पंडित मधुसूदन जी शास्त्री के द्वारा संगीतमय रामथा का आयोजन किया जायेगा.


महायज्ञ का पंडाल.

**मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम कर रहे हैं मॉनिटरिंग**

आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक स्थायी विधायक सह मंत्री बैद्यनाथ राम आयोजन की तैयारियों की समीक्षा एवं मॉनिटरिंग कर रहे हैं. श्री राम ने कहा कि आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी. जिस तरह पिछले 50 वर्षों से यह आयोजन निर्विघ्न सफल होता आया है, 51 वां अधिवेशन भी सफल होगा. उन्होंने इस आयोजन में तन मन व धन से सहयोग करने एवं सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील शहरवासियों से की है.

## न्यूज अपडेट

### महापुरुषों की जीवनी से सीखने की जरूरत: उपायुक्त



**लातेहार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उपायुक्त गरिमा सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जीवनी से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है. आगे कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जीवन भर निश्वार्थ भाव से देश की सेवा की. मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार समेंत कई पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनी गांधी व शास्त्री की जयंती



**मेदिनीनगर।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया. इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विद्यालय के स्वच्छता समूह ने अपने विद्यालय परिसर एवं निकट मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया. प्राचार्य डा. सिंह ने मौके पर मौजूद शिक्षक, छात्र व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीजी का अहम योगदान था. गांधीजी हमेशा अहिंसा के रास्ते पर चलते थे और वे लोगों से आशा करते थे कि सभी अहिंसा का रास्ता अपनाएँ. डॉ. सिंह ने शास्त्रीजी को याद करते हुए कहा कि वे सच्चे गांधीवादी थे जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से व्यतीत कर उसे गरीबों की सेवा में ही लगाया. उन्होंने कहा कि गांधीजी स्वच्छता को पूजा के समतुल्य मानते थे.

### गांधी जयंती पर युवकों ने ललमटिया डैम की सफाई की



**लातेहार।** गांधी जयंती के अवसर पर स्थानीय युवकों ने शहर के रेहड़ा इलाके में अविस्थत ललमटिया डैम में स्वच्छता अभियान चलाया. इसका नेतृत्व पर्यावरणविद् सह टूरिज्म रिसोर्स पर्सन गोविंद पाठक ने किया. पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी ने समाज में स्वच्छता का संदेश दिया था. उनका सपना स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण करना था. हम सभी को उनके इस सपने को साकार करने में अपना योगदान देना चाहिए. स्वच्छता हमारे समाज की मूलभूत आवश्यकता है और हम सभी को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए. स्वच्छता अभियान में होटल हिल्स के जितेंद्र ठाकुर, आरपीडी ट्रेडिंग स्टोर के रामदेव प्रसाद और तुबेद कोल माइंस के सुमित गुप्ता आदि शामिल थे. श्री पाठक ने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया .

### डे बोर्डिंग के खिलाड़ियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**लातेहार।** गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा संचालित डे बोर्डिंग बालक व बालिका वॉलीबॉल सेंटर के खिलाड़ियों ने स्वच्छता अभियान चलाया. बालक व बालिका टीम के खिलाड़ियों और वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा ने श्रमदान कर अपने वॉलीबॉल खेल मैदान को स्वच्छ और सुंदर बनाया. साथ ही स्टेडियम के आसपास पहले गंदगी की भी सफाई की. इस सफाई अभियान में कमलेश उरांव, सोभनाथ उरांव, अंकित कुमार, शुभम कुमार साव, विवेक कुमार, सागर कुमार, अनुराग कुमार, अभिषेक, आर्यन,पीयूष कुमार यादव, युवराज, अनुष्का कुमारी, आभा कुमारी, रजनी कुमारी, दीपिका कुमारी, श्वेता कुमारी, शिल्पा कुमारी, आयुषी कुमारी, रिद्धिमा, पीहू कुमारी, रुचि, रिंकी, सानिया समेत सभी खिलाड़ी शामिल थे.

### व्यवसायिक समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान



**बरवाडीह (लातेहार) ।** बरवाडीह व्यवसायिक समिति के तत्वाधान में गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर शहर के महापुरुषों की प्रतिमा स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया. पुराने ब्लॉक परिसर में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई. आदिशक्ति महावीर मंदिर, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थली तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया. व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज और पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद के नेतृत्व में चलाए गये इस सफाई अभियान में आज दुकानदारों में भी खासा उत्साह देखा गया. पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद ने कहा कि नवरात्र, दीपावली और छठ महापर्व तक निरंतर सफाई अभियान चलाया जायेगा. अभियान में व्यवसायिक समिति के महासचिव रवि गुप्ता, सलाहकार कृष्णा कसेरा, मदन प्रसाद गुप्ता, विवेक सिंह, शमीउल्लाह उर्फ गुड्डू,अखिलेश कुमार और सोनू गुप्ता समेत कई दुकानदार उपस्थित थे.

### एनएसएस ने चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



**लातेहार।** स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत गांधी जयंती के अवसर पर शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. सबसे पहले रेलवे स्टेशन क्षेत्र के डुरूआ में अमर शहीद वीरेंद्र शर्मा की प्रतिमा एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई की और माल्यापर्ण किया. मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने शहीद वीरेंद्र शर्मा के संघर्ष गाथा की चर्चा की. इसके बाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में स्वच्छता अभियान चलाया गया. यहां से लगभग 35 किलो प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसका निपटान किया गया. इस अवसर पर लातेहार रेलवे स्टेशन के प्रबंधक बलवंत सिंह ने एनएसएस के स्वयंसेवकों के इस कार्य की सराहना की और उन्हे बधाई दी.

### एनएसएस ने जेएस कालेज में चलाया स्वच्छता अभियान

**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती पर स्थानीय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया. सर्वप्रथम एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी के नेतृत्व में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को याद किया गया. उसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने पूरे महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया एनएसएस पदाधिकारी प्रो. जय प्रकाश राम ने कहा कि गांधीजी का जीवन दर्शन सत्य, अहिंसा व स्वच्छता पर आधारित था उनकी बातों को आत्मसात कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है. मौके पर महाविद्यालय के बर्सर डॉ अजीत सेठ, प्रधान सहायक संतोष कुमार दुबे, शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय, स्वयंसेवक प्राची सिंह, नीलू कुमारी, खुशबू, अलिशा आदि थे.

## ब्रीफ खबरें

### पीएम ने किया गारू में एकलव्य विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन

**गारू(लातेहार)।** गारू प्रखंड के कारवाई पंचायत में एकलव्य विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया. इस अवसर पर जिप सदस्य जीरा देवी, ज़िप सदस्य सरयू बुद्धेश्वर भगत, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, मुखिया सुनेश्वर सिंह, बीस सुत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा मौजूद थे. एकलव्य विद्यालय में गरीब और असहाय बच्चों को शिक्षा दी जायगी. इसके अलावा रामलाल प्रसाद आदि थे.

### दुर्गा पूजा को ले कर शांति समिति की बैठक आयोजित

**गारू(लातेहार)।** प्रखंड के बारेसांढ़ थाना परिसर में दुर्गा पूजा को ले कर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. अध्यक्षता थाना प्रभारी अजीत कुमार ने की. थाना प्रभारी ने दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की. कहा कि पुलिस प्रशासन पूजा के दौरान शांति और लोगों को सुरक्षा देने के लिए तत्पर है. कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए. इसके लिए सभी को मिलकर काम करने की आश्यकता है. उन्होने जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देश को भी समिति के सदस्यों के साथ साझा किया.

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी और शास्त्री की जयंती मनाई

**सतबरवा (पलामू)।** पोंची में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती मनाई. भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया. सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश की आजादी में अपने जीवन को समर्पित कर देश को आजाद करवाया ,लाल बहादुर शास्त्री ने देश के विकास के लिए निःस्वार्थ रूप से काम करते हुए जय जवान,जय किसान का नारा दिया.

### एसडीओ ने मोरम लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी डा केके कांवाड़िया ने मंगलवार की शाम एक मिट्टी मिक्स मोरम लदे टैक्टर को जब्त किया है. इस संबंध में हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान एसडीओ ने हुसैनाबाद प्रखंड के सामुडीह गांव के समीप से मिट्टी युक्त मोरम लदे ट्रैक्टर को पकड़ा है. जिसे हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया गया है. एसडीओ के निर्देशानुसार ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को सूचना दे दी गई है.

## डीडीसी ने की अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा

# लापरवाह 31 पंचायत सचिवों के पांच दिन का वेतन स्थगित

**खास बातें**

- 111 पंचायत के पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक की
- एक सप्ताह में शत प्रतिशत प्लिंथ लेवल जियो टेग करे

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने बुधवार को अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत एवं प्रथम किस्त के विरुद्ध प्लिंथ लेवल आवास निर्माण में कम प्रगति वाले 111 पंचायत के पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में प्लिंथ लेवल का जियो टैग नहीं किए जाने के कारण संबंधित पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई. साथ ही पिछले पांच दिनों में जियो टैग में शून्य प्रगति वाले 31 पंचायत के पंचायत सचिव का 5 दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया. डीडीसी ने कहा कि सभी पंचायत सचिव अगले एक सप्ताह में शत प्रतिशत प्लिंथ लेवल आवास निर्माण एवं जियो टैग करने का कार्य पूरा करें. एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी. बैठक में आवास के विभिन्न ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, जिला समन्वयक व प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे.


समीक्षा बैठक में शामिल डीडीसी व अन्य.

### 120 मास्टर ट्रेनरों को मिला विस चुनाव को लेकर प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर 120 मास्टर ट्रेनरों के लिए तीन स्थलों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. क्रमांक 1 से 40 तक के मास्टर ट्रेनरों को समाहरणालय के ऊपरी तल्ला स्थित सभा कक्ष, क्रमांक 41 से 80 तक के मास्टर ट्रेनरों को समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभाकक्ष व 81 से 120 क्रमांक वाले मास्टर ट्रेनरों को पुराना डीआरडीए के सभा कक्ष में ट्रेनिंग दिया गया.

सभी मास्टर ट्रेनरों को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दिया गया. प्रशिक्षण में मतदान केंद्र पर पहुंचने से पूर्व, मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद और मतदान खत्म होने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा कार्य निष्पादन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं, सैद्धांतिक व व्यावहारिक जानकारी दी गई. प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी शब्बीर अहमद ने सभी मास्टर ट्रेनरों को मॉक पोल के बाद मतदान समाप्ति के बाद विभिन्न प्रपत्रों को भरने के बिंदुवार व्यावहारिक जानकारी दी. मतदान के दौरान मतदान कर्मियों के समक्ष आनेवाली विविध समस्याओं से अवगत कराया और उक्त समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी. अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों के कार्य और दायित्व और प्रदत शक्तियों की चर्चा करते हुए चैलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट व प्रॉक्सी वोट के संबंध में मास्टर ट्रेनरों को अवगत कराया.


मास्टर ट्रेनरों को जानकारी देते प्रशिक्षक.

### जमीन विवाद में दंपती पर जानलेवा हमला

**सतबरवा (पलामू)।** सतबरवा थाना क्षेत्र के रांकी खुर्द मंगर बांध में जमीन विवाद में पति - पत्नी को धारदार हथियार से मार कर घायल कर दिया. दोनों को गंभीर हालत में मेदिनीनगर के नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां इलाज चल रहा है. दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है. घटना बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है.प्राप्त जानकारी के अनुसार रांकी खुर्द मंगर बांध के पारा शिक्षक अर्जुन मेहता का जमीनी विवाद रांकी खुर्द के ही सतेंद्र उरांव व अन्य लोगों के साथ चल रहा था. बुधवार की सुबह पारा शिक्षक अर्जुन मेहता ट्रैक्टर लेकर जमीन जोतने गये. इसी बीच विपक्ष के लोगों से बात विवाद बढ़ा और धारदार हथियार से लैस विपक्ष लोगों ने हमला बोल दिया. पारा शिक्षक अर्जुन मेहता को धारदार हथियार से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया, बीच बचाव करने गई पत्नी को भी मार घायल कर दिया.थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि घटना जमीनी विवाद को लेकर घटी है. जो बात अभी पुलिस के संज्ञान में आई है,वह है कि गांव के सत्येंद्र उरांव, बेलास भुईयां, गोविंद भुईयां, हरचन भुईयां व अन्य लोगों के साथ जमीनी विवाद था. जमीन जोतने को लेकर हुई विवाद में यह घटना घटी है.

### बसपा की रैली से लौट रहा टेंपू पलटा, 5 जख्मी

**विश्रामपुर/पलामू ।** बीमोड़ के समीप बहुजन पार्टी की रैली से लौट रही एक टैंपू पलटी गई. जिसमें सवार 10 लोगों में 5 महिला व एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें रेहला थाना पुलिस व स्थानीय लोगों की सहयोग से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज को भेजा गया. घायलों में लालती देवी, चिंता देवी, अमोला देवी, देवंती देवी व श्रवण राम का नाम शामिल है. सभी विश्रामपुर थाना क्षेत्र के टोना गांव के रहने वाले हैं.

# निवर्तमान एसडीओ को दी गई विदाई, नए का हुआ स्वागत


निवर्तमान एसडीओ को विदाई देते कर्मचारीगण.

संवाददाता। हुसैनाबाद(पलामू)

हुसैनाबाद के निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा को एक सादे समारोह में भाव भीनी बिदाई दी गई. वहीं नवपदस्थापित एसडीओ का स्वागत किया गया. इस मौके पर निवर्तमान एसडीओ पियूष सिन्हा को उपहार व फूल माला देकर उन्हें बिदाई दी गई. जबकि नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी डा. केके कांवड़िया का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया. इस मौके पर पियूष सिन्हा ने सभी का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि बहुत कम समय हुसैनाबाद में काम करने का अवसर मिला. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद की जनता का सहयोगात्मक रवैया रहता है. उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों ने काफी सहयोग किया इसके लिए वह हमेशा याद रहेंगे. उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के सौहार्द्र का माहौल देख उन्हें काफी खुशी हुई. एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि पियूष सिन्हा जी का कार्यकाल काफी अच्छा रहा. सभी को साथ लेकर चलना व मार्गदर्शन करना इनकी सबसे बड़ी खासियत है. उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी जहां भी रहेंगे, जनता के हितों की रक्षा होगी.

## वन प्राणी सप्ताह को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

# छोटे वन्य प्राणियों का उतना ही महत्व जितना बड़े वन्य प्राणियों का: डीएफओ

संवाददाता। लातेहार

वन्य जीव प्रभाग के तत्वावधान में बुधवार को वन्य प्राणी सप्ताह के तहत उच्च विद्यालय आश्रम के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली. रैली का शुभारंभ जिला खेल स्टेडियम से किया गया. रैली शहर के मुख्य सड़क से होते हुए चेकनाका से वन क्षेत्र पदाधिकारी कार्यालय तक गई. रैली के माध्यम से लोगों को वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया. छात्रों ने अपने हाथें में जीवों का न करें संहार, धरती मां की यही पुकार, हमने वह ठाना है जीवों को बचाना है आदि स्लोगन लिखी तख्तियां लिये थे. इससे पहले डीएफओ प्रवेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होने कहा कि प्रति वर्ष दो से आठ अक्तूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है. इसका उद्देश्य वन्य जीवों की महत्ता लोगों को समझाना है.उन्होंने मधुमक्खी का उदाहरण देते हुए कहा कि वनीय जीवन चक्र में छोटे वन प्राणियों का उतना ही महत्व है जितना बड़े वनीय प्राणी का है. डीएफओ राजकीय व्यापार प्रमंडल- टू जीतेश्वर सिंह ने कहा कि हम सभी को वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए. वन संपदा हम सभी के आवश्यकताओं के सभी चीजों की पूर्ति करती है. वन क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता ने स्वच्छता अभियान, चित्रांगन, क्विज, पेंटिंग निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूली बच्चों के बीच किया जाएगा. मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी, मनिका ठाकुर पासवान, वन अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया.


उच्च विद्यालय आश्रम के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली.

**आयोजन**

## गांधी स्मृति टाउन हॉल में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, उमड़ी भीड़

# नफरत व हिंसा के माहौल में महात्मा गांधी उम्मीद का रास्ता है : शैलेंद्र

संवाददाता। मेदिनीनगर

इप्टा, मिशन समृद्धि, अंशु आर्ट, रंग संग एकेडमी, कशिश आर्ट, प्रगतिशील लेखक संघ ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर गांधी स्मृति टाउन हॉल में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में इप्टा के द्वारा भजन एवं गीतों की प्रस्तुति के साथ बच्चों बच्चों ने चित्रों के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की. कार्यक्रम के प्रारंभ में मिशन समृद्धि के शीला श्रीवास्तव, अंशु आर्ट के आशा शर्मा, रंग संग आर्ट एकेडमी के संजीत प्रजापति, इप्टा के गोविंद प्रसाद एवं सतीश कुमार जोरिहार संयुक्त रूप से महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया.


गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे.

इसके बाद इप्टा के कलाकारों ने महात्मा गांधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम प्रस्तुत किया. इसके बाद देश के नाम शत बार नमन शत बार नमन है मातृभूमि शत बार प्रस्तुत किया गया. गीतों की प्रस्तुति के बाद इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी आज भी प्रासंगिक है. युद्ध, नफरत और हिंसा युद्ध भरी दुनिया में गांधी उम्मीद के रास्ते का नाम है. दुनिया में महात्मा गांधी एक उम्मीद का नाम है. आज फिलिस्तीन और इजरायल के युद्ध में लाखों फिलिस्तीन मारे गए. ऐसे में महात्मा गांधी न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं.

कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश एवं रवि शंकर ने संयुक्त रूप से किया. इस मौके पर चित्रांकन कार्यक्रम में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, लोटस अकैडमी, अंशु आर्ट, रंग संग आर्ट एकेडमी के कुल 60 बच्चों ने भाग लिया. मौके पर ए पी आर ओ विजय कुमार ठाकुर , प्रकाश भूषण सिन्हा, उपेंद्र कुमार मिश्रा, सुधीर कुमार, अमन चक्र, सुमन सिंह, रेनू गुप्ता, धीरेंद्र कुमार, प्रेम कुमार, संजीव कुमार संजू, संजीत दुबे, समरेश सिंह, घनश्याम कुमार, अजीत कुमार, नसीम, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक राहुल कुमार एवं संजीत सर, लोटस अकैडमी के शिक्षक शशिकांत दुबे एवं आलोक कुमार ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** गांधी जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस अंतर्गत "बालिकाओं के भविष्य की दृष्टि" थीम पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम का नेतृत्व जिला समाज कल्याण अधिकारी नीता चौहान ने किया. उनके साथ यूनिसेफ पलामू से डॉ. तबरेज़, के.डी. पासवान (प्रोटेक्शन ऑफिसर), प्रकाश पासवान (डीसीपीओ), प्रणव, धीरेंद्र (सीडब्ल्यूसी सदस्य) आदि मौजूद थे. इस अभियान का उद्देश्य निरीक्षण गृह, बाल गृह व बालिका गृह के निवासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था. बाल गृह व बालिका गृह के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया. .

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 175 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## नक्सली नीरज खरवार को एनआईए ने रिमांड पर लिया

- चार पुलिस कर्मियों की हत्या की साजिश में है संलिप्तता
- एनआईए की विशेष कोर्ट से सात दिनों की रिमांड मिली

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पलामू के पांकी निवासी भाकपा (माओवादी) सदस्य नीरज सिंह खरवार उर्फ संजय खेरवार से सात दिनों तक पूछताछ करेगी. एनआईए की टीम बुधवार की शाम पांच बजे उसे जेल से अपने साथ ले गई. अब टीम खरवार से सात अक्टूबर को दिन के 10 बजे तक पूछताछ करेगी. इसके बाद उसे कोर्ट में पेश करेगी.

एनआईए की विशेष अदालत से एनआईए ने नीरज खरवार की 15 दिनों की रिमांड मांगी थी, जिसपर सात दिनों की रिमांड दी गई. एनआईए की ओर से कहा गया है कि 22 नवंबर 2019 की शाम लातेहार के चंदवा स्थित लुकुआ मोड़ में गश्ती ड्यूटी में तैनात चार पुलिसकर्मियों की हत्या करके उनके हथियार और गोला बारूद लूट लिए गए थे. इसमें नक्सली नीरज सिंह खरवार की संलिप्तता थी.

### सेविका-सहायिकाओं ने निकाला मशाल जुलूस, कहा- मांगें पूरी नहीं होने पर पांच से अनिश्चितकालीन धरना पर जाएंगे

## आंगनबाड़ी सेविका-साहयिकाओं ने सरकार को दिया दो दिन का अल्टीमेटम

**संवाददाता। रांची**

सरकार के रवैये से नाराज आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने गुरुवार की शाम जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला. इनका कहना था कि अगर सरकार ने दो दिन के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी, तो पांच अक्टूबर से राज्य की सभी आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका अनिश्चितकालीन धरना पर चली जाएंगी. मौके पर रांची जिलाध्यक्ष सुमन कुमारी, कोषाध्यक्ष रजिया खातून, मोनिका कुमारी, रजिया खातून, चंदन कुमारी, सीता तिग्गा, खुशनुमा परवीन, लीला कश्यप, बसंती कुजूर, बबिता कच्छप, सरिता टोप्पो, पुष्पा सहित कई सेविका-सहायिकाएं मौजूद थीं.

**सेविका-साहयिकाओं को 25 हजार मासिक वेतन मिले :** रांची जिला कोषाध्यक्ष रजिया खातून ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका-साहयिकाओं को 25 हजार मासिक वेतन दिया जाए. महंगाई भत्ता में भी में बढ़ोतरी की जानी चाहिए. इसको लेकर पिछले दिनों मोरहाबादी मैदान में आंदोलन भी किया गया था. उस समय झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया था. मगर पिछले कैबिनेट की बैठक में उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हुई.


रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर मशाल जुलूस में शामिल आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं.

### नियमावली पारित करे सरकार : सुमन

संघ की रांची जिलाध्यक्ष सुमन कुमारी ने कहा कि सरकार ने जो नियमावली बनाई है, उसे कैबिनेट में पारित कराया जाना चाहिए था. आंगनबाड़ी सेविका-साहायिका महज 175 रुपये के मानदेय पर काम करती आ रही हैं. सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें खाने-पीने के मोहताज होना पड़ता है. उन्होंने मांग की कि सरकार आंगनबाड़ी में समान काम के लिए समान वेतन और स्थायीकरण करे, अन्यथा वे लोग अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगी.

### ये हैं मुख्य मांगें

- आंगनबाड़ी सेविका-साहायिकाओं को प्रोन्नति दी जाए.
- **अनुभव प्राप्त एवं उच्च शिक्षा प्राप्त आंगनबाड़ी सेविका को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त किया जाए.**
- सेवानिवृत्ति के समय आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को पांच लाख रुपये दिया जाए.
- **सेवानिवृत्ति के बाद वेतन का आधा मासिक वेतन उपलब्ध कराया जाए.**
- दुर्घटना बीमा योजना और पेंशन सुविधा का लाभ दिया जाए.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

**देवघर।** जसीडीह-मधुपुर रेल लाइन पर अर्जुन नगर हॉल्ट के पास दर्दनाक हादसे में मां-बेटी की मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, तुम्पी देवी जामताड़ा से पैसेंजर ट्रेन पकड़ कर अपनी पांच वर्षीय बेटी और आठ वर्षीय बेटे के साथ अर्जुन नगर हॉल्ट में उतरी थी. यहां से अपने मायके मथुरापुर जाने के लिए तीनों रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे. इस क्रम में विपरीत दिशा से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में तुम्पी देवी और उसकी बेटी की मौत हो गई. वहीं, बेटा के पीछे होने के कारण वह बाल-बाल बच गया. पुलिस ने दोनों मृतकों के क्षत-विक्षत शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया.

### प्रतिबंधित मांस के साथ दो गिरफ्तार

**रामगढ़।** इरबा से नयी सराय की तरफ बुधवार को तड़के सुबह एक मारुति 800 कार से प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया. इसे जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजते हुए पुलिस ने कार चालक और एक युवती को गिरफ्तार किया है. स्थानीय लोगों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तड़के 3:40 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप के पास कार (जेएच 01 ए 5060) को रोक कर तालाशी ली. इस क्रम में बोरे में प्रतिबंधित मांस रखा हुआ पाया. गिरफ्तार कार चालक की पहचान नईसराय बस्ती निवासी सरफराज आलम (24) के रूप में हुई है. उसने बताया है कि इरबा निवासी मो इम्तियाज से प्रतिबंधित मांस लिया था.

### ट्रांसफर हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

**रांची।** ट्रांसफर किये गये 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर बुधवार को जारी कर दिया गया है. डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने यह ऑर्डर जारी किया है. गौरतलब है कि बीते दिन सरकार ने डीएसपी रैंक के 41 अधिकारियों का तबादला किया था. लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं किया गया था. वहीं सरकार ने मंगलवार को सात डीएसपी के तबादले के आदेश को विलोपित कर दिया था. जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे डीएसपी जिनके पदस्थापन स्थान पर दूसरे डीएसपी का पदस्थापन हो गया है, परंतु उनका दूसरे जगह पर पदस्थापन नहीं हुआ है, वो पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे.

### कुएं में मिला स्कूली छात्रा का शव, सनसनी

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से मंगलवार को लापता हुई छात्रा का शव घर के कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं में मिला. परिजनों के मुताबिक, किशोरी मंगलवार की सुबह नौ बजे अपने घर से बुनियादी विद्यालय स्कूल, सेन्हा के लिए निकली थी. स्कूल से लौटने में काफी देर होने के बाद स्कूल में पता किया गया, तो पता चला कि वह मंगलवार को स्कूल आई ही नहीं थी. परिजनों ने खोजबीन के बाद बुधवार की सुबह थाना को सूचना दी. पुलिस ने दोपहर दो बजे छात्रा का जूता घर के कुछ दूर एक कुएं के पास से बरामद किया. कुएं में छानबीन की गई, अंदर छात्रा का शव मिला. परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है.

### कई महीनों से नहीं मिल रही थी छुट्टी, एएसआई ने उठा लिया बड़ा कदम

# कराईकेला थाना के एएसआई ने रायफल से गोली मार की आत्महत्या

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड की कराईकेला थाना में पदस्थापित एएसआई कृष्णा साहू ने बुधवार की सुबह थाना परिसर स्थित अपने कमरे में खुद की सर्विस रायफल से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि बुधवार की सुबह करीब छह बजे कराईकेला थाने में गोली चलने की आवाज आई. इसके बाद थाना परिसर में मौजूद थाना प्रभारी अंकित कुमार व अन्य जवान आनन-फानन में गोली चलने वाले कमरे की ओर गये.

वहां देखा कि एएसआई कृष्णा साहू खून से लथपथ जमीन पर अचेड़ पड़े हुए हैं. बगल में उनकी इंसास रायफल भी पड़ी हुई थी. घटना की सूचना पाकर पोड़ाहाट एसडीपीओ पारस राणा कराईकेला थाना पहुंचे और मृतक एसआई के परिजनों को तत्काल घटना की सूचना दी. मृतक के परिजन भी गुमला जिला के कुलबीरा गांव से कराईकेला पहुंचे. मृतक एएसआई की पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र सूरज कुमार साहू, सुमन कुमार साहू का रो-रो कर बुरा हाल था. इधर, पुलिस ने मृतक एएसआई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

**छुट्टी नहीं मिलने से परेशान थे कृष्णा साहू :** एएसआई कृष्णा साहू की वर्ष 2021 में कराईकेला थाने में पोस्टिंग हुई थी. वह झारखंड के गुमला जिले के कुलाबीरा गांव के रहनेवाले थे. कराईकेला थाना क्षेत्र में कई नक्सल प्रभावित गांव आते हैं. काम का अधिक दबाव होने के कारण उन्हें पिछले कई महीनों से छुट्टी नहीं मिल रही थी. कृष्णा साहू के परिजनों ने बताया कि छुट्टी नहीं मिलने और रोजाना कड़ी ड्यूटी रहने के कारण कृष्णा साहू मानसिक रूप से परेशान रहते थे. उन्होंने इसका जिक्र भी किया था. परिजनों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है.


कराईकेला थाना परिसर में विलाप करते दिवंगत एएसआई के परिजन व इनसेट में एएसआई कृष्णा साहू की फाइल फोटो.

### मामले की जांच होगी : एसडीपीओ

पोड़ाहाट एसडीपीओ पारस राणा ने कहा कि एएसआई कृष्णा साहू की मौत मामले की जांच होगी. प्रथम दृश्या आत्महत्या का मामला लग रहा है. उन्होंने कहा कि परिजनों के अनुसार एएसआई कृष्णा साहू काम की वजह से थोड़ा परेशान थे.

## एक साल में 11 जवानों ने मौत को गले लगा लिया

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में बीते एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 11 जवानों ने आत्महत्या की है. इनके द्वारा आत्महत्या करने की मुख्य वजहों में वर्क प्रेशर और निजी जिंदगी में चल रही परेशानियों की बात सामने आई. ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी नहीं मिलना, पुलिसकर्मियों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है. इसका असर उनकी जीवनशैली पर भी पड़ता है. काम के दबाव के कारण उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं. इन परेशानियों से तंग आकर पुलिसकर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं. पुलिसकर्मियों द्वारा समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने के पीछे भी शायद यही वजह है.



**केस स्टडी**

**02 अक्टूबर 2024 :** चाईबासा के कराईकेला में एएसआई कृष्णा साव में गोली मारकर आत्महत्या कर ली.

**25 जुलाई 2024 :** चतरा जिले के शीला ओपी स्थित सीआरपीएफ कैंप में जवान आशीष कुमार ने गोली मारकर आत्महत्या की थी.

**31 जुलाई 2024 :** लातेहार जिले के करमडीह पिकेट में जवान प्रमोद सिंह की मौत उसके ही हथियार से गोली चलने की वजह से हो गई थी.

**18 जून 2024 :** बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 में सीआईएसएफ जवान संजीत ने पत्नी की हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली थी.

**31 मई 2024 :** हजारीबाग डीआईजी आवास में तैनात जिला पुलिस के जवान विकास कुमार ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी.

**06 फरवरी 2024 :** चतरा में सीआरपीएफ 190 बटालियन के कैंप में जवान कैलाश चंद मेहरा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.

**02 नवंबर 2023 :** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना में पदस्थापित पुलिस जवान सत्यजीत कच्छप ने खुद को गोली मार आत्महत्या कर ली थी.

**24 नवंबर 2023 :** रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में उत्तराखंड निवासी आर्मी जवान मनोज कुमार ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी.

**27 अक्टूबर 2023 :** पाकुड़ में पदस्थापित झारखंड पुलिस के हवलदार ललन पासवान ने आत्महत्या कर ली थी.

## फरक्का-ललमटिया एमजीआर रेलवे ट्रैक को अपराधियों ने उड़ाया


बरहेट के रांगा घुटू टोला के पास क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक और जांच करती पुलिस.

- रेलवे ट्रैक को नुकसान, 39 मीटर दूर जाकर गिरा रेल पटरी का टुकड़ा
- कोयले की ढुलाई ठप घटनास्थल से इलेक्ट्रिक तार बरामद हुए

**संवाददाता। साहिबगंज**

बरहेट थाना क्षेत्र के रांगा घुटू टोला के पास अपराधियों ने एनटीपीसी के विशेष रेलवे ट्रैक को विस्फोट कर उड़ा दिया है. घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है. इस रेलवे ट्रैक का उपयोग गोड्डा के ललमटिया कोयला परियोजना से एनटीपीसी के फरक्का सुपर पावर थर्मल प्लांट तक कोयला ले जाने के लिए होता है. विस्फोट इतना भयानक था कि रेलवे ट्रैक का टुकड़ा घटनास्थल से 39 मीटर दूर जाकर गिरा.

**रेल लाइन में 470 सेंटीमीटर का गैप हो गया :** घटना की सूचना मिलने के बाद बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, राजमहल एसडीपीओ विमल कुमार त्रिपाठी, थाना प्रभारी पवन कुमार मौके पर पहुंचे. वहीं, एनटीपीसी के सीनियर असिस्टेंट इंजीनियर सरवर हुसैन, जूनियर इंजीनियर देवायन इस्मत, फरक्का एनटीपीसी में पदस्थापित सीआईएसएफ के कमांडेंट सेंथिल राजन और संवेदक प्रतिनिधि परवेज आलम भी मौके पर पहुंच चुके थे. विस्फोट के कारण रेल लाइन में 470 सेंटीमीटर का गैप हो गया. पुलिस ने घटनास्थल के पास कुछ इलेक्ट्रिक तार भी बरामद किए हैं. इस लाइन पर केवल मालगाड़ी का परिचालन ही होता है. इस घटना के बाद एनटीपीसी के लिए कोयले की ढुलाई ठप हो गई है.

> एनटीपीसी की विशेष रेल लाइन को नुकसान पहुंचाया गया है. यहां रेलवे ट्रैक टूट गया है. इसकी जांच कर रहे हैं और संबंधित टीम भी जांच कर रही है. जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने में किस विस्फोटक सामग्री का उपयोग किया गया था. हमारी टीम सभी पहलुओं की समीक्षा करेगी और दोषी को चिह्नित करते उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.
> **– अमित कुमार सिंह, एसपी, साहिबगंज**

**रात 12 बजे जोरदार धमाके की अवाज हुई :** नाइट गार्ड ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 12 बजे जोरदार धमाका सुनाई दिया. शुरुआत में लगा कि किसी ट्रक का टायर ब्लास्ट करने की आवाज है. बाद में मुंशी ने सूचना दी, तो पता चला कि एमजीआर ट्रैक को बम से नुकसान पहुंचाया गया है. इधर, एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर इलेक्ट्रिक तार समेत कई सैंपल एकत्र किये हैं. इसकी जांच की जाएगी.

## चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में ब्लास्ट, दो मजदूर झुलसे


स्टील प्लांट में झुलसे मजदूर को अस्पताल ले जाते सहकर्मी.

- घायल मजदूरों का रांची के अस्पताल में चल रहा इलाज

**संवाददाता। चरही**

प्रखंड के 15 माईल स्थित चिंतपूर्णी स्पंज आयरन प्लांट के डीआरआई साइड में बुधवार को फर्नेस ब्लास्ट से दो मजदूर पूरी तरह झुलस गए. घटना दोपहर के करीब तीन बजे की है. जानकारी के मुताबिक, मजदूर जब अपने कार्यस्थल पर काम कर रहे थे, तभी फार्नेस ब्लास्ट से दो मजदूर आग में झुलस गए.

घायल मजदूरों की पहचान करुखाप निवासी मुगल महतो और सोमर साव के रूप में हुई है. दोनों मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. स्थानीय ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर आरोप लगाया पर है कि सीनियर अधिकारी की लापरवाही के कारण यह घटना घटी है. प्लांट में उचित सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण इस प्लांट में ऐसी घटनाएं लगातार घटती आ रही हैं. बता दें कि कुछ माह पूर्व चिंतपूर्णी प्लांट में बॉयलर फटने की घटना में दो मजदूरों की मौत हो गई थी.

### पांच को एमजीएम में ओपीडी का उद्घाटन करेंगे सीएम

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में नवनिर्मित अस्पताल में पांच अक्टूबर को ओपीडी सेवा का शुभारंभ होगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन करेंगे. इसको लेकर बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया. साथ ही अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा भी की.

## केरेडारी में हाइवा में आगजनी का टीपीसी ने लिया जिम्मा

- टीपीसी ने बीकेएस तिवारी ग्रुप के दावे का खंडन किया

**संवाददाता। हजारीबाग**

केरेडारी में सोमवार की देर रात पांच हाइवा में आगजनी व गोलीबारी मामले में नया मोड़ आया है. एक दिन पूर्व बीकेएस तिवारी ग्रुप ने पोस्टर जारी कर इस घटना की जिम्मेदारी ली थी. अब टीपीसी उग्रवादी संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना की जिम्मेदारी ली है. साथ ही बीकेएस तिवारी ग्रुप के दावे का खंडन भी किया है. टीपीसी दक्षिणी पश्चिमी जोनल सदस्य की ओर से जारी विज्ञप्ति ने कहा गया है कि 30 सितंबर को चट्टी बरियातू परियोजना की कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगी हाइवा में आगजनी व गोलीबारी की घटना को टीपीसी संगठन द्वारा अंजाम दिया गया है. अगस्त माह में सदबाह नदी के पास भी हमारे संगठन द्वारा गोलीबारी की गई थी. हमारे संगठन की बात नहीं मानने पर इससे भी भयावह परिणाम भुगतना पड़ेगा.

**कोयला कारोबार से जुड़ी कंपनियों को चेतावनी :** टीपीसी ने कहा है कि बड़कागांव, केरेडारी और टंडवा माइंस क्षेत्र में चल रही तमाम कोयला कंपनियों और अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि कोयला का काम हमारे संगठन से बात करके करना होगा. तमाम गाड़ी मालिक, चालक और उपचालक को कड़ी चेतावनी दी जा रही है कि जब तक कंपनी संगठन से बात करके काम नहीं करती है, तब तक आप लोग गाड़ी रोड में नहीं चलाएं. अन्यथा जो नुकसान होगा, इसके जिम्मेदार आप खुद होंगे.

### विकास कार्य | लोस चुनाव में बरकानी के ग्रामीणों ने दिखाई हठधर्मिता, तो राज्य सरकार जागी

## वोट बहिष्कार किया तो 70 साल बाद सड़क निर्माण की नींव पड़ी

**संवाददाता। चक्रधरपुर**

प्रखंड की हतनातोड़ांग पंचायत के बरकानी गांव में आजादी के बाद से ही सड़क नहीं थी. 70 साल से ग्रामीण सड़क की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी भी सरकार या उसके नुमाइंदों ने मांग पूरी नहीं की. वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव में बरकानी गांव के ग्रामीणों ने भी हठधर्मिता दिखाई. उन्होंने वोट का बहिष्कार किया, तो राज्य सरकार जागी. इस गांव के किसी भी ग्रामीण ने वोट नहीं किया था. इसका असर हुआ कि बुधवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी व चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया. यहां गांव के दिउरी ने विधिवत पूजा अर्चना की. मौके पर मुख्य रूप से भाग एक की जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हांसदा भी मौजूद थीं. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 4.11 करोड़ की लगात से पेटेढीपा चौक से बोन्डीह तक 3.5 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा. गांव में सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन होने पर ग्रामीणों में खुशी देखी गई. सांसद जोबा माझी ने कहा कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है. सरकारी कार्यों में थोड़ी देर होती है, पर कार्य अवश्य ही पूरा होता है. स्थानीय ग्रामीण अपनी देखरेख में बेहतर सड़क का निर्माण कराएं.

भूमि पूजन के दौरान गांव के मुंडा सनातन केराई, ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता पप्पू कुमार, समाजसेवी चंद्रकांत हांसदा, समाजसेवी अनिल कुमार सामड, झामुमो नेता प्रदीप महतो, अमर बोदरा, मदन केराई, मरकुस गागराई, पलटन गागराई, संजय केराई, रामसिंह केराई, वासुदेव केराई, लक्ष्मण केराई, मोहन केराई के अलावे गांव के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे.


सांसद व विधायक ने किया भूमि पूजन ग्रामीणों में खुशी

बरकानी गांव में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन करतीं सांसद जोबा माझी.

### लोस चुनाव में ग्रामीणों ने किया था वोट बहिष्कार

बरकानी गांव में में लगभग 1200 की आबादी रहती है. ग्रामीण पेटेढीपा चौक से लेकर बोन्डीह तक सड़क के निर्माण की मांग वर्षों से करते आ रहे थे. लोकसभा चुनाव के दिन सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार कर दिया था. इसके कारण बरकानी गांव के बूथ संख्या 83 प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र में सुबह से लेकर शाम तक पीठासीन पदाधिकारी मतदाताओं का इंतजार करते रह गये थे. ग्रामीणों को समझाने के लिए पदाधिकारियों के अलावा कई राजनीतिक दल के नेता पहुंचे थे, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अडिग थे.

### गांधी और शास्त्री जयंती पर रजरप्पा में दो किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# मिनी मैराथन में दौड़े सांसद, 500 बच्चों ने लिया भाग

संवाददाता। रामगढ़

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर रजरप्पा में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान दो किलोमीटर की इस प्रतियोगिता में स्वेच्छा से लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया. इसमें सफल होने वाले बच्चों में अमर कुमार प्रथम, नीतीश कुमार द्वितीय तथा दीपक कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिकाओं में प्रियम पटेल प्रथम, अंजनी कुमारी द्वितीय तथा प्रतिभा कुमारी तृतीय स्थान पर रही. मौके पर झारखंड जोन-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डा एसके शर्मा ने बच्चों की सफलता पर उत्साहवर्धन किया. प्राचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम देश के समस्त विद्यालयों में आयोजन डीएवी सीएमसी के निदेशक डॉ. वी सिंह के निर्देशानुसार किया गया. इसी परिप्रेक्ष्य में झारखंड जोन-डी के समस्त विद्यालयों में रन फॉर डीएवी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अभिभावकों, शिक्षक–शिक्षिकाओं, ऑफिस स्टाफ सहित कर्मचारियों ने अपनी भूमिका दी.


गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मिनी मैराथन का शुभारंभ किया.

# पीवीयूएनएल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

संवाददाता। रामगढ़

पीवीयूएनएल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम में पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह, रीता सिंह, अध्यक्ष स्वर्णरेखा महिला समिति और महिला समिति की सदस्यों ने भाग लिया. अपने संबोधन में आरके सिंह ने महात्मा गांधी के आदर्शों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और स्वतंत्रता संग्राम आंदोलनों की चर्चा की. सभी अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी.

स्वच्छता पखवाड़ा का समापन भी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर सफलतापूर्वक हुआ. 17 सितंबर से शुरू हुई स्वच्छता अभियान के दौरान पीवीयूएनएल में कई आयोजन किए गए, जिनका उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था. इस दौरान पीवीयूएनएल द्वारा कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाए गए. विद्यालय के छात्रों के लिए क्विज़ का आयोजन किया गया. स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य वार्ता और निवारक स्वास्थ्य जांच आयोजित की गई, ताकि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके.


गांधी और शास्त्री जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.

## ब्रीफ खबरें

### डेंगू की चपेट में आने से पत्रकार भदानी का निधन

**कोडरमा।** जिले में जानलेवा डेंगू की रोकथाम को लेकर नगर परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं. बुधवार को डेंगू की चपेट में आने से शहर के विद्यापुरी निवासी संवाददाता साहिल भदानी (26) का निधन हो गया. साहिल पिछले चार दिनों से बुखार से पीड़ित थे. चिकित्सक ने शुरुआती जांच में इसे वायरल फीवर बताया था. इसके बाद दो दिनों तक घर में ही उनका इलाज चला. इसके बाद दोबारा मेडिकल जांच रिपोर्ट में प्लेटलेट्स कम होने की जानकारी सामने आई. सोमवार की शाम उन्हें इलाज के लिए केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया. उनके निधन पर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, कांग्रेस प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, डॉ. सौरभ कुमार, अविनाश सेठ, विशाल भदानी आदि ने शोक व्यक्त किया है.

### बिरहोर युवक ने फांसी लगायी

**कोडरमा।** पति पत्नी के बीच विवाद होने के कारण एक बिरहोर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मरकच्चो थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत स्थित तेलियामारन बिरहोर टोला निवासी सुरेश बिरहोर का बड़ा पुत्र रंजीत बिरहोर (29) ने मंगलवार की शाम अत्यधिक शराब पीकर घर पहुंचा, जिसे लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया. उसी समय बिरहोर घर से निकल गया. देर रात नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर कहीं पता नहीं चल पाया. सुबह कुछ बच्चे जंगल की ओर खुंखडी के लिए जा रहे थे इसी बीच बच्चों ने देखा कि रंजीत बिरहोर का शव एक पेड़ में फांसी के फंदे से लटका है.

### जीटी रोड के किनारे अतिक्रमण के खिलाफ बीडीओ सह प्रभारी सीओ का बड़ा एक्शन

# 70 खीरमोहन दुकानदारों को 3 दिन में अतिक्रमण हटाने का नोटिस

संवाददाता। चौपारण

जीटी रोड के किनारे अतिक्रमण के खिलाफ बीडीओ सह प्रभारी सीओ सीमा कुमारी बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है. इस संबंध में सीओ ने पहले नोटिस जारी कर तीन दिन का अल्टीमेटम जारी किया है. सीओ ने चौपारण के केंदुआ मोड़ से चतरा मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ लगभग 70 से अधिक खीरमोहन दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस भेजा है.

नोटिस में सभी दुकानदारों को सूचित किया गया है कि आप सभी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण में अधिग्रहित भूमि पर दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है. सभी को आदेश दिया गया है कि तीन दिन के अंदर अतिक्रमित भूमि को खाली करें अथवा मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष 4 अक्टूबर को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर लिखित एवं मौखिक रूप से अपना पक्ष रखें. अतिक्रमित भूमि खाली न करने की स्थिति में इसे बलपूर्वक हटाने की भी चेतावनी दी गई है, जिसकी जिम्मेवार दुकानदार स्वयं होंगे तथा खर्च की राशि भी दुकानदारों से वसूलने की बात कही गई है. बताते चलें कि अतिक्रमण के कारण सड़क पर दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है.

**चौपारण के इन दुकानदारों को भेजा गया नोटिस :** कावेरी खीरमोहन, राधिका ख़िरमोहन दुकान, रौशनी फेमस ख़िरमोहन दुकान, ख़ानदानी ख़िरमोहन दुकान, मां रजरप्पा ख़िरमोहन दुकान, फैमली खीरमोहन दुकान, खानदानी खीरमोहन दुकान, मौ गौरी खीरमोहन दुकान, मटका खीरमोहन दुकान, दिव्य फेमस खीरमोहन दुकान, पांडेय जी खीरमोहन दुकान, मधुलिका खीरमोहन दुकान, विशाल खीरमोहन दुकान, कृष्णा खीरमोहन दुकान, शिवम खीरमोहन दुकान, सीएम खीरमोहन दुकान, दिव्य फेमस खीरमोहन दुकान, खानदानी खीरमोहन दुकान, मारूति खीरमोहन दुकान, विश्वकर्मा खीरमोहन चुकान, प्रिंस खीरमोहन दुकान, राधे कृष्णा खीरमोहन दुकान, फेमस खीरमोहन दुकान, नंदी खीरमोहन दुकान, गोकुल खीरमोहन दुकान, चौपारण खीरमोहन दुकान, मामा खीरमोहन दुकान, खानदानी खीरमोहन दुकान, विष्णो खीरमोहन दुकान, साई राम खीरमोहन दुकान, विशुन खीरमोहन दुकान, वसुदेव खीरमोहन दुकान, वैष्णवी खीरमोहन दुकान, केशरी खीरमोहन दुकान, शिव गंगा खीरमोहन दुकान, राधे खीरमोहन दुकान, रसरास खीरमोहन दुकान, मां छिन्मस्तिका खीरमोहन दुकान, दुर्गा खीरमोहन दुकान, सागर खीरमोहन दुकान, जानकी खीरमोहन दुकान, राजेंद्र खीरमोहन होटल, मां भद्रकाली खीरमोहन दुकान, मां तारा खीरमोहन दुकान, मां भगवती खीरमोहन दुकान, बिहारी बाबु खीरमोहन दुकान, मां भद्रकाली खीरमोहन दुकान, फेमस ख़िरमोहन मोहन दुकान, झारखंड फेमस ख़िरमोहन दुकान, फेमस मटका ख़िरमोहन दुकान, मनोकामना ख़िरमोहन दुकान, महाराजा ख़िरमोहन दुकान, वृंदावन ख़िरमोहन दुकान, पुराना वृंदावन ख़िरमोहन दुकान, हरिओम ख़िरमोहन दुकान, जय मां भद्रकाली ख़िरमोहन दुकान, मां विंदयावासिनी ख़िरमोहन दुकान, ओम ख़िरमोहन दुकान, जय श्री राम ख़िरमोहन दुकान, राम जी ख़िरमोहन दुकान, शिव खीरमोहन दुकान, सिंह खीरमोहन दुकान, जय माता दी खीरमोहन दुकान, जय मां महारानी खीरमोहन दुकान, मां जगदम्बा खीरमोहन दुकान, जय मां लिलौरी खीरमोहन दुकान, जय मां भवानी खीरमोहन दुकान को नोटिस भेजा गया है.


सड़क पर निकली बीडीओ सह प्रभारी सीओ सीमा कुमारी.

# उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफ़ी प्रमाणपत्र का हुआ वितरण

संवाददाता। कुंदा (चतरा)

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले झारखंड सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा तोहफ़ा दिया है. मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत 200 यूनिट से कम खर्च करने वाले उपभोक्ताओं के बकाया घरेलू बिजली बिल सरकार ने माफ कर दी है. इसे लेकर बुधवार को सुपरवाइजर पिंटू सिंह ने "मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना" के तहत प्रखंड के लगभग दो दर्जन बिजली उपभोक्ताओं के बीच बिजली माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. प्रखंड में घर–घर जाकर बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया. उन्होंने बताया की झारखंड सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में अगस्त माह 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है. इसके तहत बिजली उपभोक्ता राधेश्याम गुप्ता का 14000, जानकी प्रसाद गुप्ता 12000, कृष्णा कुमार गुप्ता का 10000 रूपये, लहेश प्रसाद सिन्हा, अजीत कुमार मिश्रा समेत लगभग 2 दर्जन उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफ़ी का प्रमाण पत्र बांटा गया, जिसे झारखंड सरकार के ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफ कर दिया गया. बिजली माफी का प्रमाण पत्र पाते ही उपभोक्ताओं में हर्ष का माहौल है तथा उनलोगों ने झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया है. इस प्रमाण पत्र वितरण के मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, ऊर्जा मित्र मनीष कुमार, प्रगुण कुमार, जाहिद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे.


बिजली बिल माफ़ी प्रमाणपत्र के साथ उपभोक्ता.

**खास बातें**

- बिजली बिल माफी प्रमाणपत्र पाकर उपभोक्ता गदगद
- सरकार के प्रति उपभोक्ताओं ने जताया आभार

# पूर्व सांसद ने बापू और शास्त्री की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

संवाददाता। हजारीबाग

पूर्व सांसद सीपीआई के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने बापू महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पण किया.

पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों की कामयाबी भारत देश के लिए महान उपलब्धि है. जबकि बापू गांधी जी को देश के अलावा विदेश में भी पूजा की जाती है. महात्मा गांधी जाति, धर्म, समुदाय, उच्च-नीच की भेदभाव को मिटाकर संपूर्ण देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया और एक धोती मात्र पहनकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते रहे. उसके परिणाम स्वरुप 15 अगस्त 1947 में भारत देश आजाद हुआ. जबकि गांधी जी एक धोती पहनकर पूरे देश में आंदोलन किया जो आज के नेताओं को भी उनसे सीख लेनी चाहिए, जो देश के लिए अनिवार्य है. वहीं लाल बहादुर शास्त्री भी प्रधानमंत्री रहते हुए, अपने ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरे भारत में ईमानदारी का शासन चलाया.

### उपायुक्त ने गांधी और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके आदर्शों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए. उन्होंने कहा कि पूरा विश्व 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती को "अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस" के रूप में मनाता है. यह हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है. उन्होंने कहा राष्ट्र के प्रति सच्ची देशभक्ति की भावना जागृत करने में इन महापुरुषों का अहम योगदान रहा है. इनका संपूर्ण जीवन हम सब के लिए अनुकरणीय है.

# गांधी जयंती पर पंचायतों में हुआ आमसभा का आयोजन


ग्राम सभा में मौजूद लोग.

संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)

गांधी जयंती के अवसर कदगांवा कला पंचायत सचिवालय समेत प्रखंड के अन्य पंचायतों में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत विशेष आमसभा का आयोजन किया गया. कदगांवा कला पंचायत सचिवालय में मुखिया अशोक कुमार व पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार एवं पंचायत सचिव विश्वजीत कुमार ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. जहां सबकी योजना सबका विकास के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन मुखिया अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित विशेष ग्राम सभा में गांव के विकास योजना पर विस्तार से चर्चा की गई. मुखिया ने वार्ड प्रतिनिधियों से कहा कि गांवों के विकास के लिए योजनाओं का चयन प्राथमिकता के आधार पर करें. इस मौके पर पंचायत क्षेत्र के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### कांग्रेस कार्यालय में मनी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, प्रखंड अध्यक्ष बोले

# बापू ने मानव जाति को रोशनी देने का काम किया

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय विधायक आवास में प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव के नेतृत्व में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई. विधायक अकेला ने इस अवसर पर महात्मा गांधीजी और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और गांधी जी के स्वच्छता, समरसता, सत्यनिष्ठा, मानवता और सामाजिक समरसता के मार्गो को अपनाने को ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया. वहीं प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि बापू को जन्म-जयंती पर शत-शत नमन. उनका जीवन सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित रहा है. जो हमेशा प्रेरणादायक रहेगा. दोनों नेताओं की शिक्षाएं आज भी प्रेरणा देती हैं और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का यह दिन एक महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने कार्यकर्ताओं को गांधी और शास्त्री जी के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया. कार्यक्रम के दौरान विधायक और कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के महत्व पर भी चर्चा की और इस दिन के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मंटु यादव, बालकिसुन यादव, प्रहलाद सिंह, विशुंधरी महतो, अब्दुल अज़ीज़, नारायण प्रजापति, सुखदेव यादव, देवलाल साव, यदुनंदन यादव, मिशन सिंह, मोहम्मद अतीक, पंकज रविदास, बीरबल साव, महेश केसरी, देवेंद्र सिंह, अमलेश यादव, मनोज यादव, मोहम्मद गुलबहार, मुकेश यादव, बबलू रविदास इत्यादि सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे.


चौपारण प्रखंड कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई.

# दो दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे मंत्री सत्यानंद भोगता

संवाददाता। चतरा

राज्य के उद्योग व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोगता दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को चतरा पहुंचे. मंत्री गांधी जयंती के अवसर पर चतरा डीएमएफटी हॉल में श्रम विभाग द्वारा आयोजित योजनाओं का शिलान्यास, उदघाटन सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस मौके पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मंत्री ने परिसंपत्तियों का वितरण एवं निजी संस्थान में युवतियों के बीच ऑफर लेटर का वितरण किया. साथ ही साथ कई योजनाओं का फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया. इस मौके पर अपर समाहरता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम, श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, अतीक मंसूरी, बिनोद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद भोगता, प्रदेश महासचिव रश्मि प्रकाश, जिला अध्यक्ष शारदा देवी एवं अन्य लोग मौजूद थे.



**पहल**

### गांधी जयंती पर नावाडीह पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

# ग्राम सभा में सतत विकास लक्ष्यों पर हुई विशेष चर्चा

संवाददाता। चतरा

गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को ग्राम पंचायत नावाडीह में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई.

कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामीणों में राष्ट्र प्रेम और संविधान के प्रति जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रगान, राष्ट्रीय प्रतिज्ञा और संविधान की प्रस्तावना के साथ हुई. इसके पश्चात, पंचायत प्लानिंग कैंपेन के अंतर्गत एक वीडियो प्रस्तुत किया गया. जिसमें पंचायत की योजनाओं और ग्रामीण विकास से जुड़े अभियानों पर जानकारी दी गई. सभा में सतत विकास लक्ष्यों पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें 9 मुख्य थीम्स पर विचार-विमर्श किया गया. इन लक्ष्यों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर पीपीटी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया. गांधी जी के स्वच्छता के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, ग्राम सभा के अंत में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. स्वच्छता अभियान का उद्देश्य था गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना, जिससे गांधी जी के सपने को साकार किया जा सके. इस अवसर पर पंचायत के मुखिया बसंती पन्ना, पंचायत सचिव अंजली, जनसेवक योगेश शर्मा, पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अमित शिवशंकर, वार्ड मेंबर, स्थानीय नागरिक और काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे.


पंचायत नावाडीह में बुधवार को आयोजित विशेष ग्राम सभा में मौजूद लोग.

**खास बातें**

- पंचायत की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दी गई जानकारी
- पीपीटी के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

### सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

# स्वच्छता को संस्कार के रूप में स्थापित करेंगे : जीएम

संवाददाता। रामगढ़

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का आयोजन भव्य रूप से किया गया. रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा की इस वर्ष की थीम "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" का प्रमुख उद्देश्य स्वच्छता को केवल एक अभियान या कार्य नहीं, बल्कि एक आदत और संस्कार के रूप में स्थापित करना था. सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने इस विषय को आत्मसात करते हुए स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच को बदलने और इसे जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया. यह अभियान पूरी तरह से जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों पर आधारित रहा. इसमें क्षेत्र के विभिन्न वर्गों से लोग जुड़े और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सक्रिय रूप से भाग लिया. सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र का यह प्रयास न केवल अपने कार्यक्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए है, बल्कि इसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का एक दृढ़ संकल्प भी है. वहीं सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रकार के कुल 11 स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें अवैध कचरा स्थानों की सफाई, रजरप्पा मंदिर प्रांगण की सफाई, कॉलोनी में साफ सफाई, आस पास के गांवों में पौधरोपण, स्वच्छ ग्राम संवाद, युवा पंचायत का आयोजन, विद्यालयों में निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला निर्माण, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर तथा सम्मान समारोह आदि शामिल थे. सीसील रजरप्पा सीएसआर की इस पहल से हम न सिर्फ कॉलोनीवासियों, बल्कि अपने कमांड क्षेत्र में रह रहे जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने में सफल हुए, जबकि स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार ने बताया की "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" की थीम के अंतर्गत चलाए गए इस अभियान ने स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया. सीसीएल राजरप्पा क्षेत्र ने अपने कर्मियों, स्थानीय नागरिकों और विशेष रूप से युवाओं के साथ मिलकर इस अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया.

## ब्रीफ खबरें

### हर परिवार को मिलेगा योजना का लाभ: महली

**भंडरा/लोहरदगा।** सरकार आपके द्वार के तहत भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर ग्राम पंचायत उदरंगी के मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि पंचायत के एक भी घर विकास से वंचित नहीं रहेगा. उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि सभी घरों में एक-एक योजना दिया जाएगा. मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि पंचायत के जनता अपने हक अधिकार की प्राप्ति हेतु हमेशा आगे आएं. वहीं संगीता श्रीवास्तव ने बताया कि पेंशन, लघु उद्योग, मनरेगा सार्वजनिक,पशुधन विकास योजना सहित कई योजना है. मौके पर कई अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

### नवाह्न पारायण यज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**मेदिनीनगर।** पोलपोल में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ के 48 वा अधिवेशन को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली. कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु रंग बिरंगे परिधानों में कलश लिए यज्ञ मंडप पहुंचे. वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कराया गया. इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था. कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जयकारे तथा कलश यात्रा में महिलाओं की पंक्तिबद्ध शैली मनोरम दृश्य प्रस्तुत कर रहा था.

### स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे नितिन

**मेदिनीनगर।** समाजसेवी सह अधिवक्ता नितिन कुमार पांडे ने



स्वास्थ्य विभाग प्रशासन से मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर व विश्रामपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. श्री पांडे ने कहा कि विगत कुछ दिनों से पलामू जिला में अवस्थित कई स्वास्थ्य केंद्रो से लगातार शिकायत आ रही है कि मरीजों को वहां कोई सुविधा नहीं मिल रही है और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### पंचायत सचिवालय में मनी गांधी-शास्त्री की जयंती

**रमना।** भारत के दो महान विभूतियों का जन्मदिन पुरे प्रखंड में सम्मान पुर्वक मनाया गया. सिलीदाग पंचायत सचिवालय में मुखिया अनिता देवी, पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह व उपस्थित ग्रामीणों ने सत्य अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री सादगी व सरल जीवन जीने वाले लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर फूल अर्पित कर देश हित में किये गये कार्यों को याद किया. मौके पर वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, विनय ठाकुर, नैना देवी, सरदार उरांव, सतेंद्र पाल आदि उपस्थित थे.

### जीएन कॉन्वेंट में मनी गांधी - शास्त्री की जयंती

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के छवि पर पुष्प अर्पित कर किया. इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए.जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता और स्पीच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया.

---

लोहरदगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का उपायुक्त -एसपी ने किया शुभारंभ

## लोहरदगा ने स्वच्छता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया है : डीसी

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया. साथ ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का भी शुभारंभ किया गया. दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, एसपी हारिस बिन जमां व जिला के अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. इससे पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया. कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि "स्वच्छता ही सेवा" अभियान अंतर्गत जिला में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक व संवेदनशील बनाने के लिए साइकिल रैली, मैराथन दौड़ समेत कई अन्य कार्यक्रम किए गए. इस कार्यक्रम के जरिए लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संचार हुआ. विशेष कर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की पदाधिकारियों द्वारा इसमें बेहतर प्रयास किए गए. इसके जरिए लोहरदगा जिला में स्वच्छता की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाया है और मुझे पूर्ण भरोसा है की यह संकल्प आगे भी जारी रहेगा. इस बीच उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती है.



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते डीसी और एसपी.

### स्वच्छता से जीवन में खुशहाली आती है: एसपी

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि आज दो महापुरुषों का जन्म दिवस है . दोनों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहूति दी और शांति का रास्ता दिखाया, वह अकल्पनीय है . हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए और उनका संस्मरण करना चाहिए . महात्मा गांधी ने स्वच्छता के लिए दो महत्वपूर्ण बातें कहीं हैं . उसमें स्वयं की स्वच्छता एवं अपने आसपास के जगह की स्वच्छता का जिक्र है . अगर आप स्वयं स्वच्छ रहते हैं और अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई नहीं रखते हैं तो आप अपने जीवन का विनाश करते हैं . स्वच्छता के माध्यम से ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है . हमें स्वच्छता के मिशन को आगे ले जाना है . वहीं उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा स्वच्छता ही सेवा अभियान जिला में बीते दिनों से चलाया जा रहा था .

---

झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में बोले मिथिलेश ठाकुर

## जनता को अपने हाल पर छोड़ देना ही पूर्व के जन प्रतिनिधियों का था काम

**संवाददाता। गढ़वा**

रमकंडा प्रखंड के अंतर्गत उदयपुर पंचायत के पुनदागा दुर्गा पूजा मैदान में बुधवार को झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया. इससे पूर्व मंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस दौरान पारंपरिक आदिवासी गीत, नृत्य, बड़ा माला एवं पत्तों का पारंपरिक माला व टोपी पहनाकर मंत्री का भव्य स्वागत किया गया. समारोह में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं सहित पूरे रमकंडा प्रखंड के सभी पंचायतों से लगभग पांच हजार लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए. मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया. मौके पर मंत्री ने क्षेत्र के कई प्रबुद्ध जनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ठग कर वोट लेना एवं जनता को अपने हाल पर छोड़ देना ही पूर्व के जनप्रतिनिधियों का काम था. किसी ने 10 साल, किसी ने 17 साल तक गढ़वा की जनता का शोषण किया. जात, धर्म के नाम पर वोट लेते रहे और अपना काम बनाते रहे. मंत्री ने कहा कि झामुमो के नीति, सिद्धांतों एवं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर हजारों की संख्या में लोग भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं. रमकंडा का भाजपा लगभग पूरी तरह से झामुमो में समा गया है. इतना ही से समझा जा सकता है कि जो पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान नहीं दे सकती वो जनता को क्या देगी. उन्होंने कहा कि झामुमो का काम गरीब, पिछड़े, आदिवासी को हक दिलाना है. जो लोग राज्य अलग करने का विरोध कर रहे थे, वही लोग जोड़ तोड़ कर सत्ता पर काबिज रहे एवं राज्य को लूटते रहे. राज्य की जनता रोटी, कपड़ा, मकान के लिए टकटकी लगाये रही. जब 2019 में जनता ने अपनी अबुआ सरकार बनायी तो उसी दिन से जनता को लाभ मिलने लगा. मंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में रमकंडा में जितना काम हुआ है उतना आजादी के बाद से साढ़े चार वर्ष पूर्व तक नहीं हुआ था. मंत्री ने कहा कि उन्हें अगर 10 साल, 17 साल मौका मिला होता और दूसरा कोई तीन साल में उनसे ज्यादा काम कर देता तो वे कभी चुनाव नहीं लड़ते न ही कभी जनता को अपना मुंह दिखलाते. उन्होंने कहा कि आज गरीब, बेटी बहनों को सरकार एक हजार रूपये प्रतिमाह दे रही है, तो विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा है. भाजपा के लोग इसे बंद कराने के लिए कोर्ट में केस कर रहे हैं. मंत्री ने कहा कि किसी भी हाल में मंईयां सम्मान योजना बंद नहीं होगा. बल्कि अगले साल से राशि बढ़ाकर 1250 रूपये, फिर 1500 रूपये कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि अपना काम कराने के लिए आपको सरकार के पास नहीं जाना पड़ रहा है. बल्कि सरकार एवं सभी अधिकारी आपके द्वार तक पहुंचकर आपका काम कर रहे हैं. मौके पर उमेश यादव, तपेश्वर सिंह खरवार आदि ने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील की. पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा छोड़ कर उमेश यादव, राजेंद्र सिंह खरवार, रामप्रवेश यादव, चंदन प्रसाद, नागेश्वर तिवारी, धर्मदेव यादव, राजेश्वर यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, एआईएमआईएम के खुर्शीद अंसारी, ब्रजेश पासवान, सुनील भुईयां, गुड्डु खान, राजीव रंजन, दुर्गावती देवी, देवनाथ राम, रमकंडा के सेमरतांड़ टोला के पिंटु ठाकुर, सुशीला देवी, कुबली देवी, कमोदा देवी आदि शामिल थे.



सभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मिथिलेश ठाकुर .

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनायी गांधी जयंती

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155 वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की. महत्मा गांधी की तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि महात्मा गांधी शांति, स्वतंत्रा और समानता के प्रतीक हैं. महात्मा गांधी अहिंसक क्रांति के पुजारी थे. वे सत्य व अहिंसा के बल पर देश को आज़ाद कराया. महात्मा गांधी का सपना था कि आज़ाद भारत में सबको मान सम्मान के साथ रोटी, कपड़ा और मकान मिलेगा, लेकिन गांधी का सपना आज भी अधूरा है. आज देश आतंकवाद व उग्रवाद से जूझ रहा है. देश भय, भूख, भ्रष्टाचार, भुखमरी कुपोषण से ग्रसित है.

### गांधीजी के विचार सदियों तक करते रहेंगे प्रेरित : राजेंद्र सिन्हा

**मेदिनीनगर।** झामुमो के स्थानीय जिला कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. मौके पर जम्मू कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि संपूर्ण विश्व को शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करनेवाले महात्मा गांधी और शास्त्रीजी का जीवन अपने आप में एक आदर्श था. मौके पर वरिष्ठ नेता हाजी ललन, झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, संगठन सचिव शाहबाज खान, व्यवसायिक मोर्चा के अध्यक्ष दीपू चौरसिया, कौशल किशोर, देवानंद भारद्वाज, अखिलेश सिंह, रोहित सिंह, सौरभ पाठक, रजी अहमद, उदय भुइया आदि शामिल थे.

---

## ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं ने सांसद सुखदेव भगत को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता। लोहरदगा**

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार वालों का आज अनिश्चितकालीन सत्याग्रह आंदोलन का 32 वां दिन भी आंदोलन जारी रहा. इस संदर्भ में सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के नाम पर खुला ज्ञापन सौंपा गया. इधर ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार लोहरदगा के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह के अगुवाई में ठगी पीड़ितों के साथ सांसद सुखदेव भगत के आवास में पहुंचकर उनकी अनुपस्थिति में शाहिद अहमद चंगू को ज्ञापन सौंपा गया. इस बीच सांसद सुखदेव भगत के नाम पर शाहिद अहमद के हाथों सौंपी गई आवेदन में उल्लेख किया गया है और कहा गया है कि संसद में विगत साल 2019 में देश के 42 करोड़ ठगी पीड़ितों को उनकी डूबी हुई जमा राशि के भुगतान की गारंटी देते हुए अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम बड्स एक्ट 2019 सर्वसम्मति से बनाया गया था. जिसमें केंद्र सरकार और संसद ने ठगी पीड़ित आवेदकों को 180 दिन में उनकी जमाराशि का दो से तीन गुणा भुगतान करने का वचन दिया था. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच साल में भी बड्स एक्ट को लागू नहीं कर पाए, इससे साबित होता है कि केंद्र के भाजपा सरकार गरीबों का सरकार नहीं बल्कि पूंजिपतियों की सरकार है. हम ठगी पीड़ित सरकार से भीख नहीं मांग रहे हैं बल्कि हमारे खून और पसीने की कमाई गई धन को वापस मांग रहे हैं. इधर सांसद सुखदेव भगत के समक्ष ज्ञापन सौंपने वालों में सुकरू उरांव, शशि नंदन भगत, बजरंग साहू, बैजनाथ महतो, संतोष उरांव, समीना खातुन, किरण कुमारी, गीता उरांव, मांगी उरांव, मीना देवी, पुष्पा देवी, करमी देवी, सामिल देवी, शनिचरिया देवी, सोनमतिया देवी, बलिया उरांव समेत अन्य शामिल थे.

---

मुस्लिम यूथ वेल्फेयर सोसाइटी की टीम को सम्मानित किया गया

## जरूरतमंदों की सेवा के लिए हम हर समय तैयार : बब्बन

**संवाददाता। लोहरदगा**

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सदर अस्पताल लोहरदगा परिसर में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ शंभू चौधरी के अध्यक्षता में जिले के रक्तदाताओं के बीच सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम में डॉक्टर गणेश प्रसाद मिशन हॉस्पिटल के डॉक्टर एलिन कुजूर एवं अन्य चिकित्साकर्मी मौजूद थे. इधर कार्यक्रम के दौरान लोहरदगा के तमाम रक्तदाताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया. यहां पर सम्मानित के पश्चात मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी लोहरदगा जिला टीम के साथ सदस्यों ने मिलकर शपथ लिया की शहर को नशा मुक्त करना है और जरूरतमंदों के लिए ब्लड डोनेट करना है. इधर लोहरदगा जिला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड प्रदेश के मरीजों और जरूरतमंदों को समय-समय मदद करने वाले मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी लोहरदगा जिला टीम को सदर अस्पताल में समाहित में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस बीच मुस्लिम यूथ वेल्फेयर सोसाइटी टीम को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ शंभू चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी के जिलाध्यक्ष मोहेमिन उर्फ बब्बन, सचिव सज्जाद खलीफा, नायाब सदर अरफात आलम, नायाब सेक्रेटरी हैदर अली, सोसाइटी मीडिया प्रभारी तुफैल अंसारी, रक्त दान प्रभारी गुफरान खान, रौनक अंसारी, नूर अंसारी, सैय्यद वसीम, जाहिद अंसारी, सम्मी खान तारीक खान, मेराज अंसारी, रबिल खान, अफरोज, पिक्कू खान, वसीम अंसारी एवं सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी और सदस्यगण मौजूद थे.





सदर अस्पताल में सम्मानित होते मुस्लिम यूथ की टीम.

---

## न्यूज अपडेट

### सबका योजना, सबका विकास अभियान की शुरुआत हुई



**सतबरवा (पलामू)।** बारी पंचायत सचिवालय में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती पर सबका योजना, सबका विकास अभियान शुरू किया गया. उद्घाटन मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर तथा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया. मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने इस मौके पर कहा कि गांधी जी के बताए मार्ग पर चल कर इस देश को विकास की नई उंचाई पर पहुंचाया जा सकता है. सत्य ,अहिंसा के मार्ग पर चल कर शांति, सौहार्द से सब कुछ जीता जा सकता है.

### सलगी पंचायत में चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**कुड़ू लोहरदगा।** जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी में गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर पंचायत के प्राचीन दुर्गा पूजा समिति सलगी और पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाकर गांव की सफाई किया गया. इधर स्वच्छता अभियान में सलगी पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए दुर्गा मंदिर के प्रांगण पर एवं मुख्य सड़क और गली के किनारे साफ-सफाई अभियान चलाया गया. इसके अलावा गांव के हर चौक-चौराहे पर भी स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई किया गया. इस कार्यक्रम में का नेतृत्व ग्राम पंचायत सलगी के मुखिया सुमित्रा देव द्वारा की गई.

### कोलेबिरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**सिमडेगा/कोलेबिरा।** स्वच्छता अभियान के तहत कोलेबिरा बानो चौक और मंदिर परिसर में फैली गंदगी को सफाई की गई. स्वच्छता अभियान के लिए जागरूक किया गया. इस दौरान स्वच्छता के प्रति नारे भी लगाया गया. भारत मिशन के सपने को साकार करने की शपथ ली गई.प्रभात फेरी में सेंटर हेड प्रभु कश्यप, सेंटर इंचार्ज पवन कुमार, एम आई एस रहनुमा प्रवीण, डी डी ओ ट्रेनर सबना प्रवीण,एस ए टी ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उराव, मोबिलिजर योगेश कुमार गुप्ता, और सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे.

### झामुमो ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**सिमडेगा।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर झामुमो सिमडेगा द्वारा गांधी मैदान स्थित बापू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया . इस अवसर पर झामुमो के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, जिला सचिव सफीक खान, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, केन्द्रीय समिति सदस्य मो. शाहिद, बुधिजीवी मोर्चा अध्यक्ष इरशाद आलम, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की, नगर उपाध्यक्ष मो. सिकंदर,नगर उपाध्यक्ष संदीप मिंज,युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, जावेद वारसी, मो. रिजवान, जिला परिषद् सदस्य सांता रोजालिया कांडूलन, मो. अनास और अमजद ओहदार उपस्थिति थे.

### बापू के विचार आज भी है प्रासंगिक : बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई. पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम से पूर्व कांग्रेसजनों ने नगर भवन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने से ही समाज और राष्ट्र का भला होगा. उन्होंने कहा कि बापू के विचार आज भी प्रासंगिक हैं. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

### 200 गांवों में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया गया



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में बाल विवाह मुक्त की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. छोटानागपुर कल्याण निकेतन के सहयोग से जिले के 200 गांवों में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया जा रहा है. गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित विशेष ग्राम सभा में जिले के मुखियाओं ने बाल विवाह मुक्त सिमडेगा बनाने की शपथ ली. बाल विवाह से लड़कों एवं लड़कियों को कम उम्र में विवाह के बंधन में बंध जाना पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा और व्यक्तिगत विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. इससे बच्चों का बचपन खत्म हो जाता है और वे शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण अवसरों से वंचित हो जाते हैं.

### मेदिनीनगर में निकली भव्य शोभायात्रा





**मेदिनीनगर।** नवरात्र की शुरुआत से पहले ही पूरे जिले में वातावरण भक्तिमय हो गया है. महालय के अवसर पर बुधवार को कई जगह कलश यात्रा निकाली गई. वहीं मेदिनीनगर शहर में केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भेजा है बुलावा तुने शेरावालिए समेत कई धार्मिक गीतों पर झूमते हुए माता का जयकारा लगाते चल रहे थे. दुर्गा मंडप से निकली शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए दुर्गाबाड़ी के समीप पहुंची .

---

**राजनीति**

झापीपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने चुंद गांव के लोगों से हुए मुखातिब

## आपके स्नेह-प्यार ने हमें आपकी सेवा के लिए प्रेरित किया: अनिल

**संवाददाता। लोहरदगा**

जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव करीब आ रहा है वैसे-वैसे झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के भाई अनिल कुमार भगत का जनसंपर्क अभियान में और तेजी दिखाई दे रहा है. यहां पर अनिल कुमार भगत लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुड़ू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चुंद के ग्रामीणों से मुखातिब होते हुए उनकी तमाम प्रकार की समस्यायों से अवगत हुए. उल्लेखनीय है कि झापीपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत अपने बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत को आदर्श मानकर राजनीति में कदम रखते ही जनता के बीच चंद दिनों में अपनी अमिट प्रभाव छोड़ रखा है. इधर झापीपु के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता से सीधा मुखातिब होते हुए उनका कुशलक्षेम जानने और उनकी तमाम प्रकार की समस्यायों से अवगत होकर प्राथमिकता के साथ निष्पादन कराए जाने का भरोसा दिलाया. चुंद के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए झापीपु के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता का बढ़ चढ़कर समर्थन हमें प्राप्त हुआ है जो हमें लोहरदगा विस क्षेत्र का नेतृत्व करने हेतु प्रोत्साहित और उर्जा डालने का कार्य किया है. अनिल कुमार भगत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को साकार करने के उद्देश्य से राजनीति में सक्रिय रूप से उतरने का फैसला लिया हूं,आप सभी का आशीर्वचन मिला तो बढ़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा कर दिखाया जाएगा. उन्होंने कहा कि आप हमें नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपे आपकी उम्मीदों पर शत-प्रतिशत खरा उतरते हुए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदल कर रख देंगे. उन्होंने कहा कि लोहरदगा की जनता काफी सरल स्वभाव और सीधे-साधे हैं, जिसका यहां के चुने हुए प्रतिनिधि आजादी के बाद से ही लगातार वोट हासिल कर ठगने का कार्य करते आ रहे हैं. यहां के लोग वर्षों से लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं के झूठे आश्वासन से त्रस्त हैं, इन्हें वोट के बदले हमेशा अंधकार में रखने का कार्य किया गया है. इससे लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के जनता आजादी के बाद से ही खुद को ठगा महसूस करते आ रहे हैं.



लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के जनता से रू-ब-रू होते अनिल कुमार भगत.

---

कुड़ू उप प्रमुख और सीओ ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

## गांधी व शास्त्री के आदर्शों पर चलकर करेंगे काम : ऐनुल

**संवाददाता। कुड़ू/लोहरदगा**

जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरी चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी और अंचलाधिकारी मधूश्री मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. इस बीच उप प्रमुख ऐनुल अंसारी और सीओ मधूश्री मिश्रा के नेतृत्व में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि आज हम सभी देशवासी गर्व और गौरव के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं इसका श्रेय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की बहुत बड़ी देन है. उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान नायक महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री ने देश को शिखर तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ने भारत देश वासियों को आज स्वतंत्र जिंदगी जीने हेतु अपनी जीवन को कुर्बान कर दिया. मौके पर ओम प्रकाश भारती, खुर्शीद अंसारी, विजय उरांव, सज्जाद अंसारी, अनवर अंसारी, खालवा लकड़ा,इ मामुद्दीन अंसारी,असलम अंसारी, सजीर अंसारी,मुनिया उरांव, जॉनसन लकड़ा आदि उपस्थित थे.



महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उप प्रमुख व सीओ.

# ईरान-इजराइल संयम बरतें

जिसकी आशंका थी, आखिर वह हो ही गया. ईरान ने इजराइल पर सैकड़ों मिसाइल दाग दिए. अब तय है कि पश्चिम एशिया अब तक के सबसे भयावह संकट की ओर अग्रसर है. अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है. क्या एक बड़े युद्ध को रोकने की कोई संभावना शेष है? ऐसा कहना मुमकिन नहीं है. संयुक्त राष्ट्र संघ यूक्रेन-रूस और गाजा-इजराइल युद्ध में अपनी ताकत प्रदर्शित करने में विफल रहा है. इजराइल के साथ अमेरिका सहित पश्चिमी देश खड़े हैं, जबकि मध्य एशिया में राजनीतिक एकजुटता नहीं है. बावजूद इस क्षेत्र में कुछ नई आर्थिक ताकतें तेजी से उभर रही हैं. इन देशों के सामने संकट ज्यादा पेचीदा है. तेल और गैस के दाम के प्रभावित होने की पूरी आशंका है. चीन, भारत, ब्राजील जैसे देश शांति के लिए पहल तो कर सकते हैं, लेकिन पश्चिमी दुनिया इस समय जिस तरह इजराइल के साथ एकजुट है और उसने विश्व व्यापी युद्ध विरोधी प्रदर्शनों की उपेक्षा की है, उससे संकेत साफ है. पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और इजराइल और ईरान, हिजबुल्लाह, हुथी के बीच संघर्ष के नए दौर के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब महत्वपूर्ण मोड़ पर है, क्योंकि भू-राजनीतिक चुनौतियां बड़ी हैं. हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद भी इजराइल ने लेबनान में चरमपंथी समूह के ठिकानों पर बमबारी जारी रखी है. इजराइल ने साफ कहा है कि वह हमले बंद नहीं करेगा और इजराइल के हितों पर हमला करने वाले किसी भी देश को नष्ट कर देगा. यह असंभव है कि अमेरिका के अलावा कोई भी इजराइल पर इतना दबाव डाल सके कि वह समाधान की ओर बढ़े और तनाव कम कर सके. प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसे हिजबुल्लाह और ईरान को कमजोर करने के अवसर के रूप में देख सकते हैं. जहां तक भारत के हितों का सवाल है, पश्चिम एशिया में स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और इस क्षेत्र में काम करने वाले भारतीय नागरिकों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर खाड़ी देशों में. इजराइल, ईरान और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष का भारत की अर्थव्यवस्था या खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों में इसके नागरिकों पर सीधा प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है. हालांकि, लेबनान, इराक, ईरान और यमन की स्थिति के अलग-अलग निहितार्थ हो सकते हैं. ईरान के हिजबुल्लाह और अन्य समूहों के साथ मजबूत वैचारिक और व्यावहारिक संबंध हैं. हालांकि इसका भारत पर सीधा असर नहीं पड़ता है, लेकिन यह वैश्विक चिंता का विषय है. भारत तटस्थ रुख रखता है, न तो मध्यस्थता करता है और न ही इजराइल या ईरान के खिलाफ कोई पक्ष लेता है. भारत हमेशा शांति की वकालत करता है, जिससे संघर्ष न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी बड़ी चिंता का विषय बन जाता है. अगर संघर्ष बढ़ता है, तो यह खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों के लिए बड़ा जोखिम पैदा कर सकता है.

> यह असंभव है कि अमेरिका के अलावा कोई भी इजराइल पर इतना दबाव डाल सके कि वह समाधान की ओर बढ़े और तनाव कम कर सके. प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसे हिजबुल्लाह और ईरान को कमजोर करने के अवसर के रूप में देख सकते हैं.

## सुभाषित

**देव्या यया ततमिदं जगदात्मशक्त्या निश्शेषदेवगणशक्ति समूहमूर्त्या।**
**ताम्म्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां भक्त्या नताः स्म विदधातु शुभानि सा नः॥**

सम्पूर्ण देवताओं की शक्ति का समुदाय ही जिनका स्वरूप है तथा जिन देवी ने अपनी शक्ति से सम्पूर्ण जगत् को व्याप्त कर रखा है, समस्त देवताओं और महर्षियों की पूजनीया उन जगदम्बा को हम भक्ति पूर्वक नमस्कार करते हैं. वे हमलोगों का कल्याण करें.

# मास्टर स्ट्रोक बनाम सियासत

**पिछले दिनों मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में यह 'एक देश एक चुनाव' विधेयक लाया जाएगा, लेकिन इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा. अभी अगले कुछ महीनों के दौरान किस तरह से इस विधेयक को लागू किया जाए, इस पर देशभर में इसके उपायों पर चर्चा होगी.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

अब तो सच में ऐसा लगने लगा है कि संसद में और उसके प्रचार में भाजपा का जो नारा था 'चार सौ पार' वह तो नहीं हो सका, लेकिन इतना तो संकेत मिलने लगा है कि संविधान में किसी न किसी प्रकार से संशोधन अवश्य किया जाएगा. क्योंकि, संसद के आगामी सत्र के लिए सरकार द्वारा यह निर्णय ले लिया गया है और जिसे मोदी कैबिनेट ने पास भी कर दिया है कि 'एक देश एक चुनाव' के विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा में पेश किया जाएगा. फिर संसद से पास कराने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा. लेकिन, पेंच यह है कि संसद के दोनों सदनों में भाजपा या सत्तारूढ़ दल के पास इतना बहुमत है कि यह विधेयक 'एक देश एक चुनाव' का पास होकर कानून बन जाए? हां, ऐसा आपने देश में आजादी के बाद पहले चुनाव के बाद बहुत दिनों तक 'एक देश एक चुनाव' होता रहा, लेकिन लोकसभा और विधानसभा बीच में भंग हो जाने के कारण यह क्रम टूट गया. फिर प्रतिवर्ष देशभर में चुनाव होते रहे, जिसका प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता रहा. एक बात यहां जान लेना आवश्यक है कि उस समय देश की आबादी 38 करोड़ ही थी, जिनमें अधिकांश अपना नाम भी नहीं लिख सकते थे. पं. जवाहरलाल नेहरू ने चाहा था कि अगले वर्ष बसंत तक चुनाव करा लिए जाएं, लेकिन देश में एकमुश्त चुनाव कराने के लिए किसे इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए. फिर बंगाल कैडर के आईसीएस सुकुमार सेन पर इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई. इस दुरूह कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सुकुमार सेन को पद्मभूषण से सम्मानित किया गया. देश का पहला चुनाव 25 अक्टूबर, 1951 से फरवरी 1952 के बीच सम्पन्न हुआ. आज भी देश में बहुत कम लोगों को मालूम होगा देश का पहला चुनाव किस चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में संपन्न कराया गया था. पिछले दिनों मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में यह 'एक देश एक चुनाव' विधेयक लाया जाएगा, लेकिन इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा. अभी अगले कुछ महीनों के दौरान किस तरह से इस विधेयक को लागू किया जाए, इस पर देशभर में इसके उपायों पर चर्चा होगी. उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के 32 पार्टियां इसके पक्ष में हैं, जबकि विपक्ष के 15 दल भरी समर्थन में हैं. यह ठीक है कि पूर्व राष्ट्रपति द्वारा दी गई रिपोर्ट में एक साथ चुनाव के विभिन्न गुण—दोषों पर चर्चा की गई होगी, लेकिन आज जब एक वर्ष में देश के कई राज्यों में चुनाव होते रहते हैं, फिर यह कैसे होगा. तो क्या विधानसभा या लोकसभा का चुनाव तब तक लटका रहेगा, जब तक कि देश में एक साथ चुनाव कराने की मियाद पूरी नहीं हो जाती! यदि किसी राज्य का विधानसभा किसी कारण से भंग हो जाता है, तो फिर ऐसी स्थिति में क्या होगा, यह प्रश्न बड़ा ही उलझाने वाला है. क्या इतने समय तक राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू रहेगा? आज तक जो लागू संविधान है, उसके अनुसार छह महीने के अंदर अंदर चुनाव करा लिए जाते हैं, तो इस नियम का क्या होगा? डॉ. पुरुषोत्तम अग्रवाल कहते हैं कि इस समय की विशेषता यह भी है कि देश के महत्वाकांक्षी मध्य वर्ग के बीच लोकतंत्र के प्रति घृणा कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है. वैसे तो इस तबके के कुछ लोग हमेशा से ही भारत में कड़े मिलिट्री शासन की फैंटेसी पालते रहे हैं, लेकिन पिछले दो तीन दशक में ऐसे लोगों की तादात ही नहीं, ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है. लोकतंत्र को देश के विकास में बाधक मानने की सोच तेजी से फैली है. जैसा कि अज्ञान और मूर्खता से उत्पन्न आत्मविशास के हर संस्करण के साथ होता है, ऐसी सोच और सच्चाइयों को सुविधानुसार आंखे मूंदी रहती है. इस बात को भुला देने कि पुरजोर कोशिश की जा रही है कि लोकतंत्र केवल संख्या का खेल नहीं, बल्कि संस्थाओं, मर्यादाओं और परंपराओं के आधार पर चलने वाली व्यवस्था है. यह अल्पमत के साथ सम्मानपूर्वक संवाद करने वाली व्यवस्था है. बहुमत को मनमानी की छूट देनेवाली का साधन—संपन्न लोगों के मनोरंजनार्थ चलने वाली डिबेटिंग सोसाइटी नहीं.अब इसमें संदेह नहीं कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने हजारों पन्नों की रिपोर्ट सौंपी है, उसमें एक साथ सभी चुनाव कराने के गुण—दोषों पर बात नहीं की गई है. लेकिन, विपक्षियों द्वारा सरकार द्वारा फैलाया गया मुद्दा केवल सत्तारूढ़ द्वारा उछाला गया महज एक शिगूफा है, जो देश में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को प्रभावित कर सके. यह आरोप विपक्ष इस आधार पर लगा रहा है, क्योंकि सत्तारूढ़ दल को अपने खुफिया सूत्रों से जानकारी मिल चुकी है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उसकी हार होने जा रही है, इसलिए वहां की जनता के मन में सत्तारूढ़ के प्रति सहानभूति जागे और वे उनके पक्ष में मतदान करे. वैसे, विपक्ष यह कह रहा है कि जब लोकसभा और राज्यसभा में उनका बहुमत है ही नहीं, फिर सत्तारूढ़ दल किस प्रकार अधिनियम लाकर उसे पास कराकर कानून बनाने की सिफारिश कर सकेगा! इसलिए भाजपा का यह कहना संविधान में संशोधन करके कानून बनाकर 'एक देश एक चुनाव' को कैसे मूर्त रूप दे सकेगा! क्योंकि, विपक्ष का आज भी यही कहना है कि भाजपा की शुरू से ही झूठ बोलकर समाज को गुमराह करने की आदत रही है, इसलिए इस बार भी नए जुमले के साथ जनता की सोच को भ्रमित करने के लिए 'एक देश एक चुनाव' का नारा दिया जा रहा है और कहा जा रहा कि शीतकालीन सत्र के दौरान इस विधेयक को लेकर संविधान में संशोधन किया जाएगा. अब देश की जनता को यह देखना है कि इस पर सत्ताधारी भाजपा को जीत मिलती है या फिर विपक्ष अपनी रणनीति के तहत इस अधिनियम को लागू होने को रोक पाता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## सच्चित सुखमय शुद्ध ब्रह्मरूपा

शक्ति से संचालित सृष्टि पांच तत्वों से संसार बना है, उसी से मनुष्य बना है. इस प्रकार मनुष्य प्रकृति का अंग है. उससे अलग उसकी सत्ता नहीं है. हमारी सत्ता और हमारा व्यक्तित्व सभी का निर्धारण हमारे विचार से होता है. जैसा विचार है, वैसा मन होगा और वैसा ही शरीर बनता जायेगा. विचार सात्विक है तो मन भी शुभ और शिव तत्वों से पोषित होगा तथा हमारे कमों और उसको उत्प्रेरक ऊर्जा भी सत् तत्वों से रूपांतरित होगी. हमारे कर्म सदैव उच्च जीवन ऊर्जा से रूपांतरित हो, इसके लिए प्रकृति के विधान का अनुसरण करने भर से सफलता मिलेगी. भौतिक जगत का निर्माण ऊर्जा द्वारा होता है. प्रकृति की दृश्यमान सत्ता के पीछे ऊर्जा की शक्ति होती है. जीवन का निर्माण भी ऊर्जा के माध्यम से होता है. पृथ्वी में जीवन का निर्माण भी बीज रूपी प्राण ऊर्जा से संभव होता है. जीवन का स्फुलिंग ऊर्जा में और ऊर्जा का केंद्र बीज में होता है. यह सत्, बीज, वीर्य या परागकण सबमें जीवन का स्फुलिंग है. इस लौकिक जगत में प्रत्येक जीवन के पीछे एक ही शक्ति होती है. जहां जीवन है वह शक्ति है. जहां शक्ति है, वहां देवी है. प्रकृति में जीवनदायिनी ऊर्जा या रस है, जिस कारण वह शक्ति है. वह गतिमान है, चंचल है और भौतिक है, जिस कारण माया है. शक्ति के द्वारा ही निखिल ब्रह्मांड संचरणशील है. जैसे जगत का विकास होता है, मूलशक्ति अपने विविधि रूपों को धारण करती है. कथा है कि ऋषि भृंगी शिव की परिक्रमा करने की इच्छा प्रकट करते है तो माता पार्वती उनको रोक देती है. वह कहती है कि हम दोनों की परिक्रमा करो, क्योंकि दोनों के मिलन से ही पूर्णता है. भृंगी नहीं मानते है और अकेले शिव की परिक्रमा करने का हरेक प्रयास करते हैं, लेकिन असफलता मिलती है. और वह ऊर्जा यानी प्राणविहीन हो जाते हैं. शक्ति के बिना शिव शव के समान है. शिव के बिना शक्ति निराधार हो जाती है. कृष्ण माता राधा के साथ परमात्मा होते हैं. कृष्ण के बिना गोपियों की स्थिति ऐसी हो जाती है कि उनके शरीर में आत्मा ही नहीं है. अपने बायें अंग के बिना कृष्ण के जीवन में रस और उमंग नहीं वरन् कर्म और दायित्व की प्रधानता हो जाती है. भारतीय दर्शन में माया और शक्ति को स्त्रैण यानी नारीत्व से परिपूर्ण माना जाता है. मानव शरीर के बायें ओर दिल का वास होता है, वह स्त्रीत्व है. इस प्रकार प्रकृति में जहां जीवन है, वहां माता है, शक्ति है. विष्णु भगवान है. सर्वव्यापक है, लेकिन माता लक्ष्मी सदैव उर्वरता और जीवन का आधार रूप में रहती है. कभी प्रकृति कभी पृथ्वी के रूप में. शिव साक्षात प्रकृति है. शिवलिंग ब्रह्मांडीय चेतना का स्वरूप है लेकिन माता गौरी ही इस चेतना की शक्ति है. इस कारण देव को चेतना का स्त्रोत तो देवी को उसका शक्ति कहा गया.

# बेहतर शिक्षा के लिए दक्ष शिक्षक जरूरी

• शिक्षा

अतुल मलिकराम

> कहते हैं अर्ध ज्ञान विनाशकारी होता है, ठीक इसी तरह शिक्षकों का अर्ध ज्ञान भी एक बड़ी समस्या का कारण बन सकता है, और इस समस्या से निपटने का एक ही समाधान है शिक्षकों की ट्रेनिंग पर उचित ध्यान देना. आज जब मैं अपने चारों ओर नजर डालता हूं तो एक विचलित करने वाली सच्चाई सामने आती है.

जब आप अपने स्कूल के दिनों को याद करते हैं, तो सबसे पहले किसका चेहरा याद आता है? शायद उन शिक्षकों का जिन्होंने आपको पहली बार किताबों की दुनिया से परिचित कराया था. जिन्होंने न केवल आपको पढ़ना सिखाया, बल्कि जीवन जीने के मूलभूत सिद्धांत भी सिखाए. जिन्होंने आपके अंदर ज्ञान की वह लौ जलाई, जिसकी रोशनी में आप सफल हुए. सोचिए, अगर वही शिक्षक खुद ही सही जानकारी से वंचित होते, तो क्या होता? शायद आज आप जो हैं, जहाँ हैं, वहां नहीं होते. आचार्य चाणक्य का मानना था कि शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं. समाज में शिक्षक का महत्व किसी भी तरह से कम नहीं आंका जा सकता. वह सिर्फ ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन की राह पर सही दिशा भी दिखाते हैं. जिस प्रकार एक कुम्हार अपने कौशल से मिट्टी को सुंदर से बर्तन का आकार देता है, उसी प्रकार शिक्षक छात्रों के भविष्य को आकार देते हैं. लेकिन सोचिए, अगर कुम्हार खुद ही अपने कौशल में निपुण न हों, तो क्या होगा? कहते हैं अर्ध ज्ञान विनाशकारी होता है, ठीक इसी तरह शिक्षकों का अर्ध ज्ञान भी एक बड़ी समस्या का कारण बन सकता है, और इस समस्या से निपटने का एक ही समाधान है शिक्षकों की ट्रेनिंग पर उचित ध्यान देना. आज जब मैं अपने चारों ओर नजर डालता हूं तो एक विचलित करने वाली सच्चाई सामने आती है. कई शिक्षक, जिन पर हमारे बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी है, वे खुद ही अपने विषय में पूरी तरह दक्ष नहीं हैं. वे जो जानकारी अपने छात्रों तक पहुँचा रहे हैं, वह या तो अधूरी है या फिर गलत. स्थिति यह है कि एक हिंदी भाषा के शिक्षक को ही मात्रा का सही ज्ञान नहीं है. अब जब शिक्षक को ही सही ज्ञान नहीं तो वह बच्चों को सही कैसे सिखा पाएगा! यह सिर्फ एक व्यक्ति की बात नहीं है; एक शिक्षक का अर्ध ज्ञान पूरी पीढ़ी को गलत दिशा में धकेल सकता है. इसलिए, यह समय की मांग है कि हम शिक्षकों के प्रशिक्षण पर गंभीरता से विचार करें. शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना ही नहीं होता है; बच्चों का नैतिक और मानसिक विकास करना भी होता है. इसलिए, ट्रेनिंग कार्यक्रम में उन्हें बच्चों की मानसिकता, उनके सामाजिक परिवेश और व्यक्तिगत मुद्दों को समझने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए. इसके साथ ही शिक्षकों के लिए नियमित मूल्यांकन की व्यवस्था भी जरुरी है. प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि शिक्षक उन सभी तकनीकों और ज्ञान का सही तरीके से उपयोग कर रहे हैं या नहीं. इसके लिए नियमित मूल्यांकन और निरीक्षण भी किया जाना चाहिये. यह तो बात हुई प्रशिक्षण की लेकिन हमारे देश में एक और समस्या है जो हमारी शिक्षा प्रणाली को कमजोर कर रही है, और वह है शिक्षक बनने की आसान प्रक्रिया. यहाँ टीचर बनना इतना सरल है कि जब किसी को और कुछ नहीं सूझता, तो वो इस पेशे को अपना लेता है. इसी मानसिकता के साथ हमारे देश में ऐसे शिक्षक तैयार हो रहे हैं जिन्हें न तो पर्याप्त ज्ञान है और न ही इस बात का एहसास कि उनका कार्य कितना महत्वपूर्ण है. इसके विपरीत, दुनिया के कई अन्य देशों में शिक्षक बनने की प्रक्रिया अत्यधिक कठिन और सम्मानजनक है.

उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में शिक्षकों की तुलना नर्सों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से की जाती है, और यहाँ के लोग अपने बच्चों को शिक्षक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. फ़िनलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में, सबसे योग्य स्नातकों को शिक्षक बनने के लिए चुना जाता है, जबकि चीन और ग्रीस में शिक्षकों को सर्वोच्च दर्जा प्राप्त है. इन देशों में शिक्षक बनने के लिए कठिन परीक्षाएं होती हैं और योग्यता जांची जाती है. लेकिन हमारे देश में, इतने महत्वपूर्ण पेशे के लिए न तो कोई कठिन परीक्षा होती है, और न ही किसी तरह के मापदंड स्थापित किए गए हैं. नतीजतन, किसी भी व्यक्ति के हाथों में हमारे देश के भविष्य को सौंपा जा रहा है. इसलिए, भारत में भी शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपने से पहले कुछ सख्त मापदंडों पर आंका जाना चाहिए, और उनकी शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हमारी अगली पीढ़ी की नींव मजबूत हो सके.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# न्याय के लिए आवश्यक हैं लोकतांत्रिक मूल्य

• लोकतंत्र

सुरेश सेठ

> भारत ने अपनी आजादी के शतकीय महोत्सव में विकसित भारत की स्थापना का लक्ष्य रखा है, और उसका आदर्श है कि वह आर्थिक महाशक्ति बनेगा. न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रतीक 'नमस्ते' को वैश्विक पहचान बनाने का समय आ गया है.

अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए एक नया संकल्प लिया है. उन्होंने कहा कि वह आने वाले दिनों में भारत को पुष्पित बनाएंगे और पुष्प की पंक्तियों से इसे विकसित करेंगे. उन्होंने पी से प्रगतिशील भारत का उल्लेख किया. यह वंचितों के लिए आशा की किरण है, लेकिन अभी बहुत काम बाकी है. अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी अमीर और गरीब के बीच की खाई और बढ़ गई है. यू से अजेय भारत का संकेत है कि भारत की सेना आत्मनिर्भर और आधुनिक हो गई है. देश की अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. एस से आध्यात्मिक भारत का अर्थ है कि आधुनिकता की रौ की बजाय आध्यात्मिक मूल्यों की स्थापना भारत का लक्ष्य होगा. अध्यात्म का सही संदेश अगर कोई दे सकता है तो वह भारत है, लेकिन यह संदेश कट्टरता से मुक्त होना चाहिए. एच से मानवता का समर्थन करता भारत और पी से समृद्ध भारत का संकेत, मंदी के अंधड़ में फंसी दुनिया में भारत की तेज विकास दर को बनाए रखने और अपनी मंडियों में निवेश की मांग को कम न होने देने की ओर है. इन सभी पहलुओं के माध्यम से, प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया है कि भारत को प्रगतिशील, अजेय, आध्यात्मिक और समृद्ध बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है. भारत ने अपनी आजादी के शतकीय महोत्सव में विकसित भारत की स्थापना का लक्ष्य रखा है, और उसका आदर्श है कि वह आर्थिक महाशक्ति बनेगा. न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रतीक 'नमस्ते' को वैश्विक पहचान बनाने का समय आ गया है. उन्होंने भारतीय संस्कृति के सकारात्मक मूल्यों को अमेरिका की सामाजिक व्यवस्था में प्रमुखता देने का संदेश दिया. मोदी ने प्रवासी भारतीयों को देश का ब्रांड एम्बेसडर बताया और कहा कि भारत आज अवसरों की धरती है. भारत में नेतृत्व करने की क्षमता है और वह रुकने या थमने वाला नहीं है. यह प्रेरणा वास्तव में उत्साहजनक है. मोदी यहां अपने देश में हो रहे सेमीकंडक्टर सेक्टर के तेज विकास की ओर इशारा कर रहे थे, जो भारत के डिजिटल परिवर्तन का हिस्सा है. उन्होंने 'मेड इन इंडिया' के तहत सेमीकंडक्टर चिप्स को विकसित भारत की उड़ान के रूप में प्रस्तुत किया. हालांकि, इस डिजिटल युग का लाभ देश की गरीब और वंचित आबादी तक पहुंचाना जरूरी है, जो रोजगार और महंगाई की समस्याओं का सामना कर रही है. मोदी का नेतृत्व सशक्त है, लेकिन उन्हें इन वंचित वर्गों की जरूरतों का ध्यान रखना होगा, ताकि वे डिजिटल भारत में शिक्षा और अवसरों से वंचित न रहें. मोदी जी ने प्रवासी भारतीयों के सामने यह दावा किया कि भारत पहला जी-20 देश है जिसने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को हासिल किया है, और उनका कार्बन उत्सर्जन दुनिया के मुकाबले कम है. उन्होंने कहा कि भारत हरित क्रांति की राह पर अग्रसर है और पर्यावरण प्रदूषण के संकट का सामना करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाएगा. उन्होंने आशा व्यक्त की कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ-साथ विकसित पश्चिमी देश भी इस दिशा में कदम बढ़ाएंगे, क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग सभी के लिए एक गंभीर संकट है.

पिछले दिनों मौसम के असाधारण परिवर्तनों ने न केवल भारत को, बल्कि पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है. इसके परिणामस्वरूप कृषि, उत्पादन और निवेश में अनिश्चितता बढ़ गई है, जिससे मांग में कमी आई है. अमेरिका ने इस समस्या से निपटने के लिए अपनी फेडरल दरों में 50 बेसिस प्वाइंट की कमी की है. लेकिन यह ध्यान रखना चाहिए कि वैश्विक स्तर पर हर क्षेत्र इस संकट का सामना कर रहा है, जिससे मंदी और निवेश की अनिश्चितता उत्पादन की गणनाओं को अस्तव्यस्त कर रही है. इसलिए, दुनिया को समावेशी विकास का नया रास्ता अपनाना होगा. भारत, जो अब दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश बन गया है, अगर बदलाव का नेतृत्व करता है, तो यह सकारात्मक कदम होगा. पश्चिमी और संपन्न देशों को तीसरी दुनिया के देशों की शक्ति का अहसास करना होगा और भारत की नई ताकत को स्वीकार करना पड़ेगा.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# सेबी नियमन में अनेक बदलावों का एलान

**बाजार** नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की बोर्ड बैठक में नियमन में कई बदलावों की घोषणा की गई. सेबी चेयरपर्सन के खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों और खराब कार्यसंस्कृति के आरोपों के बीच नियामक काफी दबाव में था. ये दोनों ही विषय बोर्ड मीटिंग के एजेंडे में नहीं थे.बोर्ड ने कई बदलाव पेश किए. उदाहरण के लिए म्युचुअल फंड के लिए एक नई प्रस्तावित परिसंपत्ति श्रेणी और पैसिव स्कीम के लिए अपेक्षाकृत हल्के मानक पेश किए गए. पैसिव स्कीम में वे म्युचुअल फंड आते हैं जो मानक सूचकांकों का अनुकरण करते हैं. ऐसा प्रतीत होता है कि सेबी का ध्यान कारोबारी सुगमता बढ़ाने पर है.नियामक के वक्तव्य में इसका इस्तेमाल कई बार किया गया. जो उपाय अपनाए गए हैं उनमें से कई पर अतीत में मशविरा पत्रों के माध्यम से चर्चा की जा चुकी है. सेबी के बोर्ड ने कम खुलासों, राइट इश्यू के लिए तेज प्रक्रिया, टी प्लस 0 सेटलमेंट (शेयरों के कारोबार का उसी दिन निपटान) का विस्तार और टी प्लस 0 सेटलमेंट साइकिल के तहत ब्लॉक हुए सौदों के लिए वैकल्पिक प्रणाली आदि पर सहमति जताई. उसने भेदिया कारोबार नियमन की रोकथाम का दायरा बढ़ाया.खुदरा निवेशकों को यह इजाजत होगी कि वे एकीकृत भुगतान इंटरफेस ब्लॉक व्यवस्था का इस्तेमाल कर सकेंगे, जो प्राथमिक इश्यू के लिए रोकी गई राशि समर्थित ऐप्लीकेशन (एएसबीए) के समान होगी.उदाहरण के लिए नई परिसंपत्ति श्रेणी 'निवेश रणनीति' को पहले चर्चा किए जा चुके ढांचे के अधीन रखा जा रहा है. इसका इरादा पारंपरिक म्युचुअल फंड और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं के बीच के अंतर को पाटना है.10 लाख रुपये की न्यूनतम सीमा तय करके वह यह सुनिश्चित करने का काम करेगी कि केवल अपेक्षाकृत अमीर निवेशक और जोखिम ले सकने वाले ही भागीदारी कर सकें. इससे गैर पंजीकृत योजनाओं को बाजार से बाहर करने में मदद मिलेगी.म्युचुअल फंड लाइट के ढांचे पर भी चर्चा हुई. यह विशुद्ध संपत्ति, पुराने प्रदर्शन और प्रायोजकों के मुनाफे की आवश्यकता को कम करके नए कारोबारियों के लिए पैसिव प्रबंधन वाले फंड में प्रवेश आसान बनाता है. न्यासियों पर अनुपालन का अधिक बोझ नहीं होगा और पैसिव योजनाओं की शुरुआत के लिए मंजूरी प्रक्रिया को सुसंगत बनाया जाएगा. इससे प्रतिस्पर्धा और निवेशकों के समक्ष निवेश विकल्प बढ़ेंगे.



(बिजनेस स्टैंडर्ड)

## शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### श्री/सिरी/सिरा

**या** श्रीः स्वयं सुकृतिनाम भवनेष्वलक्ष्मीः पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः. यह श्लोक दुर्गा सप्तशती के चौथे अध्याय से उद्धृत है, जिसमें महिषासुर नामक दैत्य के वध के बाद देवतागण भगवती दुर्गा की स्तुति कर रहे हैं. वे कहते हैं कि भगवती दुर्गा अच्छे कर्म करनेवालों के लिए स्वयं श्री हैं, पापियों के घर में दरिद्रता के रूप में और शुद्ध हृदयवालों के हृदय में बुद्धि के रूप में निवास करती हैं. यहां 'श्री' शब्द शक्ति का द्योतक है. इतनी बात से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि 'श्री' संस्कृत तत्सम स्त्रीलिंग शब्द है. इसके अनेक अर्थ हैं. श्री का मतलब धन-संपत्ति की देवी लक्ष्मी, कमला धन, दौलत, औकात, शक्ति, क्षमता, धर्म अर्थ काम का त्रिवर्ग, कांति, चमक, वैभव, कीर्ति, यश, शोभा, सौंदर्य, गौरव है. भारतीय समाज में पुरुषों के नाम के आगे लगाया जानेवाला आदर सूचक शब्द है श्री. श्रीकांत लक्ष्मी के पति यानी विष्णु को कहा जाता है. शिव पार्वती के पुत्र का नाम श्रीगणेश है. भारतीय समाज में किसी कार्य के प्रांरभ को श्रीगणेश करना कहा जाता है. श्रीमान पुरुषों के नाम के आगे लगाया जानेवाला आदरसूचक शब्द है. विशेषण के रूप में अमीर, धनवान, शोभायुक्त और गौरवशाली व्यक्ति को श्रीमान जाता है. उसी प्रकार विवाहिता स्त्रियों के नाम के पहले जोड़ा जानेवाला शब्द है श्रीमती. वैसे केवल श्रीमती कहेंगे तो उसका मतलब पत्नी होता है. श्री से जुड़कर बननेवाले शब्द असंख्य हैं और सबों का अपना सटीक अर्थ है. इसका श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द है सिरी. श्री का सही ढंग से उच्चारण नहीं करनेवाले इसे 'सिरी' ही बोला करते हैं. सिरी शब्द का अर्थ है भोजन के उद्देश्य से मारे गये पशु या पक्षी का सिर. सिर पर पहना जानेवाले आभूषण को भी सिरी ही कहा जाता है. इससे मिलता जुलता शब्द है सिरा, जिसका मतलब होता है ऊपरी भाग या छोर का अंतिम अंश, छोर, किनारा, आरंभ या अंत का भाग, शीर्ष, नोक.

# दुश्मन को भी न हो जूते चोरी होने का दुख


• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



इस संसार में शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा हो जिसे जीवन में जूते-चप्पल चोरी होने का दुख नहीं हुआ हो. यह दुख सभी के जीवन में आता है, अतः शोक करने योग्य नहीं है. फिर भी शोक तो होता ही है. चप्पल अगर पहनने के बाद व्यक्ति किसी स्थान पर उतारेगा तो कभी न कभी चोरी अवश्य होगी. चप्पल उतारने के बाद भला कितनी देर तक और कितनी दूर तक कोई व्यक्ति अपनी चप्पल का ध्यान रख सकता है ? जब चप्पल दृष्टि से ओझल हो जाती है तब वह भगवान भरोसे हो जाती है . लौटने पर वापस मिल जाए तो भगवान की कृपा है और न मिले तो समझ लो कि चप्पल-चोर ने अपना काम कर दिया. चप्पल जब से महंगी हुई है तब से उसके चोरी होने का दुख भी बढ़ने लगा है. पर्स चोरी हो जाए तो शायद उतना दुख नहीं होगा, जितना चप्पल चोरी होने का होता है . आजकल चप्पल पांच-पांच हजार रुपए तक की मिलती है. उनकी सुरक्षा प्राणों से बढ़कर की जाती है. ऐसे स्थान पर व्यक्ति को जाने से बचना चाहिए, जहां चप्पल उतार कर जाना पड़ता है. अगर जाना मजबूरी है और चप्पल उतारना ही है तब टूटी-फूटी पुरानी चप्पल पहनकर जाना चाहिए. ऐसी चप्पल कि जिसे चुराते हुए चोर भी शर्माए. आप चौराहे पर चप्पल छोड़ कर चले आओ और चौबीस घंटे बाद भी जो वहीं पर पड़ी मिले, ऐसी खराब चप्पल पहनकर उतारने के लिए जाना चाहिए. मेरी राय में तो एक जोड़ी चप्पल व्यक्ति को 'उतारने वाली' बना लेनी चाहिए. जहां कहीं ऐसी जगह जाना हुआ जहां चप्पल उतारती पड़ती है, तो वहां 'स्पेशल उतारने वाली चप्पल' पहन कर चले गए. बेफिक्री के साथ नंगे पैर घूमते रहे. चप्पल की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं. एक जमाना था जब लोग किसी पर गुस्सा होते थे, तो पैर से चप्पल उतार कर दूर से ही फेंक कर मार देते थे. वह सस्ते का जमाना था. चप्पल रही तो कोई बात नहीं, और चली गई तब भी कोई बात नहीं. चप्पल की उन दिनों कोई कीमत नहीं होती थी. तभी तो फेंक कर मार दी जाती थी. आज चप्पल सबसे ज्यादा संजोकर रखने योग्य वस्तु है. चप्पल बहुमूल्य है. उसे खोना कोई पसंद नहीं करता. ब्याह-शादी में दूल्हे का जूता चुराने का रिवाज तब से ही शुरू हुआ होगा, जब से जूता महंगा हुआ होगा. सस्ता होता तो कोई क्यों चुराता और चुरा भी लेता तो उसके मुंह मांगे पैसे भला कौन देता ? एक फिल्म का गाना बहुत मशहूर हुआ. जिसके बोल हैं 'मेरा जूता है जापानी' . इस फिल्मी बोल से भी जूते की महत्ता प्रकट हो रही है. जूते के बारे में गुणीजनों का अनुभव है कि आंख बंद करके भी अगर कोई जूता पहने तो एक सेकंड में पहचान लेगा कि वह अपना जूता पहन रहा है या किसी दूसरे का उसने पहन लिया है . इसके बाद भी जूते चोरी हो जाते हैं. कई बार चोर अपना जूता छोड़ जाता है और दूसरे व्यक्ति का जूता पहन कर चला जाता है. ऐसे में व्यक्ति को बेढ़ंगे, बेडौल और अटपटे साइज का जूता पहन कर घटनास्थल से लौटना पड़ता है. कई बार चतुर लोग नंगे पैर जाते हैं और जूते पहनकर अपने घर लौट आते हैं. ऐसे में जो व्यक्ति जूता पहन कर जाता है, उसे नंगे पैर लौटना पड़ता है.

# नवरात्र विशेष



**बीज मंत्र**

**मां शैलपुत्री**
ह्रीं शिवायै नमः

**मां ब्रह्मचारिणी**
ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः

**मां चंद्रघंटा**
ऐं श्रीं शक्तयै नमः

**मां कूष्मांडा**
ऐं ह्रीं देव्यै नमः

**मां स्कंदमाता**
ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः

**मां कात्यायनी**
क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः

**मां कालरात्रि**
क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः।

**मां महागौरी**
श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः

**मां सिद्धिदात्री**
ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः

नवरात्रि का उत्सव हिंदू धर्म ग्रंथों में वर्णित स्त्री ऊर्जा (शक्ति) के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है. जिस तरह ऋग्वेद में स्त्री ऊर्जा को ब्रह्मांड के सार के रूप में महिमा-मंडित किया गया है उसी तरह नवरात्रि में देवी दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती के माध्यम से दिव्य स्त्रीत्व का उत्सव मनाया जाता है. नवरात्रि के नाम से ही स्पष्ट है कि यह अवधि देवी दुर्गा और उनके नौ दिव्य रूपों की पूजा के लिए समर्पित है.

# सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते

## आइए, नवरात्रि में दें मन को विश्राम और अपने स्रोत से जुड़ें

रात्रि काल विश्राम का समय होता है. दिन भर का थका हमारा शरीर इस अवधि में फिर ऊर्जावान बनने के लिए आराम करता है. इसी प्रकार नवरात्रि का समय हमारी आत्मा के लिए विश्रांति का समय होता है. इस पवित्र नौ दिनों के दौरान हम अपनी इंद्रिय उपभोगों ( जैसे भोजन, बोलना, देखना, स्पर्श, सुनना, सूंघना) को त्याग कर स्वयं में केंद्रित हो कर विश्राम करते हैं. सभी इंद्रिय क्रियाकलापों से दूर रह कर हम अपने भीतर अधिक गहराई तक उतर सकते हैं, जो जीवन में परम् आनंद, उल्लास तथा उत्साह का मूल स्रोत है. शेष दिन हम क्या करते हैं, कभी ध्यान दें तो पाएंगे कि हम सदैव ही मन के खेल में उलझे रहते हैं. वहीं नवरात्रि का समय ऐसा है जब हम अपने मन से विमुख हो कर तथा आत्मा अथवा स्वयं की चेतना में स्थिर हो कर विश्राम पा सकते हैं. यही समय है जब हम अपनी चेतना को अनुभव कर सकते हैं.

नवरात्रि एक बेहतर मौका है जब हम स्थूल भौतिक जगत से सूक्ष्म आध्यात्मिक जगत के परिवर्तन की यात्रा करें. रोजमर्रा की परेशानियों-जिम्मेदारियों से इतर खुद पर ध्यान केंद्रित करें कि हम कौन हैं? कहां से आए हैं, और हमारे इस धरा पर आने का उद्देश्य क्या है. स्वयं के भीतर जा कर देवी मां के वात्सल्य को स्मरण करते हुए, उसके प्रति कृतज्ञ हो जाएं और विश्राम करें. नवरात्रि का समय ऐसा है जब हम अनुभव कर सकते हैं कि यह सृष्टि हमसे अथाह प्रेम करती है और हम इस प्रेम के सागर में विश्राम कर सकते हैं. जब हम विश्राम करके इससे बाहर, स्थूल जगत में आते हैं तो स्वयं को अधिक सशक्त, बुद्धिमान, ऊर्जावान, आनंदित और सामंजस्यपूर्ण महसूस करते हैं.
आमदिनों हम दैनिक जीवन में की जिम्मेदारियों-कामों, भौतिकता में उलझे रहते हैं. इस दौरान हमारे मन में क्षोभ, असंतोष, क्लेश, तर्क वितर्क, दूसरों से तुलना आदि की उथल-पुथल, शोर हावी रहता है. नवरात्रि के समय हम इन प्रवृत्तियों को लांघ कर अपने स्रोत के साथ एक हो सकते हैं. आध्यात्मिक जीवन में उतरने, अपने निजी स्वरूप को अनुभव करने का मार्ग है, मौन, उपवास, मंत्रोच्चार तथा ध्यान.

**मौन**

हम तमाम कोशिशों के बाद भी आंतरिक शांति और गहरे विश्राम का अनुभव नहीं कर पाते हैं. दरअसल हमारा जो मन है वह निरंतर व्यस्त रहता. किसी न किसी चाहत-ख्वाहिशों के संमदर में डूबा रहता. थोड़ी देर का मौन गजब का असर दिखाता है. आजमा कर देखिए, मन की उथल पुथल शांत हो जाएगी. जब मन शांत होगा तो, तभी हम गहरे विश्राम, शांति तथा स्पष्टता का अनुभव करेंगे. कुछ ही दिनों का मौन अपने परिणाम जाहिर करने लगेगा. इसलिए इस नवरात्रि मौन धारण करने के लिए कुछ समय अवश्य निकालें. मन स्वच्छ, निर्मल और कुशाग्र होगा. इसके अभ्यास से हमारे वाणी सजग होगी और प्रज्ञा भी सशक्त होगी.

**उपवास**


शरीर तथा मन का बहुत गहरा संबंध है. शरीर शुद्ध रहता है तो मन की शुद्धता भी प्राप्त होती है. हम क्या खाते हैं, उसकी श्रेणी, गुणवत्ता और मात्रा हमारे शरीर पर गहरा प्रभाव डालते हैं. कुछ खाद्यपदार्थ तो ऐसे होते हैं जो हमारे शरीर के विषैले तत्त्वों में वृदधि करते हैं. हमारे शरीर में ऐसे विषैले तत्व एकत्र होते जाते हैं. इन्हें उत्सर्जित करने, शरीर से बाहर निकालने के लिए उपवास किया जाता है. एक बार शरीर शुद्ध होने के उपरांत सही प्रकार के भोजन, सही मात्रा में सेवन कर, हम अपने शारीरिक तंत्र को स्वच्छ रख सकते हैं. इससे हमारा मन भी शुद्ध, निर्मल और शांत होता है. इसलिए इन नवरात्रों में अपने शरीर को हल्का बनाए रखने के लिए थोड़े से फलों अथवा सुगमता से पचने वाले आहार के साथ उपवास करें. इससे आप स्वयं अपने मन पर होने वाले प्रभाव का अनुभव करेंगे.

**ध्यान**

ध्यान हमें अपने भीतर की गहराइयों तक ले जाता है. ध्यान आपको अपने मन से भी परे, तथा और आगे जाने में सहायता करता है. यह अपनी आत्मा को अनुभव करने का मार्ग है. अतः इन नवरात्रों में प्रतिदिन ध्यान करने का संकल्प लें. ध्यान से हमारे तन-मन में साफ प्रभाव दिखता है. शरीर सशक्त होता है, मन में स्पष्टता आती है, भावनाएं सकारात्मक और कोमल होती हैं जिससे हमारे समग्र स्वास्थ्य में सुधार आता है. हमारी प्रज्ञा प्रखर होती है. आसपास सकारात्मकता का बोध होता है. संभव हो तो परिजनों के साथ ध्यान करें. जब हम समूह में ध्यान करते हैं तो यह एक यज्ञ का रूप ले लेता है.

**मंत्रोच्चार**

शब्दों के साथ खास तरह की ऊर्जा भी संप्रेषित होती है. किसी की अप्रिय बातें तभी तो दिल को चोट पहुंचाती है तो किसी की बातें मन में नई ऊर्जा भर देती हैं. मंत्रों की बात करें तो ये वैसी अति प्राचीन ध्वनियां हैं जो अपने साथ गहन तथा परिवर्तनकारी शक्तियां लाती हैं. और चूँकि इन मंत्रों का उपयोग हजारों वर्षों से निरंतर होता आ रहा है, यह ध्वनियाँ अत्यधिक बलशाली हो गई हैं. इनके उच्चारण यहां तक कि मात्र श्रवण से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है. ये हमारे मन को शांत व निर्मल करने का माद्दा रखती हैं. आप एक बार ध्यान से मंत्रोचार करके देखिए, मन में तत्काल सात्विकता आती है, नकारात्मकता के बादल छंटने लगते हैं. इसलिए मंत्रों को सुनने या उनका जाप की परंपरा है जिससे मन की शांति बढ़ती है. चेतना परिष्कृत होती है.





डॉ. हरेन्द्र सिन्हा
पुरातत्वविद्

शाक्त संप्रदाय के अंतर्गत दुर्गा या आदिशक्ति हिंदुओं की प्रमुख देवी मानी जाती हैं, जिन्हें माता नवदुर्गा, देवी शक्ति, भगवती, माता रानी, पार्वती, जगत जननी जगदंबा, परमेश्वरी, परम सनातनी देवी आदि अनेक नामों से जाना जाता है. दुर्गा को आदि शक्ति, परम भगवती, परब्रह्म बताया गया है. वे अंधकार और अज्ञान रूपी राक्षसों से रक्षा करने वाली ममतामयी, मोक्ष प्रदायिनी तथा कल्याणकारी मां हैं. उनके बारे में मान्यता है कि वे शांति, समृद्धि तथा धर्म पर आघात करने वाली राक्षसी शक्तियों का विनाश करती हैं.

## पालकी पर आ रहीं मां

वर्ष भर में चार नवरात्रि होती है- दो प्रत्यक्ष और दो अप्रत्यक्ष. लेकिन उनमें से केवल दो, चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि, ही पूरे देश में व्यापक रूप से मनाई जाती है. इस वर्ष नवरात्रि 3 अक्टूबर को कलश स्थापना से प्रारंभ होकर नवमी यानी 11 अक्टूबर तक मनाई जानी है. तथा 12 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी. अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होगी. इस वर्ष मां का आगमन पालकी पर होगा जो अत्यंत शुभ माना जाता है.



## यह है कथा

शारदीय नवरात्रि मां दुर्गा की आराधना का सबसे महत्वपूर्ण समय होता है. प्राचीन काल से ही इस संबंध में अनेक कथाएं प्रचलित हैं जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण कथा ये है कि एक समय ऐसा आ गया था कि महिषासुर नामक एक असुर को ब्रह्मा जी से यह वरदान प्राप्त हो गया कि सिवाय एक स्त्री के कोई भी देवता या दानव उस पर विजय नहीं प्राप्त कर सकता. इस कारण धरती पर महिषासुर का आतंक काफी बढ़ गया और देवताओं में त्राहिमाम मच गया. उसने देवलोक पर आधिपत्य भी कर लिया. इसीलिए सभी देवी देवताओं ने मिलकर एक तेजोमय शक्ति को प्रकट किया जो स्त्री रूप में अवतरित हुई. यही देवी मां दुर्गा कहलाई, जिसने महिषासुर का वध करके देवताओं को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई. इसके बाद माता रानी ने अपने इस तेजोमय शक्ति से नौ रूप प्रकट किए. दुर्गा सप्तशती के अनुसार आदिशक्ति के इन नौ अलग-अलग रूपों को देवताओं द्वारा विभिन्न अस्त्र देकर उन्हें शक्ति संपन्न किया गया था, जिससे वो महिषासुर का वध कर सकें. विष्णु ने दुर्गा को अपना चक्र दिया. त्रिशूल शंकर भगवान ने दिया. शंख वरुण देव ने भेंट किया. देवराज इंद्र ने दुर्गा माता को वज्र एवं घंटा प्रदान किया. भगवान गणेश ने दुर्गा को तलवार दिया. धनुष और वाण स्वयं पवन देव एवं सूर्य देव ने मां को प्रदान किये. भगवान विश्वकर्मा ने मां को फरसा दिया. अग्नि देव के द्वारा भाला दिया गया.

## नवरात्रि में मां के नौ रूप

इन्हीं दिव्यास्त्रों के सहारे मां दुर्गा ने अपने अलग-अलग नौ रूपों में महिषासुर के साथ 9 दिनों तक अनवरत रूप से युद्ध करके अंततः उस पर विजय प्राप्त की और उसका अंत किया. इसी 9 दिवसीय आयोजन को नवरात्रि कहते हैं और अंतिम दिन यानी दसवें दिन यानी दशमी को दशहरा अर्थात विजयदशमी का आयोजन होता है, जिस दिन बुराइयों के प्रतीक रावण के पुतले का दहन भी होता है.

***नवरात्रि के इन्हीं 9 दिनों के अंतर्गत मां ने अपने नौ विभिन्न रूपों में महिषासुर के साथ युद्ध किया, जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:***

### शैलपुत्री

अपने पहले स्वरूप में दुर्गा जी शैलपुत्री के नाम से जानी जाती हैं. यही नवदुर्गा में प्रथम दुर्गा हैं. पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण उनका नाम शैलपुत्री पड़ा. नवरात्रि के पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है. इनका वाहन वृषभ है इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं.

### ब्रह्मचारिणी

नवरात्रि पर्व पर दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की जाती है, लोग अपने मन को मां के चरणों में लगाते हैं. ब्रह्म का अर्थ है तपस्या, चारिणी यानी आचरण करने वाली. इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली. भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए उन्होंने घोर तपस्या की थी. इस कठिन तपस्या के कारण इस देवी को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है. दुर्गा पूजा के दूसरे दिन देवी के इसी स्वरूप की उपासना की जाती है. इनका प्रदर्शन सामान्यतः खड़ी स्थिति में किया जाता है अतः इनका कोई वाहन नहीं दिखाई देता.

### चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है जो युद्ध के लिए उद्धत रूप में सिंह पर सवार होकर आती है. नवरात्रि उपासना में इस तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन और आराधना की जाती है. देवी के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्ध चंद्र है, इसलिए इस देवी को चंद्रघंटा कहा गया है. इसके घंटे-सी भयानक ध्वनि से अत्याचारी दानव-दैत्य और राक्षस कांपते रहते हैं. नवरात्रि में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा का महत्व है.

### कुष्मांडा

नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है. अपनी मंद हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से जाना जाता है. जब सृष्टि नहीं थी, चारों और अंधेरा ही अंधेरा था, तब इस देवी ने अपने इषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की. इसलिए इसे सृष्टि की आदिशक्ति भी कहा गया है. इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है. संस्कृत में कुम्हड़े को कुष्मांड भी कहते हैं. तो एक मान्यता ये भी है कि इसी कारण देवी का नाम कूष्मांडा पड़ा है.

### स्कंद माता

नवरात्रि का पांचवा दिन स्कंद माता की उपासना का दिन होता है. स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता के नाम से अभिहित किया गया है. इनके विग्रह में भगवान स्कंद बाल रूप में उनकी गोद में विराजते हैं. स्कंदमाता मोक्ष के द्वार खोलने वाली परम सुखदाई माता हैं और अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं. इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है. सिंह इनका वाहन है, लेकिन यह कमलासन पर विराजमान दिखती हैं.

### कात्यायनी

मां दुर्गा के छठे रूप का नाम कात्यायनी है. कात्य गोत्र के विश्व प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन की पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण यह कात्यायनी देवी कहलाईं. इनकी आराधना से भक्तों को अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है. उनकी समस्त समस्याएं समाप्त हो जाती हैं, पापों का विनाश हो जाता है. इसीलिए कहा जाता है कि इस देवी की उपासना से परम पद की प्राप्ति होती है. इनका वाहन भी सिंह ही है.



### कालरात्रि

मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है. त्रिनेत्र युक्त मां कालरात्रि के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है. उनका रूप भयानक है, सर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है. ये अंधकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं. कालरात्रि काल से भी रक्षा करती हैं. इस दिन साधक के लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं. तमाम आसुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं. इनका रूप भले ही भयानक हो परंतु यह सदैव शुभ फल देने वाली मां हैं, इसीलिए इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है. गर्दभ इनका वाहन है.

### महागौरी

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी होने से स्पष्ट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है. इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुन्द के फूल से दी गई है. इनकी आयु 8 वर्ष की मानी गई है. उनके सभी आभूषण और वस्त्र श्वेत हैं. इसलिए इन्हें श्वेतांबरधरा भी कहा गया है. यह अमोघ फलदायिनी हैं और उनकी पूजा से भक्तों के तमाम कलुष धुल जाते हैं. इनका वाहन वृषभ है इसीलिए इन्हें वृषभारूढ़ा भी कहा जाता है.

### सिद्धि रात्रि

मां दुर्गा की नवम शक्ति का नाम सिद्धि रात्रि है. यह सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है. नवरात्रि के नौवें दिन इनकी आराधना की जाती है. मान्यता है कि इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व सभी आठ सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है. इन्हीं की कृपा से शिव को अर्धनारीश्वर रूप प्राप्त हो सका था.

**इसी 9 दिवसीय युद्ध के उपरांत मां दुर्गा ने भयंकर युद्ध में महिषासुर का वध कर देवताओं को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई और तब से उन्हें महिषासुर-मर्दिनी के नाम से जाना जाता है. दशहरा के दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था, जिसे असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक मानते हैं. इसीलिए हमारे सनातन धर्म में नवरात्रि और दशहरा को इतना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है.**

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# पीएम मोदी को देखते ही चहक उठे क्रिस गेल, हाथ जोड़कर किया अभिवादन

एजेंसी। नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल ने पीएम मोदी से मुलाकात का वीडियो शेयर किया है. इस दौरान 'यूनिवर्स बॉस' काफी खुश दिखे और उन्होंने मुलाकात के दौरान हाथ जोड़कर पीएम मोदी का अभिवादन किया. गेल ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और कैप्शन में, लिखा,"भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर सम्मान की अनुभूति हुई. जमैका टू इंडिया. वीडियो में गेल को पीएम मोदी को 'नमस्ते' कहते हुए देखा जा सकता है. वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस की भारत की द्विपक्षीय यात्रा के दौरान



पीएम मोदी से मुलाकात की. होलनेस सोमवार को ऐतिहासिक चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे, जो जमैका के किसी लीडर की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है. जमैका के प्रधानमंत्री की यह यात्रा 3 अक्टूबर तक जारी रहेगी. बता दें, पीएम मोदी ने खुद उन्हें इसके लिए निमंत्रण दिया था.

सोमवार को भारत पहुंचने के बाद जमैका के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा,"भारत की हमारी कार्य यात्रा के दौरान उनके साथ यहां होना बहुत अच्छा है. मैं भारतीय मूल के जमैका के व्यापारियों से मिलकर भी बहुत खुश हूं. क्रिस गेल सिर्फ जमैका में ही एक आइकन नहीं हैं बल्कि उन्हें भारत में भी उनके क्रिकेट कौशल के लिए जाना जाता है. क्रिकेट फैंस उन्हें खूब पसंद करते हैं और यहां उनका सम्मान भी किया जाता है." भारत और जमैका के बीच गहरा रिश्ता है, जो मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों, साझा औपनिवेशिक अतीत, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और क्रिकेट के प्रति पारस्परिक जुनून पर आधारित है. क्रिस गेल की बात करे तो वह दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में गिने जाते हैं.

### 'यूनिवर्स बॉस' के नाम से मशहूर हैं

गेल 'यूनिवर्स बॉस' के नाम से मशहूर हैं. उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 103 टेस्ट, 301 वनडे और 79 टी20 मैच खेले हैं. उन्होंने टेस्ट में 7214 रन, वनडे में 10480 और टी20 में 1899 रन बनाए हैं. गेल इतिहास के सबसे सफल टी20 बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 17 साल के करियर में 22 शतक और 88 अर्धशतक सहित 14,562 रन बनाए हैं. उनके नाम कई रिकॉर्ड हैं और वह गेंदबाजों को छकाने के लिए जाने जाते हैं. उनके नाम 15 टेस्ट शतक हैं, साथ ही गेल टेस्ट मैचों में दो तिहरे शतक लगाने वाले दुनिया के चार बल्लेबाजों में से एक हैं. इसके अलावा, 2007 टी20 विश्व कप के पहले मैच में गेल ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनकर क्रिकेट इतिहास रच दिया. जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने सिर्फ 57 गेंदों पर 117 रन बनाए थे.

# फ्रेजर-मैकगर्क को दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी : सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के बड़े हिट वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी. दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस युवा बल्लेबाज को भविष्य के लिए तैयार करना चाहती है. फ्रेजर-मैकगर्क को एक सलामी बल्लेबाज के रूप में डेविड वॉर्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के लिए 234.04 की



स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे. हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से डेविड वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका प्रदर्शन शुरुआती दौर में अच्छा नहीं रहा , लेकिन फ्रेजर-मैकगर्क ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में अर्धशतक जड़कर कमबैक किया, और उन्होंने सभी को उस क्षमता की याद दिलाई जो उन्हें कैपिटल्स के लिए रिटेंशन का दावेदार बनाती है.

## धौनी, ऋतुराज व जडेजा को जरूर रिटेन करेगी सीएसके : अजय जडेजा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 को लेकर टीमों की तैयारी शुरू हो चुकी है, जिसका पहला पड़ाव खिलाड़ियों को रिटेन करना और मेगा-ऑक्शन होगा. इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स को लेकर एक बड़ा बयान दिया है. उनका मानना है कि एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड और रवींद्र जडेजा आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन से पहले चेन्नई के लिए तीन रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ी होंगे. इनका चयन करने के लिए फ्रेंचाइजी को ज्यादा सोचना नहीं पड़ेगा. पूर्व क्रिकेटर ने जियोसिनेमा पर कहा, "एमएस धोनी निश्चित रूप रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट में टॉप में होंगे. इसमें कोई संदेह नहीं है, खासकर इसलिए क्योंकि वह अब एक अनकैप्ड खिलाड़ी है. उन्होंने टीम के लिए बहुत कुछ किया है और उनकी कीमत पर कोई सवाल नहीं है. "ऋतुराज गायकवाड कप्तान हैं, और उनका यह साल अच्छा रहा है, इसलिए आप उन्हें भी बनाए रखने की उम्मीद करेंगे. रवींद्र जडेजा को भी बाहर नहीं रखा जा सकता है, इसलिए मुझे लगता है कि ये तीनों उनके लिए एकदम सही रिटेन किये जाने वाले खिलाड़ी होंगे." पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा को लगता है कि राइट टू मैच कार्ड पांच बार की आईपीएल चैंपियन सीएसके के लिए फायदेमंद होगा.

## भारत को मिली 2025 में खो-खो विश्व कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई ) और इंटरनेशनल खो-खो फेडरेशन (आईकेकेएफ) ने घोषणा की है कि 2025 में होने वाला पहला खो-खो विश्व कप भारत में आयोजित किया जाएगा. इस आयोजन में 6 महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे और इसमें 16 पुरुष और इतनी ही महिला टीमें हिस्सा लेंगी. विश्व कप से पहले, केकेएफआई ने खेल को बढ़ावा देने के लिए 10 शहरों के 200 शीर्ष स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बनाई है. महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य मेगा टूर्नामेंट से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है. केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आगामी आयोजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं. यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है. यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और खो-खो की खूबसूरती और तीव्रता को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के बारे में है. हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक गेम्स में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है."

### आईसीसी ने जारी की टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग

# बुमराह फिर से नंबर वन टेस्ट बॉलर बने

### ▶▶ जायसवाल-कोहली ने भी लगाई छलांग

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज बन गए. उन्होंने रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया. दिग्गज गेंदबाज ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने सनसनीखेज प्रदर्शन के दम पर आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया. वहीं, युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को भी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है.

**बुमराह बने नए बादशाह :** भारत और बांग्लादेश के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज में तेज गेंदबाज ने 11 विकेट चटकाए थे. अब उन्हें इसका फायदा मिला है. एक स्थान की छलांग लगाकर वह शीर्ष पर पहुंच गए. अब उनके 870 प्वॉइंट्स हो गए हैं. वहीं, अश्विन दूसरे पायदान पर खिसक गए. उनके खाते में 869 अंक हैं.

**पहले भी शीर्ष पर काबिज हो चुके बुमराह :** यह दूसरा मौका है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं. इससे पहले इसी साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद तेज गेंदबाज ने पहला स्थान हासिल किया था. तब उन्हें तीन स्थानों का फायदा हुआ था. वह शीर्ष टेस्ट गेंदबाज बनने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए थे. उनसे पहले पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव टेस्ट गेंदबाजों में सर्वोच्च रैंकिंग हासिल करने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज थे. वह दिसंबर, 1979 से फरवरी, 1980 के बीच दूसरे स्थान पर रहे थे.

**जायसवाल तीसरे स्थान पर पहुंचे:** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो स्थानों के फायदे के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गए हैं. अब उनके 792 अंक हो गए. चार पारियों में उन्होंने 47.25 के औसत से 189 रन बनाए. इस दौरान 22 वर्षीय बल्लेबाज ने



### कोहली ने लगाई लंबी छलांग

चेन्नई टेस्ट में छह और 17 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटने के बाद कोहली आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे. हालांकि, कानपुर टेस्ट में वापसी करते हुए उन्होंने 47 और 29* रनों की पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई. इसी के साथ वह आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में छह स्थानों के फायदे के साथ छठे पायदान पर पहुंच गए हैं. अब उनके 724 अंक मिल गए हैं. वहीं, पंत को तीन स्थानों का नुकसान हुआ है. वह नौवें पायदान पर पहुंच गए.

### बांग्लादेश के इन गेंदबाजों को भी हुआ फायदा

कानपुर टेस्ट में बुमराह ने कुल सात विकेट हासिल किए, जबकि अश्विन को पांच सफलता मिलीं. वहीं, बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज चार स्थान के फायदे के साथ 18वें पर पहुंच गए जबकि अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं. उन्हें पांच स्थानों का फायदा हुआ है.

की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर जो रूट का कब्जा है जबकि दूसरे स्थान पर केन विलियमसन बने हुए हैं.

### पाकिस्तान क्रिकेट को लगा झटका

# बाबर आजम ने वनडे और टी20 टीम की कप्तानी से दिया इस्तीफा

एजेंसी। नयी दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट जगत से बुरी खबर सामने आ रही है. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के जाने-माने बल्लेबाज बाबर आजम ने अचानक लिमिटेड ओवरों (वनडे और टी20) की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर इसका ऐलान किया है. यह कोई पहली बार नहीं है, जब बाबर आजम ने पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दिया है. इससे पहले साल 2023 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनको पाकिस्तान की कप्तानी ने हटा दिया था. हालांकि साल 2024 में क्रिकेट बोर्ड ने फिर से उनको टी20 वर्ल्ड कप (सफेद गेंद टीम) की कप्तानी सौंपी थी. लेकिन बाबर ने इस बार खुद कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है. बता दें कि बाबर आजम पाकिस्तान के सफेद गेंद टीम के कप्तान थे.

**कप्तानी छोड़ने के बाद अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर करेंगे फोकस :** बल्लेबाज बाबर आजम ने आगे कहा कि पद छोड़ने से मुझे आगे बढ़ने में स्पष्टता मिलेगी और मैं अपने खेल और व्यक्तिगत विकास पर ज्यादा फोकस कर पाऊंगा. मैं आपके अटूट समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए आभारी हूं. आपका उत्साह मेरे लिए बहुत मायने रखता है. हमने जो कुछ भी साथ मिलकर हासिल किया है, उस पर मुझे गर्व है और एक खिलाड़ी के रूप में टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्साहित हूं. आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद.

### प्रदर्शन को प्राथमिकता, बल्लेबाजी का आनंद और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहते आजम



बाबर आजम ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लिखा कि मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूं. मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को दी गयी नोटिफिकेशन के अनुसार पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में इस्तीफा देने का फैसला किया है. इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपने खेल पर पूरा ध्यान लगाऊं. उन्होंने आगे लिखा कि कप्तानी एक रिवॉर्डिंग एक्सपीरियंस रहा, लेकिन इसने काम का बोझ भी बढ़ा दिया. मैं अपने प्रदर्शन को प्राथमिकता देना चाहता हूं, अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता हूं और अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहता हूं, जिससे मुझे खुशी मिलती है.

### मो. रिजवान को मिल सकती सफेद गेंद टीम की कप्तानी

बाबर आजम की जगह लिमिटेड ओवरों में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी कौन करेगा, इसको लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने फिलहाल कोई घोषणा नहीं की है. लेकिन जब 2023 में बाबर ने कप्तानी छोड़ी थी तो बोर्ड ने सफेद गेंद टीम की कमान शाहीन अफरीदी को सौंपी थी. लेकिन उनके नेतृत्व में भी टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था. ऐसे में बाबर के इस्तीफे के बाद बोर्ड फिर से अफरीदी को यह अहम जिम्मेदारी नहीं सौंपेगी. बोर्ड दूसरा विकल्प तलाश कर रही है. रिपोर्ट्स की मानें तो लिमिटेड ओवरों में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कप्तानी मोहम्मद रिजवान को मिल सकती है. इसके अलावा टेस्ट टीम की कप्तानी शान मसूद कर रहे हैं.

### सब हेड-टी20 विश्व कप के आगाज से पहले स्मृति मंधाना ने कहा

# 'अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहाना नहीं चलता'

एजेंसी। नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2024 अपने आगाज से महज एक कदम दूर है. टूर्नामेंट के 'शंखनाद' से पहले भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए खेलता है, तो उसके पास कोई बहाना नहीं होता. भारत का अभियान न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 अक्टूबर को शुरू होगा. इसके बाद, टीम 6 अक्टूबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में होगी. स्मृति ने प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से कहा, "दोपहर का मैच गर्मी के कारण चुनौतीपूर्ण होने वाला है, लेकिन जब आप भारत के लिए खेलते हैं, तो कोई बहाना नहीं



होता है. आपको अच्छी तरह से तैयारी करनी होती है, और मुझे लगता है कि हमारे पास परिस्थितियों के अनुकूल तैयारी करने के लिए थोड़ा समय है." "मुझे यकीन है कि जब तक हम पाकिस्तान का सामना करेंगे, हम तैयार हो जाएंगे. मानसिक रूप से, हमें मजबूत रहने की जरूरत है. भारत से आने के कारण, हम अन्य टीमों की तुलना में कुछ हद तक गर्मी के आदी हैं, लेकिन पहले कुछ दिन वास्तव में थका देने वाले थे. हालांकि, तैयारी वाकई अच्छी रही है और यहां आने से पहले हमने बेंगलुरु में एक शानदार कैंप लगाया था, जहां हमने सभी आधारों को कवर करने की कोशिश की. महिला क्रिकेट में भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात करते हुए स्मृति ने कहा, मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला किसी और चीज से ज्यादा प्रशंसकों की भावनाओं के बारे में है. ऐसा नहीं है कि खिलाड़ी एक-दूसरे से बात नहीं करते, यह दोनों देशों की भावनाएं हैं जो इसे इतना तीव्र बनाती हैं.

# चाइना ओपन : सिनर का खिताबी मुकाबला अल्काराज से

एजेंसी। बीजिंग

चीनी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी ब्यूंचाओकेटे का 2024 चाइना ओपन एटीपी और डब्ल्यूटीए इवेंट में शानदार प्रदर्शन मंगलवार को यहां समाप्त हो गया, जब वह पुरुष एकल सेमीफाइनल में विश्व नंबर एक इटली के जानिक सिनर से हार गए. सिनर का फाइनल में विश्व नंबर 3 स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ से मुकाबला होगा. टूर्नामेंट में दुनिया में 96वें स्थान पर रहने के बाद ब्यूंचाओकेटे ने चौथे वरीय रूस के आंद्रेई रुब्लेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की. जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, 22 वर्षीय खिलाड़ी शीर्ष वरीय इतालवी खिलाड़ी को मात देने में असमर्थ रहे और 6-3, 7-6(3) से हार गए.

शुरुआती सेट में स्कोरलाइन 2-2 पर पहुंचने के बाद, सिनर ने



ब्यूंचाओकेटे की सर्विस तोड़कर 5-2 की बढ़त बनाकर सेट पर नियंत्रण हासिल करना शुरू कर दिया. हालांकि अंडरडॉग एक गेम जीतने में कामयाब रहा, लेकिन सिनर ने सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया. शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार दूसरा सेट ज़्यादा प्रतिस्पर्धी था, जिसमें ब्यूंचाओकेटे ने 6-6 तक अपनी पकड़ बनाए रखी, उसके बाद 2024 यूएस ओपन चैंपियन ने महत्वपूर्ण टाईब्रेक जीता. ब्यूंचाओकेटे ने कहा, "सिनर ने मुझ पर बहुत दबाव डाला. आज मेरी सर्विस बहुत खराब थी, संभवतः सप्ताह की सबसे खराब, लेकिन मैंने मैच के दौरान खुद को एडजस्ट करने की कोशिश की. शायद मैं इन गहन मैचों के बाद बहुत थक गया था." सिनर ने कहा, "ब्यूंचाओकेटे एक बहुत ही ठोस खिलाड़ी है. उसने पिछले कुछ महीनों में सफलता हासिल की है, और मुझे उम्मीद है कि वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेगा. " सिनर फाइनल में विश्व नंबर 3 स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ का सामना करने के लिए तैयार है, जिन्होंने विश्व नंबर 5 रूस के दानिल मेदवेदेव को 7-5, 6-3 से हराया. अल्काराज़ ने जीत के बाद कहा, "मुझे लगता है कि मैंने अच्छा खेला. जाहिर है, अगर मैं दानिल को हराना चाहता हूं, तो मुझे उच्च गुणवत्ता वाला टेनिस खेलना होगा. बीजिंग में अपने पहले फ़ाइनल में पहुंचकर वाकई बहुत खुश हूं. चीनी दिग्गज झांग शुआई, जिन्हें चाइना ओपन से पहले लगातार 24 मैच हारने पड़े थे, ने 23वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्दालेना फ्रेच को हराकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. झांग ने कहा, मैं चाइना ओपन में फिर से अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं.

**क्रिकेट** कप्तानी छोड़ने के बाद भी टीम के लीडर की भूमिका में बने रहेंगे टिम साउदी : न्यूजीलैंड क्रिकेट

# भारत के खिलाफ सीरीज से पहले टिम साउदी ने कप्तानी छोड़ी

एजेंसी। वेलिंग्टन

टिम साउदी ने न्यूजीलैंड टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने यह फैसला श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद लिया है.अब टॉम लैथम न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के कप्तान होंगे. टॉम लैथम, जिन्होंने पहले 9 बार टेस्ट टीम की कप्तानी की है, अगले शुक्रवार को भारत दौरे पर साउदी सहित 15 सदस्यीय टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे. 2008 में डेब्यू के बाद से ब्लैक कैप्स के लिए 102 टेस्ट मैच खेले वाले टिम साउदी ने 382 विकेट लिए हैं. न्यूजीलैंड के लिए उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट केवल सर रिचर्ड हैडली ने लिए हैं. 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2022 में केन विलियमसन के बाद कप्तानी का जिम्मा उठाया था. उन्होंने 14 टेस्ट (6 जीत, 6 हार, 2 ड्रॉ) में टीम की कप्तानी की है. इस साल साउदी का खुद का फॉर्म भी चर्चा का विषय रहा, उन्होंने पिछले आठ टेस्ट में सिर्फ 12 विकेट लिए. श्रीलंका में भले ही उन्होंने दोनों मैच खेले लेकिन भारत में संभव है कि परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी टीम कॉम्बिनेशन को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्लेइंग इलेवन में न चुना जाए. साउदी ने कहा, "इतने विशेष प्रारूप में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है. मैंने अपने पूरे



करियर में हमेशा टीम को पहले रखने की कोशिश की है और मेरा मानना है कि यह निर्णय टीम के लिए सबसे अच्छा है. मेरा मानना है कि टीम के लिए आगे बढ़ने का मेरा सबसे अच्छा तरीका मैदान पर अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करना, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना, विकेट लेना जारी रखना और न्यूजीलैंड को टेस्ट मैच जीतने में मदद करना है." इस दौरान कोच गैरी स्टीड ने टेस्ट टीम में साउदी के योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा, "टिम एक शानदार खिलाड़ी और एक बहुत अच्छे लीडर हैं, जिनका सभी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ बहुत सम्मान करते हैं. वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग 17 वर्षों से न्यूजीलैंड क्रिकेट के महान सेवक रहे हैं और मैं टेस्ट कप्तान की भूमिका से हटने में उनके फैसले का सम्मान करता हूं." इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के सीईओ स्कॉट वेनिंक ने स्पष्ट किया है कि साउदी कप्तानी छोड़ने के बाद भी टीम के लिए लीडरशिप रोल में बने रहेंगे. भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड की तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला का आगाज 16 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा. जल्द ही इस दौरे के लिए न्यूजीलैंड के 15 सदस्यीय दल का ऐलान किया जा सकता है. हाल ही में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को घर पर 2-0 से टेस्ट सीरीज हराया है.

### पाक के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज सात से शुरू

# स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड की टीम मुल्तान पहुंची

एजेंसी। नई दिल्ली

इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से पहले मुल्तान पहुंच गई है. इंग्लैंड मुल्तान में पहले दो टेस्ट खेलेगा, जो क्रमशः 7 और 15 अक्टूबर से शुरू होंगे, इसके बाद 24 अक्टूबर से रावलपिंडी में एक मैच होगा. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम के देश में पहुंचने और होटल में चेक-इन करने के रास्ते में पारंपरिक स्वागत का एक वीडियो साझा किया. पीसीबी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "इंग्लैंड की टेस्ट टीम का मुल्तान पहुंचने पर पारंपरिक स्वागत किया गया!" इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में देश में अपने पिछले दौरे पर पाकिस्तान पर



3-0 से जीत हासिल की थी. मुल्तान और रावलपिंडी में होने वाले आगामी टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा हैं. इंग्लैंड 42.19 पॉइंट प्रतिशत के साथ डब्लूटीसी में चौथे स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान 19.05 पॉइंट प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर है. इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज जीती है.

### पहले टेस्ट के लिए दोनों टीम घोषित

**पाकिस्तान की टीम:** शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, मीर हमजा, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान (विकेट-कीपर), नसीम शाह, नौमान अली, सैम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेट-कीपर), और शाहीन शाह अफरीदी.

**इंग्लैंड की टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जॉर्डन कॉक्स, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, ओली स्टोन, क्रिस वोक्स.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शत्रु भाव मे चार ग्रहों का योग है. गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं. उधार सामग्री लेने से बचें. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है.

**वृष** गलत खानपान और दोस्तों से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय बनी रहेगी. माता लक्ष्मी को गुलाब फूल अर्पण करें.

**मिथुन** माता को हड्डी संबंधित परेशानी हो सकती है. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. कोई छोटा निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** धन का अचानक आगमन होगा जिससे मन प्रसन्न होगा. भाई के सहयोग से कार्य बनेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें.

**सिंह** किसी धार्मिक या पूजा में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है. समाज से जुड़े व्यक्ति को विशेष लाभ होगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. धनार्जन होगा.

**कन्या** दिन उलझन वाला होगा, पर शाम को कार्य को लेकर मानसिक संतुष्टि मिलेगी. विवाद को बढ़ावा न दें. कार्य को लेकर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. आय में निश्चितता रहेगी.

**तुला** खर्च में वृद्धि पर रोक आवश्यक है. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. समाज परिवार में मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी. सुहागन स्त्री को श्रृंगार का सामान दान करें.

**वृश्चिक** लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

**धनु** समय सामान्य है. थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी. अन्न का दान करें.

**मकर** आलस का त्याग करें. कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. कार्य नहीं बनने से मानसिक रूप से चिंता तथा तनाव रहेंगे. आय बनी रहेगी.

**कुंभ** कार्य नहीं होगा जिससे, तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेगे.

**मीन** दिन चिड़चिड़ापन वाला होगा. व्यापार में विशेष ध्यान दें. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. मिठाई का दान करें.

## खूंटी में धूमधाम से मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती




**खूंटी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के अलावा शिक्षण संस्थानों में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया गया. मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की. छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सकलदीप भगत ने कहा कि बापूजी ने देश को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करवाने में सबसे अहम भूमिका निभाई. उन्होंने अपने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के दम पर अंग्रेजों को कई बार घुटने टेकने को मजबूर कर दिया.

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी बापू और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि :** राष्ट्रपिता स्वर्गीय महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्रीजी की जयंती जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई. इससे पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगवाई में कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय दतिया ग्राम में स्थित बापू की प्रतिमा पर सांसद की उपस्थिति में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि अगर बापू और लाल बहादुर शास्त्री जी का योगदान नहीं रहता, तो शायद भारत देश अभी तक गुलाम ही रहता. सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि दोनों महान विभूतियों के बताए मार्ग पर चल कर देश तरक्की की ओर अग्रसर है. उन्होंने ही देश से जात पात, छुआछूत जैसे सामाजिक कुरीतियों से देश को उभारा, अन्यथा देश में मेल प्रेम की भावना ही नहीं रहती.

### यहां गिरी है मां सती की वाम नेत्र की पलकें

# सदियों से हो रहा है नवरात्र का आयोजन

संवाददाता। चतरा



शारदीय नवरात्र में चतरा जिले के पत्थलगडा प्रखंड स्थित लेंबोईया पहाड़ी पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. मान्यता है कि यहां मां सती के वाम नेत्र की पलके गिरी हैं. यह स्थल सिद्धपीठ के रूप में चर्चित है. पत्थलगडा के लेंबोईया पहाड़ी स्थित मां दक्षिणेश्वरी देवी चामुंडा मंदिर का इतिहास प्राचीन है. यह स्थल कई रहस्य समेटे हुए हैं. माना जाता है कि जो सच्चे मन से यहां आते हैं और मन्नतें मांगते हैं. उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है. सदियों से लेंबोईया पहाड़ी स्थित पहाड़ी मंदिर में नवरात्र का आयोजन हो रहा है. यह स्थल आस्था का केंद्र है. मां दक्षिणेश्वरी देवी चामुंडा सदियों से श्रद्धालुओं की मांगी हर मुरादे पूरी कर रही हैं. माना जाता है कि यहां मां सती की वाम नेत्र की पलकें गिरी है. यहां मां के दर्शन मात्र से हैं निराशा के बादल छट जाते हैं. पहाड़ी में मां भगवती की प्राचीन प्रतिमा काले दुर्लभ पत्थरों को तराश कर बनाई गई है. मंदिर परिसर में आठवीं से दसवीं शताब्दी के कई प्राचीन प्रतिमाएं हैं. यहां सोने व चांदी के नेत्र चढ़ाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है. मंदिर का इतिहास पुराना है और कई पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं. यहां पूजा अर्चना करने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. पत्थलगडा-हजारीबाग मुख्य पथ में प्रखंड कार्यालय से आगे लेंबोईया पहाड़ी में प्राचीन मंदिर है.

मुख्य मंदिर में मां भगवती जिसे दक्षिणेश्वरी चामुंडा भी कहा जाता है के अलावे पहाड़ी में हनुमान जी व नर्मदेश्वर महादेव मंदिर है. पहाड़ी में बरगद पेड़ के नीचे कई प्राचीन प्रतिमाएं भी है. जिनका श्रद्धालु पूजा अर्चना सदियों से करते आ रहे हैं. खासकर शारदीय और वासंतिक नवरात्र में यहां पूजा अर्चना करने और मां के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं. कार्तिक पूर्णिमा में यहां मेले का भी आयोजन होता है. नवरात्र में कलश स्थापित कर मां की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है. इस बार भी मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से नवरात्र में विशेष व्यवस्था की गई है. इतिहासकारों का मानना है कि लेंबोईया पहाड़ी में स्थापित प्रतिमाएं पाल कालीन है जो 8-10 वीं शताब्दी की है.

**प्रीति हत्याकांड का मामला**

## नर्स हत्याकांड मामले में पांच माह बाद पति हुआ गिरफ्तार

संवाददाता। पलामू

मेदनीनगर शहर थाना पुलिस ने नर्स प्रीति हत्याकांड के आरोपी उसके पति पंकज कुमार



निराला को बुधवार दोपहर करीब तीन बजे उसके घर छतरपुर थाना क्षेत्र के खोड़ी से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. एमआरएमसीएच की नर्स प्रीति कुमारी की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी. मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के सुदना रोड नंबर एक में किराये के मकान में रहने वाली प्रीति कुमारी को 9 मई की देर शाम गंभीर स्थिति में इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था, जहां इलाज के क्रम में प्रीति की मौत हो गयी थी. इस पर परिजनों ने ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था. इस सिलसिले में उसके पति, सास, ससुर सहित अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था. पति लंबे समय से फरार चल रहा था.

**बेटी को बहला फुसलाकर शादीशुदा जिंदगी खराब कर दी :** मृतका की मां ने पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गाड़ीखास निवासी मीना देवी पति सूर्यदेव राम ने प्रीति की हत्या का आरोप लगाया था. मीना का कहना था कि प्रीति की शादी विश्रामपुर थाना क्षेत्र के कौड़िया गांव में अमित कुमार के साथ हुई थी, लेकिन एमआरएमसीएच में नर्स की नौकरी करने के दौरान वहां के कंपाउंडर छतरपुर के खोड़ी निवासी पंकज कुमार निराला पिता राम बच्चन यादव ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर शादीशुदा जिंदगी खराब कर दी. पति से तलाक दिलवाकर जून 2022 में उसके साथ मंदिर में शादी रचा ली. अंतरजातीय विवाह होने के कारण उसकी बेटी को पंकज के अलावा उसके सास, ससुर, देवर सहित परिवार के अन्य सदस्य लगातार प्रताड़ित कर रहे थे. कई बार उसे जहर देकर मारने का भी प्रयास किया गया. 10 लाख रुपए दहेज की मांग की जा रही थी. प्रीति इसका लगातार विरोध करती थी. इसी कारण उसे जहर देकर हत्या कर दी गई.

## फर्जी सर्टिफिकेट पर ली थी चौकीदार की नौकरी, बर्खास्त

संवाददाता। मेदिनीनगर

जिले में फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर चौकीदार की नौकरी लेने का मामला सामने आया है. इस संबंध में मेदिनीनगर टाउन थाना में चौकीदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया है. जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2010 में गढ़वा के धुरकी के फाटापानी निवासी उपेंद्र तुरिया की अनुकंपा के आधार पर चौकीदार के पद पर नियुक्ति हुई थी.

नियुक्ति के दौरान उसने भवनाथपुर के केतार स्कूल का शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा किया था. 2014 में गढ़वा जिला प्रशासन की तरफ से जांच में शैक्षणिक प्रमाण पत्र फर्जी निकला. इसके बाद चौकीदार उपेंद्र तुरिया को बर्खास्त कर दिया गया. इस मामले में उपेंद्र तुरिया की ओर से पलामू के कमिश्नर के पास अपील की गई थी, जिसके बाद उसे दोबारा नौकरी पर बहाल कर दिया गया. हालांकि जांच जारी थी. 2018 में मुख्य सचिव की ओर से अनुकंपा पर आधारित चौकीदार की नियुक्ति मामले में रिपोर्ट मांगी गई. इस दौरान फिर से उपेंद्र तुरिया ने शैक्षिक प्रमाण पत्र दिया, जो फर्जी पाया गया और फिर से उसे बर्खास्त कर दिया गया.

### कमिश्नर कार्यालय के आवेदन पर केस दर्ज

इस मामले में पलामू कमिश्नर कार्यालय की ओर से उपेंद्र तुरिया को शो-कॉज किया गया था, लेकिन उसने ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया. इसके बाद पलामू कमिश्नर कार्यालय की ओर से मेदिनीनगर टाउन थाना में उपेंद्र तुरिया के खिलाफ आवेदन दिया गया. मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि शुरुआती जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

## प्रधानाध्यापक और उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया

संवाददाता। पलामू

सतबरवा थाना क्षेत्र के रांकीखुर्द मंगरबांध टोला के अर्जुन मेहता (56) और उनकी पत्नी चमेली देवी (52 ) पर बुधवार को जानलेवा हमला किया गया. धारदार हथियार से शरीर के कई हिस्से को जख्मी कर दिया गया. घटना उस वक्त हुई, जब दोनों सलैया गांव में ट्रैक्टर से जमीन की जोताई करवा रहे थे. गांव के चार लोगों ने उनपर हमला किया. सत्येंद्र उरांव, बिलास भुइयां, हरिचरण भुइयां, बिनु देवी ने हमला करने का आरोप है. सभी भिखु भुइयां के परिवार बताए गए हैं. नाजुक स्थिति में दोनों पति-पत्नी को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों की टीम ने महिला को रांची रिम्स रेफर कर दिया, जबकि अर्जुन मेहता को इलाज के लिए डालटनगंज के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है. अर्जुन मेहता मंगरबांध मिडिल स्कूल के हेड मास्टर हैं. समाचार भेजे जाने तक दोनों की स्थिति



गंभीर बनी हुई थी.

बताया जाता है कि बुधवार सुबह आठ बजे के करीब गांव के ही बगल के एक ट्रैक्टर से सड़क किनारे अपने घर से कुछ दूर दक्षिण की ओर टढीहन खेत की जुताई दोनों पति-पत्नी करा रहे थे. इस दौरान उक्त खेत पर दावा करते हुए दो महिलाओं से पति-पत्नी की कहा सुनी के साथ गाली-गलौच हुई. विवाद के बाद महिलाएं वहां से चली गई और कुछ देर बाद प्लानिंग के तहत घटनास्थल पर पहुंची. चार लोगों ने तलवार तथा गड़ासा और अन्य ने तेजधार वाले हथियार से हमला करके दोनों को बुरी तरह से जख्मी कर दिया. चिकित्सकों के अनुसार अर्जुन मेहता के सर में तेज धारदार हथियार से चारो तरफ से वार किया गया है. पीठ में दो जगह पर तलवार से काट दिया गया है. वही उनकी पत्नी के हाथ की सभी उंगलियों को अपराधियों ने बेदर्दी से काट डाला. बांह और पीठ पर गहरे जख्म के निशान हैं. मामले की जानकारी मिलने के बाद एसआई विश्वनाथ और रघुराई पुलिसबल जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.

### आरोपी जल्द होंगे पुलिस हिरासत में: थाना प्रभारी

थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि मामले को पंजीकृत कर लिया गया है. आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे. अर्जुन मेहता को डालटनगंज तथा उनकी पत्नी को रांची बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है. मामले में एक महिला समेत चार लोगों पर धारदार हथियार से वार करके मारपीट कर जख्मी करने का आरोप है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है.

## गायत्री शक्तिपीठ में पितरों और शहीदों का किया गया पिंडदान

**खूंटी।** गायत्री प्रज्ञापीठ खूंटी में बुधवार को कई लोगों ने अपने पितरों, ऋषियों, देवताओ, शहीदों और आपदा तथा युद्ध में प्राण गंवाने वाले दिवंगतों की आत्मा की शांति और सद्गति के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान हवन-यज्ञ शांतिकुंज से आए प्रतिनिधि चंदन जी द्वारा वैदिक विधि विधान से संपन्न कराया गया. मौके पर उन्होंने कहा कि पितर हमारे अदृश्य सहायक हैं. पितर को हम अपना श्रद्धा समर्पित करते हैं, तो वे तृप्त होते हैं और हमें अपना आशीर्वाद के रूप में बल बुद्धि, ऐश्वर्य, यश-कीर्ति देते हैं. कभी-कभी हम बहुत कठिनाइयों में रहते हैं, तो वे हमारा मार्गदर्शन करते हैं. इसलिए हम सभी को प्रत्येक वर्ष अपने पितरों को तर्पण पिंडदान और अपने श्रद्धा कृतज्ञता अर्पण करनी चाहिए. मौके पर बालमुकुंद कश्यप, गिरीश जयसवाल, धनंजय महतो, राजेश महतो, रानी देवी, मदन मोहन गुप्ता आदि उपस्थित थे.

### सुदेश महतो ने गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

## राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी का लक्ष्य : आजसू

संवाददाता। रांची/बोकारो

आजसू पार्टी के तत्वावधान में गोमिया विधानसभा में बुधवार को झारखंड नवनिर्माण यात्रा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो भी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि सरकार पिछले पांच वर्षों से जनाकांक्षाओं के विपरीत कार्य कर रही है. सरकार का उद्देश्य जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए उनके जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम



करना होता है लेकिन यह सरकार अपने ही लोगों को ठगने में लगी है. यात्रा गोमिया हाईस्कूल से वन बी मार्केट से स्वांग डीएवी स्कूल तक निकाली गई. आजसू पार्टी द्वारा इस यात्रा का आयोजन आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में किया जायेगा. जेएमएम और कांग्रेस के झूठ, वादाखिलाफी और चरित्र का वास्तविक चेहरा बेनकाब हो चुका है। जनता अब इनके झासे में फंसने वाली नहीं है.

राज्य का सर्वांगीण विकास आजसू पार्टी का लक्ष्य है. समाज के हर वर्ग के साथ और विश्वास से हम शहीदों के सपनों का झारखंड बनायेंगे। बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रहे राज्य के युवाओं को अपनी माटी में ही रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है. पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी विधानसभा के इसरी बाजार और गोमिया विधानसभा अंतर्गत पेटरवार में अपना आजसू 24×7 सेवा केंद्र की शुरुआत की. महतो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनों महानुभावों को श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर केंद्रीय महासचिव एवं विधायक लम्बोदर महतो, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, नजरूल हसन हासमी, यशोदा देवी, दुर्योधन महतो, संतोष महतो, नवीन महतो, अनुप पाण्डेय, सतीश महतो आदि शामिल थे.

## पेज एक का शेष

### आदिवासियों के विकास के...

**15 नवंबर को पीएम जन मन योजना की मनाएंगे पहली वर्षगांठ :** पीएम ने कहा कि आगामी 15 नवंबर को पीएम जन मन योजना की पहली वर्ष गांठ मनाएंगे. इस योजना के तहत 13500 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास हुआ है. अति पिछड़े आदिवासी इलाकों में बेहतर जीवन के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुविधा का निर्माण किया जाएगा. एक साल में पीएम जन मन योजना ने झारखंड में कई उपलब्धियां हासिल की हैं. इस योजना के तहत झारखंड में अति पिछड़े 950 से अधिक गांवों में जल पहुंचाने का काम पूरा कर लिया गया है. झारखंड में 35 वन धन विकास केंद्रों को स्वीकृति दी गई है.

**सुदूर इलाके मोबाइल कनेक्टिविटी से जुड़ेंगे :** पीएम ने कहा कि सुदूर इलाकों को मोबाइल कनेक्टिविटी से जोड़ने का काम किया जा रहा है. यह विकास और बदलाव आदिवासी समाज को प्रगति का समान अवसर देगा. आदिवासी युवाओं को अच्छी शिक्षा के अवसर मिलेंगे. इसके लिए आदिवासी क्षेत्रों में 40 एकलव्य आवासीय विद्यालयों का लोकापर्ण किया गया है. 25 नए एकलव्य आवासीय विद्यालय की नींव रखी गई है. ये सभी विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे. हर स्कूल के बजट को दोगुना कर दिया गया है.

**झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने का मिला सौभाग्य :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुझे एक बार फिर झारखंड की विकास यात्रा में सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है. कुछ ही दिन पहले मैं जमशेदपुर आया था. जमशेदपुर से मैंने झारखंड के लिए सैकड़ों करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया था. झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के तहत अपना पक्का घर मिला था और अब कुछ ही दिनों के भीतर आज झारखंड में 80 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है. ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं.

### विदाई बेला में हेमंत सरकार ने बढ़ा दी है

**अबुआ आवास और मंईयां योजना भ्रष्टाचार का ठिकाना :** पीएम ने कहा कि गरीब और आदिवासी के नाम पर योजनाओं तो निकालते हैं, पर उनका पैसा भी खा जाते हैं. अबुआ आवास योजना, मंईयां योजना ये सब भ्रष्टाचार का ठिकाना है. प्रदेश सरकार के संरक्षण में पेपर लीक कराने वालों का गिरोह चल रहा है. लाखों रुपए में एक-एक पेपर बेचकर युवाओं का हक मारा जा रहा है. करोड़ों-करोड़ कमाए जा रहे हैं. ये पैसा उनके ऊपर के मालिक तक जाता है. पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. पेपर लीक ने युवाओं की जिंदगी को तबाह कर रखा है. ये सरकार किसी का भला नहीं कर सकती.

**ट्रांसफर-पोस्टिंग है बड़ा उद्योग :** पीएम ने कहा कि अब विदाई होने को है, तो भ्रष्टाचार की स्किल और स्पीड बढ़ा दी है. दो सप्ताह के अंदर काफी ट्रांसफर-पोस्टिंग हुए. इनका बहुत बड़ा उद्योग ट्रांसफर-पोस्टिंग है. इसमें करोड़ों का खेल झामुमो ने किया है. ये खेल ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाला. पाई-पाई का हिसाब होने वाला है. आज झामुमो को वो चला रहे हैं, जो झारखंड की पहचान को बदलना चाहते हैं. कांग्रेस में बैठे इनके आका आदिवासी समाज को अल्पसंख्यक बनाना चाहते हैं. इन्होंने आदिवासी समाज को कभी आगे बढ़ने नहीं दिया.

**तेजी से बदल रही डेमोग्राफी :** बांग्लादेशी घुसपैठियों पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि झारखंड में यो लोग नया वोट बैंक तैयार कर रहे हैं. संताल परगना इसका जीता-जागता सबूत है. डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव हो रहा है. आदिवासी और हिंदुओं की आबादी तेजी से घट रही है. बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. वे यहां की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं. आदिवासी समाज की बेटियां इनके निशाने पर हैं. झारखंड में जनसंख्या संतुलन बिगड़ रहा है. हाईकोर्ट इस मसले पर चिंता जता रहा है. पर झामुमो सरकार इससे इंकार कर रही है.

**रोटी-बेटी-माटी तीनों को बचाने का संकल्प :** पीएम ने कहा कि यह सत्ता पाने की लड़ाई नहीं है. ये लड़ाई रोटी-बेटी और माटी बचाने की लड़ाई है. मैं गारंटी देता हूं की एनडीए की सरकार बनेगी, तो रोटी-बेटी और माटी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी. प्रदेश की जेएमएम सरकार ने पांच साल तक जनता का हक छीना, ये चुनाव में बड़े-बड़े वादे कर धूल झोंकना चाहते हैं. झूठ के दुकानवालों से सावधान रहने की जरूरत है. झूठ की जलेबियां परोसने से पहले पुराना हिसाब तो देते. कांस्टेबल भर्ती के नाम पर युवाओं की मौत हुई, इस सरकार मे असंवेदनशील की सभी सीमाएं तोड़ दीं.

### झामुमो ने पीएम मोदी और भाजपा से ...

2001 में ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटा कर 14 प्रतिशत किसने किया? हेमंत सरकार ने तो इसे पुन: 27 प्रतिशत करने का बिल पास करके भेज दिया है.

सोनम बांगचुक को गिरफ्तार क्यों किया गया? क्या वहां की जमीन अडानी को देने का सौदा नहीं किया है?

प्रधानमंत्री को इनता याद नहीं है कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ? प्रधानमंत्री जी बैंको का राष्ट्रीयकरण जुलाई 1969 में हुआ था और आपने 55 सालों को बैंकों को बेचने का काम नहीं किया?

क्या आज पैसा भेजने, पैसा रखने, पैसा निकालने, पैसा डालने पर पैसा नहीं काटा जाता है?

घुसपैठ और डेमोग्राफी चेंज होने की बात प्रधानमंत्री किस मुंह से कर रहे हैं? क्या केंद्र सरकार बैठकर घंटी बजा रही थी? जब असम इंट्री प्वाइंट है तो वहां के सीएम यहां बैठक झाल बजा रहे हैं, उन्हें तो असम जाकर डुगडुबी बजाकर भगाना चाहिए था.

### सोशल मीडिया से भी दिए जा सकते ...

**कोर्ट सिर्फ पत्नी को न्याय नहीं देती :** हालांकि पत्नी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने तर्क दिया कि भरण-पोषण की मांग में व्यभिचार की दलील नहीं उठाई जा सकती. यह भी तर्क दिया गया कि पति के पास व्यभिचार के दावे को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है. दोनों पक्षों को सुननेके बाद कोर्ट ने माना कि पति अंतरिम भरण-पोषण और मुकदमेबाजी की खर्च के अनुदान के लिए याचिका का विरोध करने के लिए पत्नी द्वारा व्यभिचार की दलील उठा सकता है. कोर्ट ने टिप्पणी की, कोर्ट एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाती है और यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय न केवल पत्नी को दिया जाता है, बल्कि जब पत्नी के आचरण से वैवाहिक दायित्वों का उल्लंघन होता है तो पति पर भी अनावश्यक बोझ नहीं पड़ने देता है.

**मदद** | गांधी जयंती पर खूंटी उपकारा में जेल लोक अदालत का आयोजन

# कैदियों को हर संभव मदद करेगा डालसा : राजश्री अपर्णा कुजूर

संवाददाता। खूंटी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेस कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को उपकारा खूंटी में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गांधीजी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये. साथ ही जेल परिसर खूंटी में स्वच्छता अभियान चलाया गया. मौके पर जेल के बंदियों को स्वेच्छा से श्रमदान के लिए आवेदन देने के प्रेरित किया. गांधी जयंती पर जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया. जेल अदालत में उपस्थित




कैदियों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि वैसे बंदी जो किसी कारण से अपने बेलर की व्यवस्था नहीं करा पाता है या अपने परिवार से मिल नहीं पाता है या किसी कागजात की वजह से बेल कराने में या किसी भी तरह की समस्या हो, तो वे आवेदन के माध्यम से डालसा सेक्रेटरी या कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं उन्हें जितना संभव हो सके निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराई जाएगी.

जितने भी नए कैदी अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर यहां रह रहे हैं और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं तो वह अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए डालसा सचिव एवं कारा अधीक्षक को सूचित कर सकते हैं. व्यवहार न्यायालय की अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी ने कैदियों को संदेश दिया कि अपने अधिकारों को पहचानें और एक भारतीय नागरिक होने के नाते अपने अधिकारों का हनन न होने दें. कार्यक्रम में डीएलएसए के एलएडीसी चीफ अधिवक्ता राजिव कमल, प्रभारी, कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी, उपकारा के बडो बाबू शहजादा खान, डीएलएसए पीएलवी शांति नाग आदि उपस्थित थे. यह जानकारी डीएलएसए सचिव, राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी.

### जयंती पर लोगों ने दी राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि, डीसी बोले-

## बापू के आदर्शों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि

संवाददाता। खूंटी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को खूंटी के दतिया ग्राम में भव्य समारोह का आयोजन कर गांधी चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, सिविल सर्जन सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये. उपायुक्त ने लोगों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों से



प्रेरणा लेने के संदेश दिये और सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई. डीसी ने कहा कि महात्मा गांधी ने ऐसे भारत का सपना देखा था, जो न केवल आजाद हो, बल्कि स्वच्छ और विकसित भी हो. इस अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि स्वैच्छिक रूप से स्वच्छता एवं साफ-सफाई की दिशा में कार्य करेंगे. साथ ही हम सभी अपनी ग्राम पंचायत को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवश्यकता के आधार पर योजना बनाकर कार्य करेंगे. बापू के आदर्शों को अपनाते हुए देश के विकास में उनके बताये गये मार्गों का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है. मौके पर उपायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र, जलसहिया समेत अन्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

▼ न्यूज अपडेट

## पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवड शहर के बावधन बुद्रुक गांव के पास बुधवार को एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया. स्थानीय ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर क्रैश होकर गिरने की सूचना हिंजेवाडी पुलिस कंट्रोल रूम को दी. कंट्रोल रूम को बताया गया कि हेलीकॉप्टर में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं. अंतिम जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर में सवार तीनों व्यक्तियों की मौत हो गई है. जब यह हादसा हुआ, तब यह हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड गोल्फ रिसोर्ट से मुंबई की दिशा में जा रहा था.

## इसराइल ने लेबनान में सैनिक भेजे

**बेरूत/यरुशलम।** इसराइल ने लेबनान में ज़मीन पर सैन्य ऑपरेशन के लिए और सैनिक भेजे हैं. उसने इस ऑपरेशन की घोषणा मंगलवार को की थी. आईडीएफ़ ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में "हिज़्बुल्लाह के ठिकानों पर सीमित और लक्षित कार्रवाई" के लिए "अतिरिक्त बलों" को भेजा जा रहा है. आईडीएफ़ ने कहा कि ये सैनिक ज़मीनी कार्रवाई से जुड़ेंगे. इससे पहले हिज़्बुल्लाह की तरफ़ से दावा किया गया था कि उसने लेबनान में इसराइली सैनिकों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया.

## गाजा में हमले में 9 की मौत, 20 घायल

**गाजा।** इसराइल ने ग़ज़ा में ताज़ा हमला किया है. जिसमें 9 लोगों की मौत की ख़बर है, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं. इसराइली सेना ने 'एक्स' पर लिखा, इसराइली वायु सेना ने ग़ज़ा में हमास के "कमांड और कंट्रोल कॉम्प्लेक्स" पर हमला किया है. इसे अतीत में हाई स्कूल के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था. कहा गया कि हमास अतीत में अल-ब्यूरिज प्रिपरेटरी स्कूल की इमारत रहे इस स्थान को इसराइल पर हमले करने के लिए इस्तेमाल करता है.

## वुहलेदर कस्बे से हटे यूक्रेनी सुरक्षा बल

**कीव।** यूक्रेनी सेना ने बुधवार को कहा कि वह दो साल से अधिक समय से जारी संघर्ष के बाद पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र के वुहलेदर कस्बे से पीछे हट रही है. एसोसिएटेड प्रेस ने यह जानकारी दी. रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी बलों ने दोनेत्स्क क्षेत्र के वुहलेदर कस्बे से पीछे हटने का फैसला लिया है. सेना के खोर्तित्सिया समूह ने एक बयान में कहा कि हाई कमान ने सैन्य कर्मियों और हथियारों को बचाने के लिए वुहलेदर से इकाइयों को पीछे हटने को कहा है. वुहलेदर, दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण था.

## डेरा प्रमुख राम रहीम सिंह जेल से रिहा

**रोहतक।** दुष्कर्म जैसे संगीन मामले में जेल की सजा काट रहे डेरा प्रमुख राम रहीम सिंह को पैरोल पर जेल से रिहा कर दिया गया है. राम रहीम को बीस दिन की पैरोल दी गई है. जेल से रिहा होने के बाद राम रहीम अब यूपी के बरनावा आश्रम में रहेंगे. उन्हें पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच सुनारियां जेल से बाहर लाया गया. सुबह छह बजे से ही जेल के बाहर हलचल बढ़ गई थी और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया था. हालांकि, राम रहीम की पैरोल को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई थी.

## जेएंडके में भाजपा प्रत्याशी का निधन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके सैयद मुश्ताक बुखारी का बुधवार को देहांत हो गया. परिवार के अनुसार, दिल की गति रुकने से उनकी मृत्यु हुई है. वह सुरकोट विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी थे. जम्मू-कश्मीर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए इस निधन पर दुख प्रकट किया. जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सुरनकोट के लिए मतदान हुआ था.

## बदलापुर मुठभेड़ की न्यायिक जांच होगी

**मुंबई।** बदलापुर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में चार साल की दो लड़कियों के यौन शोषण के मुख्य आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर को लेकर विवाद चल रहा है. इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिलीप भोसले की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है. सरकार ने मंगलवार को गजट अधिसूचना जारी की. इसमें कहा गया है कि आयोग अधिनियम, 1952 के तहत मामले की जांच की जाएगी और रिपोर्ट तीन महीने के भीतर पेश करनी होगी.

## अफगानिस्तान में बाढ़ से 13 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में हाल ही में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए. राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने बताया कि बीते 10 दिनों में भारी बारिश की वजह से गजनी, लघमन, नंगरहार, फराह, पकतिया, बादघिस, हेरात और दयाकुंदी प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई. जनान सैक के अनुसार, बारिश और बाढ़ से प्रांतों में भारी संपत्ति की क्षति हुई है. 109 आवासीय घर पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट हो गए.

## गेट्स ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की

**नयी दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस पर एक वीडियो संदेश जारी किया. गेट्स ने कहा कि महात्मा गांधी की जयंती पर मनाए जाने वाले स्वच्छ भारत दिवस पर भारत के लोगों को बधाई. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को एक दशक पहले पूरे देश में खुले में शौच को खत्म करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था. तब से, भारत ने स्वच्छता और सफाई में सुधार के लिए बहुत बड़ी प्रगति की है.

## इजराइल में ईरानी मिसाइलों की बौछार से क्षेत्र में जारी तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंचा



# मध्य-पूर्व में सीधे टकराव की आशंका बढ़ी

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

आखिरकार वहीं हुआ जिसकी आशंका जताई जा रही थी. मध्य पूर्व में जारी तनाव खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है. गूंजती सायरन, चीख-पुकार, सैकड़ों मिसाइलें... ईरानी सेना ने मंगलवार की रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी. हमलों में मुख्य रूप से सैन्य और सुरक्षा एजेंसी को निशाना बनाया गया है. ईरान ने इजरायल पर करीब 180 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी है. प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि मिसाइलें दागकर तेहरान ने बहुत बड़ी गलती की है. इसकी कीमत ईरान को चुकानी पड़ेगी. वहीं आईडीएफ ने साफ किया है कि वह ईरान को बख्शने वाली नहीं है. इन हमलों का जवाब जरूर दिया जाएगा. इसके लिए वक्त और जगह वह खुद चुनेंगे. वहीं ईरान ने कहा है कि इजराइल अगर फिर से कुछ नई चाल चलता है तो उसका जवाब दिया जाएगा. इस बीच, ईरान ने अपने सभी हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया है. हवाई सेवा को रोका गया है. इस बीच नई दिल्ली में इजरायल एंबेसी की सुरक्षा बढ़ाई गई है.

**मोसाद के मुख्यालय के पास गिरी मिसाइलें :** ईरान ने मंगलवार को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों बौछारें कर दी, जिसमें से एक मिसाइल इजराइली खुफिया सेवा मोसाद के तेल अवीव मुख्यालय के पास गिरी. सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में मिसाइल हमले के बाद मोसाद मुख्यालय के पास एक बड़ा गड्ढा दिखाई दे रहा है. ईरान का दावा है कि उसने इजराइल की वायु सेना ने अहम ठिकानों को निशाना बनाया है. जरायली मीडिया ने बताया कि ईरान ने मंगलवार रात इजराइल पर करीब 180 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी. वहीं इजराइल इन हमलों को विफल करने का दावा कर रहा है. आईडीएफ ने कहा कि उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने दागी गईं मिसाइलों में से "बड़ी संख्या" को टारगेट कर पहले ही रोक दिया था.

**इसराइल के सहयोगी देश उसके समर्थन में आए :** ईरानी हमले के बाद यरुशलम के पास एक सुरक्षित बंकर में इसराइल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक हुई. ईरानी हमले पर इसराइल के सहयोगी देश उसके समर्थन में खुलकर आए. अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जापान और फ्रांस ने हमले की निंदा की और इसराइल के साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता जताई. अमेरिका ने कहा कि इसराइल को ईरानी हमले से निपटने में वह मदद करता रहेगा.

## ईरान-इजराइल जंग शुरू हुई तो भारत सहित पूरी दुनिया पर पड़ेगा व्यापक असर

मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल की दुश्मनी में आया नया दौर फिलहाल खत्म होता नजर नहीं आ रहा है. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर ईरान और इसराइल के बीच सीधी जंग शुरू होती है तो इसका भारत पर क्या असर पड़ेगा? इसराइल पर ईरान के हमले के बाद से मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ने की आशंका बढ़ गई है, जिसका सीधा असर तेल की कीमतों पर दिखाई दे रहा है. ये असर आप इस बात से भी समझ सकते हैं कि जब सिर्फ़ ईरान के मिसाइल हमला करने की आशंका जताई जा रही थी, उतनी देर में भी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में तेल की कीमतें क़रीब तीन फ़ीसदी बढ़ गई थीं. ब्रेंट क्रूड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमत बताने वाला बेंचमार्क है. ये एक फ़ीसदी से अधिक बढ़कर 74.40 डॉलर प्रति बैरल हो गया है. मंगलवार को कारोबार के दौरान इसमें पांच फीसदी से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया है. इंडियन काउंसिल ऑफ़ वर्ल्ड अफेयर्स से जुड़े सीनियर फ़ेलो डॉक्टर फ़ज़्ज़ुर्रहमान कहते हैं कि अगर ईरान और इसराइल के बीच जंग शुरू होती है तो भारत के आम नागरिक की जेब पर इसका सीधा असर पड़ेगा. वे कहते हैं, "अगर जंग होती है तो इसका असर सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं



रहेगा, बल्कि यह अफगानिस्तान, इराक, सऊदी अरब, कतर और यूएई तक जाएगा. ये ऐसे देश हैं जहां से बड़े पैमाने पर भारत तेल आयात करता है."

### भारत ने की सभी मसले को बातचीत और कूटनीति से हल करने की अपील

मंगलवार को ईरान के इसराइल पर मिसाइलें दागने के बाद पश्चिमी एशिया में बढ़े ताजा तनाव को लेकर विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा है कि पश्चिमी एशिया में बढ़े संघर्ष की स्थिति से हम बेहद चिंतित हैं. हम सभी पक्षों से एक बार फिर संयम बरतने के लिए कहते हैं और आम लोगों की सुरक्षा की मांग करते हैं. ये ज़रूरी है कि संघर्ष का दायरा बढ़कर पूरे क्षेत्र में न फैले और हमारा ये मानना है कि सभी मसले बातचीत और कूटनीति से हल किये जा सकते हैं.

### ईरान व इजराइल को लेकर भारत ने जारी की एडवाइजरी

भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए ईरान को लेकर ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी. इसमें भारत सरकार की तरफ से कहा गया है कि हम इस इलाक़े में सुरक्षा की स्थिति पर क़रीब से नज़र रख रहे हैं. भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वो ईरान में गैर-ज़रूरी यात्रा करने से बचें. जो अभी ईरान में हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि सतर्क रहें और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें."विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया को लेकर भी एडवाइजरी जारी की है. इसमें लिखा है कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में सुरक्षा की स्थिति को लेकर चिंतित है. इसमें नागरिकों की सुरक्षा के लिए संयम बरतने की अपील की गई है. इससे एक दिन पहले मंगलवार को इसराइल में भारतीय दूतावास की ओर से भारतीय नागरिकों के लिए जारी एडवाइजरी में इसराइल में रह रहे भारतीयों को सतर्क रहने और सुरक्षा से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा गया था.



इजराइल पर ईरान के हमलों का कई देशों में मना जश्न...

इजराइल में ईरान के मिसाइल हमले के बाद तेहरान में लोग सड़कों पर उतरे और जश्न मनाया. पहले से ही कहा जा रहा था कि ईरान के ऊपर अपनी ही जनता का दबाव था कि वो इसराइल के ख़िलाफ़ कुछ करे. इससे पहले इसराइल ईरान को कई मोर्चों पर झटका दे चुका था. मंगलवार देर रात ईरान ने इसराइल की तरफ़ 181 मिसाइलें दागी थीं. इसराइल के प्रमुख शहर तेल अवीव में रातभर सायरन बजते रहे. वहीं ईरान, ग़ज़ा, लेबनान और इराक़ में लोग जश्न मनाने सड़कों पर उतरे. **एजेंसी**

## ईरान बनाम इजराइल : जानिए किसमें कितना दम



इजराइल और हमास के बीच 7 अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ युद्ध अभी भी जारी है. ये जंग रुकी नहीं लेकिन अब इजराइल और ईरान के बीच भीषण जंग छिड़ गई है. नसरल्ला की हत्या का बदला लेने के लिए ईरान ने इजराइल के सैन्य ठिकानों पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलें दागी हैं. वहीं इस हमले के बाद इजराइल ने भी ईरान को कड़ी चेतावनी दी है. इस लड़ाई में दोनों देश अपनी सैन्य क्षमता का भी प्रदर्शन कर रहे हैं. आइये जानते हैं कि इजराइल की सेना कितनी मजबूत है? ईरानी सेना की ताकत कितनी है? दोनों देशों के पास कौन-कौन से हथियार हैं? ग्लोबल फायर पावर संस्था मौजूदा उपलब्ध मारक क्षमता के आधार पर देशों की रैंकिंग जारी करती है. किसी देश के पावरइंडेक्स स्कोर को निर्धारित करने के लिए 60 से अधिक कारकों का उपयोग करके यह रैंकिंग की जाती है.

2024 के लिए जारी ग्लोबल फायर पावर रैंकिंग के अनुसार, ईरान की सैन्य क्षमता दुनिया में 14वीं सबसे बड़ी है. इसका पावरइंडेक्स स्कोर 0.2269 आंका गया है. 0.0000 का स्कोर 'परफेक्ट' माना जाता है. वहीं इजराइल की सैन्य क्षमता दुनिया में 17वें स्थान पर है. इजराइल का पावरइंडेक्स स्कोर 0.2596 है.

**किसके पास कितने सैनिक हैं? :** 8.7 करोड़ आबादी वाले ईरान के पास 56 फीसदी यानी 4.9 करोड़ मैन पावर है. ईरान की सेना में सैनिकों की संख्या 11.80 लाख है. इनमें से 6.10 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी हैं, जबकि रिजर्व कर्मी 3.50 लाख हैं. ईरान में अर्धसैनिक 2.20 लाख, वायु सेना कर्मी 42 हजार, सैन्य कर्मी 3.50 लाख और नौसैनिक 18.5 हजार हैं. इजराइल की आबादी 90 लाख है और इसके पास 42 फीसदी यानी 37 लाख मैन पावर है. इजराइली सेना में सैनिकों की संख्या 6.7 लाख है. इनमें से 1.70 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी हैं, जबकि रिजर्व कर्मी 4.65 लाख हैं. इजराइल में अर्धसैनिक 35 हजार, वायु सेना कर्मी 89 हजार, सैन्य कर्मी 5.26 लाख और नौसैनिक 19.5 हजार हैं.

**दोनों देशों की सेनाओं के पास क्या-क्या है? :** ईरान के सेना के पास कुल 1,996 टैंक का स्टॉक है. इसके अलावा ईरानी सेना के पास 65,765 युद्धक वाहन, 580 स्व-चालित तोपखाना, 2,050 टोड आर्टिलरी और 775 मल्टिपल रॉकेट लॉन्चर आर्टिलरी हैं. वहीं इजराइली सेना (आईडीएफ) के पास कुल 1370 टैंक हैं. इसके अलावा 43,407 युद्धक वाहन, 650 स्व-चालित तोपखाना, 300 टोड आर्टिलरी और 150 मल्टिपल रॉकेट लॉन्चर आर्टिलरी हैं.

**किसकी वायु सेना कितनी ताकतवर है? :** इजराइल और ईरान हजारों मील दूर से अपनी वायु सेना के जरिए संघर्ष कर रहे हैं. ईरान की वायु शक्ति के बात करें तो इसके पास कुल 551 युद्धक विमानों का स्टॉक है. ईरान की वायु सेना के पास 186 लड़ाकू विमान, सात टैंकर बेड़ा, 129 हेलीकॉप्टर और 13 हमलावर हेलीकॉप्टर हैं. वहीं इजराइल के पास कुल 612 युद्धक विमानों का स्टॉक है. उसके पास 241 लड़ाकू विमान, 14 टैंकर बेड़ा, 146 हेलीकॉप्टर और 48 हमलावर हेलीकॉप्टर हैं.


**दोनों देशों की नौसेनाओं की शक्ति क्या है? :** ईरान की नौसेना के पास कुल 101 हथियार हैं. इसके पास सात फ्रिगट (मध्यम आकार के युद्धपोत), तीन कार्वेट (छोटे आकार के युद्धपोत), 19 पनडुब्बियां और 21 गश्ती जहाज हैं. वहीं इजराइली नौसेना के पास कुल 67 हथियार हैं. इसके पास 145 विमान वाहक, सात कार्वेट, पांच पनडुब्बियां और 45 गश्ती जहाज हैं.

**श्रद्धांजलि** गांधी और शास्त्री जयंती पर संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोले ओम बिरला

# वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में गांधी दर्शन अधिक प्रासंगिक

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को संसद भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में गांधी और शास्त्री की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के अलावा कई वर्तमान एवं पूर्व सांसदों



सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की.

इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने राजघाट पर महात्मा गांधी और विजय घाट पर लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए. गांधी जयंती के अवसर पर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया. लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह और लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान में भाग लिया. बिरला ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर बिरला ने सेंट्रल हॉल में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को संबोधित भी किया.

### डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने स्वच्छ भारत मिशन पर पीएम मोदी की प्रशंसा की

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए, स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ पर सरकार के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने इस पहल के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला, जो स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र को आगे बनाने के लिए विभिन्न समुदायों को संगठित करता है. घेब्रेयसस ने अपना परिचय 'तुलसी भाई' के रूप में देते हुए कहा कि मैं स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ मनाने में आपकी मदद करने पर गौरवान्वित हूं, यह दर्शाता है कि कैसे मजबूत राजनीतिक प्रतिबद्धता सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में परिवर्तनकारी बदलाव ला सकती है. भारत की सरकार ने संसाधनों को जुटाकर, लोगों को इकट्ठा करके और इसमें शामिल करके खुले में शौच को समाप्त करने और एक स्वच्छ, स्वस्थ राष्ट्र को बनाने के लिए एक आंदोलन शुरू किया. यह कार्यक्रम स्वच्छता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाला बन रहा है.

# मैं टीपू सुल्तान की तरह देश के लिए लड़ते हुए शहीद होना पसंद करूंगा

- इमरान ख़ान ने हिज़्बुल्लाह और हमास नेताओं का ज़िक्र कर पाक सरकार पर साधा निशाना

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ख़ान ने हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह और हमास नेता इस्माइल हनिया की मौत पर दुख जताते हुए पाकिस्तान सरकार पर निशाना साधा है. इमरान ने कहा कि इन दोनों नेताओं ने अपने-अपने देश की रक्षा के लिए ख़ुद को क़ुरबान कर दिया. एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने लिखा कि मैं बहादुर शाह ज़फ़र की तरह मरने से बेहतर टीपू सुल्तान की तरह अपने



देश के लिए लड़ते हुए शहीद होना पसंद करूंगा. मैं टीपू सुल्तान जैसी मौत के लिए ख़ुदा से दुआ करता हूं.

उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान में इस वक्त पीडीएम सहित गैंग ऑफ़ थ्री हर सरकारी संस्थान को अपना ग़ुलाम बनाने की साज़िश रच रही है. केवल सुप्रीम कोर्ट बचा है, जिसे वो असंवैधानिक संशोधनों से अपने अधीन करने की कोशिश कर रहे हैं. इमरान ख़ान ने अपनी पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान में अब क़ानून का शासन नहीं रहा, कोई जवाबदेही नहीं है. उन्होंने पोस्ट में लिखा कि जो भी सत्ता में हैं, उनकी संपत्ति विदेश में है इसलिए वो अपने निजी लाभ और सत्ता के लिए सरकारी संस्थाओं को नष्ट कर रहे हैं. इमरान ने पाकिस्तान के लोगों से कहा कि वो उन्हें आज़ाद कराने के लिए कोशिश कर रहे हैं. इमरान खान ने लिखा कि मैंने ये क़ुरबानी केवल आपकी आज़ादी के लिए दी है. अब आपके लिए अपने निजी हित से ऊपर उठकर सोचने का वक़्त है और देश के भविष्य के लिए विरोध करने के हर आह्वान के लिए आगे आएं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)